CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 24°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 10 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 178 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिशः राहुल
पेज 2



टेस्ट रैंकिंग में 15 स्थान की लम्बी छलांग के साथ छठे नंबर पर पहुंचे शुभमन गिल
खेल टाइम्स



ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा
सम्पादकीय



दावाः पूर्व पीएम शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का दिया था आदेश
पेज 2

# योगी ने छांगुर बाबा को दी जल्लाद की संज्ञा



**कहाः राष्ट्रविरोधी व समाज विरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे**

आजमगढ़, वार्ता

**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाज विरोधी व राष्ट्रविरोधी कार्रवाई में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की ओर इशारा करते हुए कहा कि मंगलवार को बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया है।

वह जल्लाद हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन अब ऐसे तत्वों के साथ सख्ती की जा रही है। हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे और राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को भी चकनाचूर करके रहेंगे।

## छांगुर बाबा की कोठी में छह जर्मन शेफर्ड व घोड़े मिले, कोठी पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, बाथरूम से विदेशी सामान बरामद

**बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी पर दूसरे दिन भी बुलडोजर चला। बलरामपुर में प्रशासन की टीम बुधवार सुबह 10 बजे कोठी में पहुंची। जहां लाल निशान लगा, उसे तोड़ना शुरू कर दिया। कोठी के अंदर एक मिनी पावर हाउस मिला है। बाथरूम में भी विदेशी ब्रांड के सामान मिले। इसके अलावा, कोठी के अंदर एक घोड़ा भी बंधा मिला। तहसीलदार राजेंद्र बहादुर ने बताया कि मंगलवार और बुधवार दो दिन की कार्रवाई में 1500 स्क्वायर फीट में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। 2041 स्क्वायर फीट में हुए निर्माण को प्रशासन ने अवैध बताया था। अभी 500 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण गिराया जाना बाकी है, जिसे गुरुवार को गिराया जाएगा। छांगुर बाबा ने 6 जर्मन शेफर्ड कुत्ते भी पाल रखे थे, जिन्हें गांव वाले उठा ले गए थे। हालांकि, जब पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी, तो गांव वालों ने कुत्ते वापस सौंप दिए। 3 बीघे में करीब 3 करोड़ की लागत से बनी कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं। इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को प्रशासन ने अवैध बताया है।

## ट्रेड यूनियनों के भारत बंद का नहीं दिखा खास असर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ और विभिन्न मांगों को लेकर प्रमुख ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का बुधवार को देशभर में मिलाजुला असर रहा। पश्चिम बंगाल और केरल में इस बंद का ज्यादा असर देखा गया और कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रही। बंद का आह्वान दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया था। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित इस बंद के तहत कुछ वाम संगठनों ने राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। दिल्ली में बंद का खास असर नहीं दिखाई दिया और यहां बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे एवं सड़कों पर वाहन भी सामान्य रूप से चलते रहे। एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल और केरल में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला, वहीं भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों और उससे संबद्ध ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के दौरान ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन में भारी व्यवधान हुआ।

## एनआईए ने लश्कर से जुड़े मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े उग्रवादी की जेल में मदद करने के आरोप में जेल के मनोचिकित्सक और एक पुलिस अधिकारी सहित तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के मुताबिक बेंगलुरु और कोलार जिलों में पांच स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद मंगलवार को ये गिरफ्तारियां हुईं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान केंद्रीय कारागार, परप्पाना अग्रहारा, बेंगलुरु के मनोचिकित्सक डा. नागराज, सिटी आर्म्ड रिजर्व पुलिस के सहायक पुलिस निरीक्षक चांद पाशा और एक फरार आरोपी जुनैद अहमद की मां अनीस फातिमा के तौर पर की गई है। एजेंसी के अनुसार छापेमारी में आरोपियों और अन्य संदिग्धों के घरों से डिजिटल उपकरण, नकदी, सोना और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

## युद्धपोत 'निस्तार' नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली।** गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चलाने में सक्षम स्वदेशी युद्धपोत निस्तार नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है। देश की प्रमुख शिपयार्ड कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने विशाखापत्तनम में नौसेना को यह युद्धपोत सौंपा। इस युद्धपोत को भारतीय नौवहन के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है और यह गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चला सकता है। इसके साथ ही भारतीय नौसेना यह क्षमता हासिल करने वाली दुनिया की चुनिंदा नौसेनाओं में शामिल हो गई है। इस युद्धपोत का नाम 'निस्तार' संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या मोक्ष है।

## जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश, दोनों पायलटों की मौत

**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान राजस्थान के चुरू के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई। वायुसेना ने कहा है कि यह विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। वायुसेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# ब्रिक्स से चिढ़ गए ट्रम्प

## भारत समेत ब्रिक्स देशों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएगा अमेरिका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों पर एक अगस्त से 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने आरोप लगाया ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए बनाया गया था। जो भी ब्रिक्स में हैं उन्हें 10 फीसदी टैरिफ देना होगा। अमेरिकी डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वाले को बड़ी कीमत चुकानी होगी। ट्रम्प ने कहा कि डॉलर राजा है, हम इसे ऐसे ही रखेंगे। मैं बस इतना कह रहा हूं कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वे कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी वो कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि ब्रिक्स मेंबर होने की वजह से भारत को भी 10 फीसदी टैरिफ देना होगा, किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। ब्रिक्स ने इसकी आलोचना की है और इसे डब्ल्यूटीओ नियमों के खिलाफ बताया है। ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार समझौते की बात भी की। यह समझौता इस महीने ही या ट्रम्प की भारत यात्रा के दौरान हो सकता है। इस समझौते के तहत दोनों देश 2030 तक आपसी ट्रेड को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। इसमें खेती और डेयरी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे। अमेरिका अपने कृषि उत्पादों, मेडिकल इक्विपमेंट और इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स पर कम टैरिफ चाहता है, जबकि भारत टेक्सटाइल एक्सपोर्ट के लिए बेहतर मौके चाहता है। ट्रम्प ने पिछली सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि उनकी वजह से अमेरिका को नुकसान हुआ। ट्रम्प ने कहा कि मेरे पहले टर्म में सैकड़ों अरब डॉलर के टैरिफ जमा हुए। तब कोई महंगाई नहीं थी, वह देश का सबसे सफल आर्थिक समय था। मुझे लगता है कि इस बार और बेहतर होगा। हमने अभी शुरू भी नहीं किया और 100 अरब डॉलर से ज्यादा के टैरिफ जमा हो चुके हैं। कुछ देश निष्पक्ष व्यापार चाहते हैं, कुछ बिगड़ गए हैं। सालों से उन्होंने अमेरिका का फायदा उठाया है। अगर अमेरिका के पास पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता, तो आपका स्टैंडर्ड गिर जाता, यहां डॉलर नहीं होता। यह एक वर्ल्ड वॉर हारने जैसा होगा। मैं ऐसा नहीं होने दे सकता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि एक अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे। इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। टैरिफ का मकसद निष्पक्षता लाना है, लेकिन अगर कोई देश निष्पक्ष समझौता करना चाहे, तो बातचीत हो सकती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या एक अगस्त की डेडलाइन फिक्स है, तो ट्रम्प ने कहा कि मैं कहूंगा पक्की है, लेकिन 100 फीसदी नहीं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- डॉलर राजा है, इसे चुनौती देने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी**



# गुजरात में महिसागर नदी पर पुल गिरा, 13 लोगों की मौत

वडोदरा, वार्ता



**गुजरात में** वडोदरा जिले के पादरा क्षेत्र में बुधवार को महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल के अचानक ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई और अन्य छह घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि वडोदरा-आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा पुल का एक हिस्सा सुबह अचानक ढह गया, जिससे वहां से गुजर रहे चार वाहन नदी में गिर गए। उन्होंने बताया कि अब तक 13 लोगों के शव नदी से बाहर निकाले गए हैं और अन्य छह लोगों को बचा लिया गया है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मोदी ने गुजरात हादसे में मरे लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा जिले में पुल के ढहने से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुजरात के वडोदरा ज़िले में एक पुल के ढहने से हुई जनहानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

**■ मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद का ऐलान**

# उत्तराखंड में बादल फटा

**■ अयोध्या में घर, वाराणसी में घाट डूबे प्रयागराज में चार मौतें**

**नई दिल्ली।** यूपी में बुधवार को भारी बारिश हुई है। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई।

वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है। उत्तराखंड में मानसून जमकर बरस रहा है। मंगलवार को चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई। एसडीआरएफ ने बताया कि जनहानि की सूचना नहीं है। सर्च जारी है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है।

## पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर जिला के जंगल से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद कर एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हरविंदर रिदा की एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

# उदयपुर फाइल्स के खिलाफ तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने किया इन्कार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल टेलर मर्डर' की रिलीज के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से बुधवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर तत्काल विचार करने से इन्कार किया, लेकिन उनकी ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वो 14 जुलाई को (गर्मी की छुट्टियों के बाद) अदालतें फिर से सामान्य रूप से खुलने पर मामले का उल्लेख कर सकते हैं। जावेद उदयपुर के 2022 को कन्हैया लाल तेली हत्याकांड के आरोपियों में शामिल है। उसने 11 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है।

## तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एनआईए कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। वहीं, एनआईए ने बुधवार को राणा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट 13 अगस्त को इस चार्जशीट पर सुनवाई करेगी। ये राणा के खिलाफ दूसरी चार्जशीट है।

# वोटर लिस्ट में कोई गैर भारतीय नहीं रहेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ स्क्रीनिंग का बिहार मॉडल पूरे देश में लागू करने की तैयारी, अगला नंबर असम और बंगाल का**

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची की स्क्रीनिंग पर मचे राजनीतिक कोहराम के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) ने साफ किया है कि यह कवायद देश के हर राज्य में की जाएगी। इसमें घर-घर जाकर मतदाताओं की पुष्टि की जाएगी।

इसके जरिये ईसीआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कोई गैर भारतीय वोटर लिस्ट में न रहे। आयोग के सूत्रों ने बताया कि अगली बारी उन राज्यों की है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी शामिल हैं। बिहार में चुनाव के बाद इन राज्यों में अभियान चलाया जाएगा। इस कवायद की असली परीक्षा असम और पश्चिम बंगाल में होगी। यहां बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी पर पहले से राजनीति गरमाई हुई है। 2029 से पहले सभी राज्यों में स्क्रीनिंग करने की योजना अगले फेज में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर का नंबर है। यहां 2027 में चुनाव हैं। सूत्रों ने बताया कि 2029 में लोकसभा चुनाव से पहले सभी राज्यों की वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग पूरी करने की योजना है। 2028-29 में 17 राज्यों के चुनाव हैं। वहीं, विपक्ष ने आयोग के फैसले पर सवाल उठाते हुए आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) और विपक्षी पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि नागरिकता तय करना आयोग का नहीं, सरकार का काम है। स्क्रीनिंग के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे दस्तावेज मान्य नहीं हैं, जबकि बिहार के 90 फीसदी लोगों के पास यही हैं। लाखों लोग दूसरे राज्यों में जाते हैं। यह उनके लिए बड़ी चुनौती है। मामले 10 जुलाई को सुनवाई होनी है।

# भारत-नामीबिया ने रक्षा तथा सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**विडहोक/नई दिल्ली।** नामीबिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नामीबियाई राष्ट्रपति डा. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने बुधवार को यहां वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा और रक्षा तथा सुरक्षा सहित विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

वार्ता के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा और मैंने आज अपनी वार्ता के दौरान भारत-नामीबिया संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की।

## मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

**विडहोक/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया है।

### संक्षिप्त समाचार

#### खास मौकों पर लगाएं आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में पेड़: आनंदीबेन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लोगों से पेड़ लगाने की अपील करते हुए कहा कि जन्मदिन या शादी की सालगिरह जैसे खास मौकों पर आंगनबाड़ी केंद्रों या स्कूलों में जाकर बच्चों को मिठाई बांटें और पेड़ लगाएं। इससे समाज में नए संस्कार जन्म लेंगे और आपके खास दिन की याद भी लंबे समय तक बनी रहेगी। श्रीमती पटेल बुधवार को भारतीय सेना की बम विस्फोटक कंपनी परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम शामिल होने आई थी। उन्होंने परिसर में पीपल नीम और बरगद के पौधे लगाए। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मजबूती देने की अपील की। उन्होंने वहां उपस्थित सभी बच्चों को चॉकलेट दिए। राज्यपाल ने कहा कि आज बच्चों को चिड़ियां दिखाने के लिए घरों में घोंसला बनाकर रखना पड़ता है।

#### उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त: अजय राय

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। बलात्कार, हत्या, डकैती और छिनैती की घटनाओं पर योगी सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी जौनपुर के तत्वावधान में आयोजित कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में राय ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकारी स्कूलों को बंद कर शिक्षकों की नौकरियों के अवसर खत्म किए जा रहे हैं, जिससे पढ़ा-लिखा नौजवान हताश और बेरोजगार होता जा रहा है।

## दावा: हसीना ने दिया था प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश

### तख्तापलट से पहले अफसर से बातचीत का आडियो लीक, बोलीं- जहां दिखे, गोली मार दो

**ढाका, वार्ता**



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का एक अज्ञात सरकारी अफसर से बातचीत का आडियो लीक हो गया है।

बीबीसी ने आडियो की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि पिछले साल तख्तापलट से पहले पूर्व पीएम ने छात्र प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। फोन काल पर शेख हसीना ने कहा कि मैंने उन सभी को आज रात गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। सबको कह दिया गया है, जहां भी आपको वे (प्रदर्शनकारी) दिखें, उन्हें पकड़ लीजिए। मैंने अब खुला आदेश जारी कर दिया है। अब वे घातक हथियारों का उपयोग करेंगे। वे जहां भी दिखेंगे, उनको गोली मार देंगे। बीबीसी के मुताबिक, यह आडियो 18 जुलाई, 2024 को ढाका में बांग्लादेशी पीएम के आवास से की गई एक फोन काल के दौरान रिकार्ड किया गया था। 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। हसीना का आडियो इस साल मार्च में लीक हुआ बीबीसी ने पुलिस दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि इस काल के बाद, ढाका में मिलिट्री-ग्रेड राइफलों का इस्तेमाल किया गया। जुलाई 2024 में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 1400 लोग मारे गए थे।

पूर्व प्रधानमंत्री पर प्रदर्शनों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध का भी आरोप है। शेख हसीना की यह फुटेज 5 अगस्त, 2024 की है, जब वे हेलिकाप्टर से देश छोड़कर भाग गई थीं। पीएम पद छोड़कर भारत भाग गई थीं हसीना बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम को लेकर छात्रों का बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था।

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी सड़कों पर

### कार्यालय/कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांके. तिक हड़ताल की।

उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने कार्यालय/ कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजी. नियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ़



इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि केंद्र सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में और खास कर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए और केंद्र सरकार से मांग की है कि विद्युत मंत्रालय इस मामले में पहल कर उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का निर्णय निरस्त करवाना सुनिश्चित करें। बिजली नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई, तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे और देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने रौंपे पौधे

## आठ साल में हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला: योगी

**अयोध्या, वार्ता**



■ कहा: पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में हरित क्रांति के जरिये हीटवेब को ग्रीनवेव में बदलने का काम किया है।

योगी ने यहां रामपुर हलवारा में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया। अयोध्या की पवित्र भूमि पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है।

योगी ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को योगी ने धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उन्होंने वैदिक उद्घोष 'माता भूमि पुत्रों पृथिव्या' का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सच्चा पुत्र वही है, जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है। इस अभियान के तहत प्रदेशवासियों ने सुबह 7 बजे से ही उत्साह के साथ पौधरोपण शुरू किया। योगी ने कहा कि यह अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। पेड़ हमें प्रदूषण, सांस की बीमारियों और कार्बन उत्सर्जन के दुष्प्रभावों से बचाएंगे। मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि और बादल फटने जैसी घटनाएं अनियोजित विकास का परिणाम हैं। उन्होंने अमेरिका के टेक्सास में हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां अचानक आई बाढ़ में सैकड़ों बच्चे लापता हो गए। योगी ने जोर देकर कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है।

### वृक्षारोपण महाअभियान: उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुआ

**लखनऊ।** पर्यावरण संरक्षण और धरा को हरा भरा बनाए रखने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश में पौधारोपण महाभियान-2025 बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ शुय हुआ और दोपहर 12 बजे तक पूरे प्रदेश में 17 करोड़ 57 लाख से अधिक पौधे रोपे जा चुके थे। एक पेड़ मां के नाम 2.0' थीम पर एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य के अधिसंख्य इलाकों में सुबह से ही पौधरोपण का सिलसिला शुय हो गया। नदियों, तालाबों, एक्सप्रेस वे, राजमार्ग के किनारे और पार्कों में वृक्षारोपण अभियान में युवाओं के अलावा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़ का हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह अयोध्या में हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन के उपरांत दशरथ पथ पर स्थित रामपुर हलवारा गांव गए और 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौध रोपण किया।

## बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिश: राहुल

**पटना, वार्ता**



■ कहा: महाराष्ट्र में ऐसा कर चुके हैं, चुनाव आयोग के कमिश्नर भाजपा-आरएसएस की तरह बात कर रहे

राहुल गांधी बुधवार को पटना में महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए। बिहार में वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग को लेकर विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं। यहां राहुल ने आरोप लगाया कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं। उन्हें (भाजपा) पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है। राहुल ने कहा कि आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो। राहुल बोले कि विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोटर बढ़े राहुल ने कहा कि कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की। कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गई।



सेंसेक्स 83625.89
निफ्टी 25424.35



सोना रु. 96085
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107500
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में सीमित कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी में गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

स्थानीय शेयर बाजारों में देश विदेश की आर्थिक परिस्थितियों के मिले-जुले संकेतों के बीच सीमित कारोबार में बुधवार को हल्की गिरावट दर्ज की गई। मुंबई बाजार का संवेदी सूचकांक 176.43 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83536.08 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 46. 40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत नीचे खिसक कर 25476.10 पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में तनाव और अमेरिका में विभिन्न देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क की



घोषणाओं से निवेशक रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाए हुए हैं, लेकिन घरेलू बाजारों में मुद्रास्फीति में कमी, अवसंरचनात्मक विकास परियोजनाओं में निवेश तथा ग्रामीण मांग में सुधार के संकेतों से स्थानीय बाजार में भरोसा बना हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सुबह गिरावट के साथ 83,625.89 पर खुला और ऊपर में 83,781.36 तथा नीचे में 83,382.28 तक गया। कल बाजार 83,712.51 पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार में अधिकतर समय एक सीमित लाभ में रहने के बाद आखरी दौर में बिकवाली का दबाव बढ़ने से बाजार नीचे चला गया। बीएसई में 13 शेयरों में 0.17 प्रतिशत से 1.40 प्रतिशत के दायरे में लाभ हुआ, जबकि 17 शेयरों में 0.06 प्रतिशत से 2.03 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बीएसई में लाभ में रहे शेयरों में बजाज फाइनेंस (1.40 प्रतिशत), हिंदुस्तान लीवर (1.24 प्रतिशत) और अल्ट्रासेमको (0.90 प्रतिशत) प्रमुख हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, मारुति, एनटीपीसी और कोटक बैंक भी लाभ में रहे। घाटे में रहे शेयरों में एचसीएल टेक 2.03 प्रतिशत गिरा जबकि टाटा मोटर्स का शेयर 0.06 हानि में बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एसबीआई, टाइटन, इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, अदानी पोर्ट, एलएंडटी, रिलायंस और टाटा स्टील जैसे शेयरों में भी घाटा हुआ। एनएसई का निफ्टी 50 सुबह 25,514.60 पर खुल का ऊपर में 25,548.70 और नीचे में 25,424.35 तक गया। एनएसई में कुल 3030 शेयरों में खरीद फरोख्त हुई, जिनमें 1477 लाभ में और 1455 हानि में बंद हुए निफ्टी बैंक 0.07 प्रतिशत और निफ्टी.100 0.16 प्रतिशत की गिरावट से बंद हुए, निफ्टी मिडकैप 0.13 प्रतिशत नीचे रहा।

### सोना 887 कम होकर 96,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.07 लाख रुपये किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार 9 जुलाई को गिरावट रही। 24 कैरेट सोने का दाम 887 कम होकर ҕ96,085 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 96,972 पर था। वहीं चांदी की कीमत 220 कम होकर ҕ1,07,280 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,500 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150, मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, भोपाल- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,050।

## डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे नरम

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका में तांबे और औषधियों पर आयात शुल्क बढ़ाने के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ट्रड ईआई की घोषणाओं, भारत-अमे. रिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं और वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में सुधार के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में बुधवार को करीब आठ पैसे की गिरावट दर्ज की गई।

रुपया आज प्रति डालर 85.7979 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि अमेरिकी मुद्रा कल 85.7188 के स्तर पर थी। बुधवार को एशियाई बाजारों के कारोबार की अवधि में अमेरिकी डॉलर सूचकांक बढ़कर 97.55 के आसपास पहुंच गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह तांबे के आयात पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि दवा और अन्य चुनिदा क्षेत्रों पर शुल्कों में और भी भारी वृद्धि कर सकते हैं। इस बीच फारेक्स बाजार में कारोबारियों को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति निर्धारक समिति की फेड ओप मार्केट कमेटी (एमओएमसी) की पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण के प्रकाशन का इंतजार है। इसमें बाजार फेड की भविष्य की ब्याज दर नीति की संभावनाओं की तलाश करेगा। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 0.070 प्रतिशत की तेजी के साथ 67.63 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। एक समय यह 67.93 तक चढ गया था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) जिंस एवं विदेशी विनिमय बाजार जतिन त्रिवेदी ने बाजार पर टिप्पणी में कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की बातचीत जारी रहने की खबरों और अमे. रिका में बढ़े हुए शुल्कों को लागू करने का समय बढ़ाने की संभावना से संभलने में मदद मिली है। उनकी राय में आने वाले समय में रुपये के प्रति डालर 85.30 से 86.20 के दायरे में रहने की संभावना है।

## मुख्तार अंसारी की जमीन पर ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण होगा

■ डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) दिवंगत मुख्तार अंसारी के आवास की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 72 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण शुरू करेगा।

लखनऊ के डालीबाग इलाके में प्राइम लोकेशन पर यह जमीन मुख्तार अंसारी और उनके परिवार की थी, लेकिन इसे ध्वस्त कर दिया गया और यह इलाका गरीबों के लिए ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) फ्लैट बनाने के लिए एलडीए को दे दिया गया। 72 फ्लैटों के लिए पंजीकरण अगले महीने शुरू होगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि माफिया ने डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था। जिस जमीन पर यह इमारत बनी थी वह मुख्तार के बेटों के नाम थी। 2020 में जमीन मुक्त होने के बाद एलडीए ने करीब दो साल में प्रधानमंत्री योजना के 72 फ्लैट बनाए। मुख्तार अंसारी ने पाकिस्तान गए लोगों की संपत्ति हड़पकर अपने परिवार के सदस्यों के नाम आलीशान मकान बनवा लिया था। ये संपत्तियां सरक. ारी थीं और इन्हें शत्रु संपत्ति के तौर पर चिन्हित किया गया था। जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,327.54 वर्ग फीट है और एलडीए ने तीन मंजिला मकान बनाए हैं। एक फ्लैट की औसत कीमत 4.50 लाख रुपये है। सूत्रों का कहना है कि मुख्तार अंसारी ने पहले फरहत अंसारी के नाम से डालीबाग में बिना नक्शे के मकान बनवाया था। बाद में एलडीए ने फर्जी कागजात के आधार पर नक्शा पास करा लिया। नक्शा वर्ष 2007 में पास हुआ था, लेकिन 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद अवैध प्रक्रिया का पता चला।

## एल्कोबेव सेक्टर से यूपी को 56 हजार करोड़ का राजस्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में एक्लोबेव सेक्टर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यूपी के एल्कॉहलिक बेवरेज उद्योग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान मार्केट रेवेन्यु में 56 हजार करोड़ रुपए का योगदान दिया, जो राज्य के जीडीपी का 2.4 फीसदी है।

इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएस डब्ल्यूएआई) ने बुधवार को प्रदेश के एल्कॉहलिक बेवरेज (एल्कोबेव) उद्योग पर अपनी पहली व्यापक रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की है। बिल्डिंग पाथवेज फॉर फ्यूचर इन्वेस्टमेंट्स एंड ग्रोथ एल्कोलिक बेवरेजेस इंडस्ट्री इन उत्तर प्रदेश नाम की इस रिपोर्ट में राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार, कृषि, पर्यटन और औद्योगिक विकास में एल्कोबेव उद्योग की बहुआयामी भूमिका को रेखांकित किया गया है।

रिपोर्ट के विमोचन के अवसर पर आबकारी विभाग के राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक विकास एवं सार्वजनिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिशील एवं पारदर्शी एक्साइज प्रणाली के निर्माण की दिशा में प्रतिबद्ध है। आईएसडब्ल्यूएआई यूपी इकोनॉमिक रिपोर्ट 2025 नौकरियों के सृजन से लेकर गांवों की प्रगति एवं पर्यटन के विकास तक इस उद्योग के बहु-आयामी योगदान को दर्शाती है। यह उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप भावी नीतियों को आकार देने में कारगर होगा। एक्साइज कमिशनर, डा. आदर्श सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश ने एक्साइज डोमेन में बड़े एवं प्रगतिशील सुधार किए हैं। पारदर्शिता को अपनाकर, पारम्परिक एकाधिकार को समाप्त कर, डिजिटल प्रशासन और प्रतिस्पर्धी एवं निवेशक अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देकर प्रदेश ने दीर्घकालिक मूल्य सृजन की मजबूत नींव तैयार की है। आईएसडब्ल्यूएआई के सीईओ संजीत पाधी ने कहा कि यह उद्योग राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश एक आर्थिक पावरहाउस के रूप में बदल रहा है और एल्कॉहलिक बेवरेज सेक्टर इस यात्रा में महत्वपूर्ण पार्टनर है। आईएसडब्ल्यूएआई यूपी इकोनॉमिक रिपोर्ट 2025 उत्तर प्रदेश के एल्कोबेव उद्योग का पहला व्यापक अध्ययन है, जिसे एल्कोबेव कंपनियों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और विश्वस्तरीय स्रोतों जैसे इंटरनेशनल वाइन एंड स्पिरिट रिसर्च (आईडब्ल्यूएसआर) के सहयोग से विकसित किया गया है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 827280080C

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें।

### गोरखनाथ की मूर्ति खंडित

# ग्रामीणों ने दिया धरना, तान्त्रिक ओमपाल गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम घिस्सूखेड़ा म्हाड़ी परिसर में स्थापित गोरखनाथ बाबा की मूर्ति को किसी ने खंडित कर दिया सुबह जैसे ही घटना की जानकारी गांव में फैली, ग्रामीण और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में म्हाड़ी परिसर में एकत्र हो गए। उन्होंने तत्काल धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मूर्ति को खंडित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरन्त सीसीटीवी और अन्य माध्यमों से जांच की और गांव के ही तान्त्रिक ओमपाल उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया। जिसने बताया कि तंत्र विद्या के कारण उसने मंदिर में खण्डित करने का कार्य किया है।

सूचना पर एसडीएम सदर निर्कि. कता शर्मा,सीओ सदर,तहसीलदार सदर व अन्य अधिकारियों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं नई मूर्ति जल्द लगवाने का आश्वा. सन देकर धरने को समाप्त कराया।

चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम घिस्सूखेड़ा में म्हाड़ी परिसर में स्थापित गोरखनाथ बाबा की मूर्ति को किसी ने खंडित कर दिया सुबह जैसे ही घटना की जानकारी गांव में फैली ग्रामवासियों में रोष फैल गया। सूचना पर चरथावल प्रभारी जसवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही नई मूर्ति की स्थापना जल्द ही विधिवत रूप से कराने का भरोसा दिया।लेकिन ग्रामवासी नहीं माने और उन्होंने मंदिर परिसर में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

वही सूचना पर त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान, भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी, अर्चित आर्य,जकिराज आदि मौके पर पहुंच गए और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर सीओ सदर देवव्रत वाजपेयी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वही धरना प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा,तहस. ीलदार सदर राधेश्याम गौड़ अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं नई मूर्ति जल्द लगवाने का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया था।

## तेज बारिश से खेत खलियान और तालाब हुए लबालब

**मुजफ्फरनगर।** सावन माह की आहट होते ही मुजफ्फरनगर जिले में आज मूसलाधार बारिश होने से खेत खलियान और तालाब पानी से लबालब हो गये, लेकिन शहरों और कस्बों में जलभराव की विकट स्थिति बनने से लोग खासे परेशान भी हुए। शाम 4 बजे आकाश घने काले बादलों से भर गया और राहगीरों को बचाव का कोई मौका दिये बिना इतनी तेज बारिश शुरू हुई कि हर राहगीर भीग गया। बारिश कई घंटे तक जारी रही और चारो ओर पानी ही पानी दिखाई देने लगा। शहर के हालात ऐसे हो गये कि लोग खुद को बेबस महसूस करते रहे। निचले इलाकों में पानी लोगों के घरों और दुकानों में भी घुस गया। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने खेत खलियानों और तालाबों को जहां लबालब कर दिया है, वहीं तापमान भी गिरकर मौसम को सुहावना बनाने में सफल रहा। रात्रि में भी बारिश जारी रही। बारिश के कारण कांवड़ यात्रा मार्ग पर फिर से छोटे बड़े गड्ढे बन रहे है। पिछले दिनों जो गड्ढे भरवाये गये थे वह पुन: पहले से बड़े नजर आने लगे हैं। बारिश के कारण कई क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी गुल रही।

### मैजिक की टक्कर से मासूम छात्र घायल

**मोरना।** मोरना-जानसठ मार्ग पर सड़क से गुज़र रहे मासूम छात्र को टाटा मैजिक वाहन ने टककर मार कर घायल कर दिया। घायल छात्र को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी इरशाद का छ: वर्षीय पुत्र अबू बकर बेहड़ा सादात में मोरना-जानसठ मार्ग पर स्थित एक पब्लिक स्कूल में एलकेजी कक्षा में पढ़ता है। बुधवार को छुटी के बाद वह स्कूल से पैदल ही बेहड़ा बस अढे की ओर आ रहा था। तभी तेज गति से आ रहे एक टाटा मैजिक ने उसे पीछे से चपेट में ले लिया।जिससे अबू बकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची संस्थागत आपात सहायता टीम के सदस्यों ने घायल छात्र का प्राथमिक उपचार किया। छात्र को उपचार के लिए एम्बुलेंस द्वारा भोपा सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने टाटा मैजिक को कब्जे मे लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

# पालिका बनाएगी अपनी गौशाला, स्मार्ट शहर बनेगा मुजफ्फरनगर

### अपर निदेशक स्थानीय निकाय ने टाउनहाल पहुंचकर मांगे प्रस्ताव

**मुजफ्फरनगर।** अपना शहर में जल्द ही स्मार्ट सिटी के रूप में निखरता नजर आएगा, इसके लिए शासन की योजना पर पालिका प्रशासन ने एक बड़ी कार्ययोजना बनाने के लिए कवायद की है। इसमें शासन द्वारा तय किये गये 24 बिन्दुओं पर विकास की संभावनाओं को तलाशने के लिए नगर विकास विभाग ने प्रस्ताव मांगे हैं, जिनकी जमीनी हकीकत को परखने के लिए स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ के अपर निद. ेशक ने मुख्यालय पहुंचकर समीक्षा बैठक करने के साथ ही स्थलीय निरीक्षण किया। कांवड़ की तैयारियों को देखा और वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण में हरित शहर के संकल्प की पूर्ति के लिए दिशा निर्देश दिये।



उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की बड़ी नगरपालिका परिषद्ों को भी अब स्मार्ट सिटी के रूप में विक. सित करने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए नगर विकास विभाग की ओर से चिन्हित निकायों में गेप एनालेसिस के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर विकास की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को स्थानीय निकाय निदेशालय के अपर निदेशक डॉ. असलम अंसारी ने नगरपालिका परिषद् मुख्यालय टाउनहाल पहुंचकर अधिशासी अधिकारी कार्यालय में बिन्दूवार समीक्षा की। इसमें उन्होंने शहर में अपनी गौशाला, स्मार्ट एवं डिजीटल रिकॉर्ड रूम, स्मार्ट रोड, स्मार्ट पार्क, मल्टीलेवल पार्किंग, ऑडिटोरियम, प्रदर्शनी केन्द्र, महिलाओं के लिए सी-लॉन्ज, साइनेज बोर्ड, पथ प्रकाश, पेयजलापूर्ति और स्वच्छता कार्य को लेकर बिन्दूवारी समीक्षा करते हुए पालिका के विकास कार्यो को भी परखने का काम किया। साथ ही पालिका के नये भवन के निर्माण के लिए आवश्यकता को भी समझने का प्रयास किया। यहां पालिका को अपनी गौशाला बनाने के लिए भी कहा गया, जिस पर ईओ ने कान्हा गौशाला योजना में स्वीकृति पाने के लिए की गई कार्यवाही की जानक. ारी दी और बताया कि शासन ने सीएनडीएस को इसकी धनराशि जारी की थी, लेकिन काम नहीं हुआ, अब पालिका ने यह पैसा वापस मांगा है। जल्द ही जनकपुरी स्थित पालिका की भूमि पर गौशाला बनाने का काम करायेंगे। अभी पालिका नवीन मंडी स्थल पर नंदी गौशाला एवं ट्रीटमेंट सेंटर ही चला रही है, जिसमें 50 पशु रखने की क्षमता है।

अपर निदेशक के समक्ष ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने पालिका के द्वारा कराये गये कुछ प्रमुख कार्यो के साथ ही प्रस्तावित विकास योजना को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि स्मार्ट पार्क के रूप में पालिका मुख्यमंत्री नगरोदय योजना में कमला नेहरू वाटिका को एक थीम पार्क के रूप में विकसित करने जा रही है। इसके लिए शासन से सीएनडीएस जल निगम को 3.33 करोड़ रुपये का बजट मिला है। इसके साथ ही पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोधर के रूप में मोती झील को विकसित किया जा रहा है। शहरी सौन्दर्यकरण में चाट बाजार और अस्पताल पर बंद कूड़ा डलावघर की कार्ययोजना को प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि यहां सेल्फी प्वाइंट और अन्य कार्य पर 90 लाख खर्च करने का प्लान है।

ईओ डॉ. सिंह ने बताया कि अभी तक केवल निगमों को ही स्मार्ट सिटी योजना से आच्छादित किया गया है, लेकिन अब प्रदेश सरकार ने कुछ बड़ी पालिकाओं को भी स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है, इसके लिए गेप एनालेसिस कराया जा रहा है। इसमें विकास के लिए 24 बिन्दू निर्धारित किये गये हैं, जिन पर आज अपन निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ डॉ. असलम अंसारी ने मुख्यालय पहुंचकर समीक्षा करते हुए शहरी विकास और आवश्यकताओं की संभावनाओं को परखने का काम किया। इसके लिए 13 जुलाई तक पालिका स्तर से प्रस्ताव बनाकर निदेशालय को भेजने के निर्देश दिये गये हैं। इसमें सम्बंधित अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना के साथ प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दे दिये गये हैं। अपर निदेशक ने पालिका अधिकारियों के साथ टाउनहाल स्थित पार्क में वृक्षारोपण भी किया और समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने कांवड़ मार्ग मदीना चौक से मीनाक्षी चौक का निरीक्षण किया। शिव चौक पहुंचकर व्यवस्था परखी और कांवड़ के दौरान शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार व्यवस्था पर जोर दिया। कमला नेहरू वाटिका का भ्रमण करते हुए वहां थीम पार्क प्रोजेक्ट की जानकारी ली।

समीक्षा बैठक में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के अलावा एई जल सुनील कुमार, एई निर्माण नैपाल सिंह, एएसए डॉ. अजय प्रताप शाही, जेई निर्माण कपिल कुमार, राजीव सोनकर, जेई जल जितेन्द्र सैनी, सीएसएफआई योगेश गोलियान, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, डीपीएम एसबीएम सुशील कुमार, आईटी प्रियेश कुमार, लिपिक एसबीएम आक. ाशदीप, लिपिक संपत्ति शोभित कुमार आदि मौजूद रहे।

### न्याजूपुरा के जंगल से तमंचाधारी युवक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली पुलिस ने न्याजुपुरा रोड स्थित जंगल से एक युवक को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। बुधवार को रामलीला टिल्ला चौकी प्रभारी मोहित सहरावत को मुखबिर की सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक अवैध तमंचा लेकर न्याजुपुरा रोड पर घूम रहा है और किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। न्याजुपुरा के जंगल की तरफ जाने पर खाली पड़े प्लाट में खड़े युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। आरोपित ने अपना नाम हर्ष उर्फ काला निवासी हसीना वाली गली मुहल्ला रामलीला टिल्ला बताया। पूछताछ करने पर बताया कि उसने कुछ पहले ही राह चलते व्यक्ति से खरीदा था। पुलिस का कहना है कि आरोपित का अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## सभासद ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कंपनी की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए नई कंपनी की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान उठाते हुए भाजपा सभासद ने ही पालिकाध्यक्ष से शिकायत की है। उनका कहना है कि जिन शर्तो के आधार पर नई कंपनी जेएस एनवायरो सर्विसेज के साथ अनुबंध किया गया था, उनका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अपने वार्ड में समस्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वो खुद अपने वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करायेंगे और हर महीने पालिका को टिपिंग फीस के रूप में पांच हजार रुपये का भुगतान भी करेंगे। उन्होंने पालिकाध्यक्ष से उनके वार्ड से कंपनी की व्यवस्था को हटाने का आग्रह करते हुए कहा कि पूरा शहर कूड़ाघर बना हुआ है। वहीं पालिकाध्यक्ष ने सभासद की शिकायत का गंभीर संज्ञान लेकर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को फटकार लगाते हुए जनहित में सभासदों से समन्वय बनाकर अनु. बंध का पालन करने के निर्देश दिये हैं।

नगरपालिका परिषद् ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए नई दिल्ली की जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. के साथ तीन साल के लिए नया अनुबंध किया है। कंपनी शहर के सभी 55 वार्डो में सेकेंड्री और प्राईमरी प्वाइंट पर कार्य कर रही है। कूड़ा डलावघर और घर-घर कूड़ा निस्तारण कंपनी की जिम्मेदारी है। वार्ड 25 दक्षिणी कृष्णापुरी से भाजपा सभासद राजीव शर्मा कंपनी की कार्यप्रणाली से काफी नाराज हैं। उन्होंने पालि. का अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप को पत्र लिखकर कंपनी पर शर्तो के अनुरूप कार्य नहीं करने के आरोप लगाये हैं। पत्र में कहा गया कि हर वार्ड में कंपनी ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए दो गारबेज टिपर वाहन लगाने का वादा किया था, लेकिन उनके वार्ड में एक ही गाड़ी भेजी जा रही है और वो भी प्रतिदिन तीन या चार गलियों में ही होकर चली जाती है, जिससे लोगों में रोष बना हुआ है और इस समस्या के कारण पालिका बोर्ड की छवि भी धूमिल करने का काम कंपनी के लोग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वो अपने वार्ड में कंपनी की गाड़ी नहीं चाहते, उनको हटवा लिया जाये और वो खुद ही अपने संसाधन से घर-घर कूड़ा कलेक्शन कराने के साथ ही प्रत्येक माह सितम्बर से पालिका को टिपिंग फीस के रूप में पांच हजार रुपये का भुगतान करने को तैयार हैं। कंपनी के लोग एक दो गलियों में कार्य के फोटो खींचकर पालिक. ाध्यक्ष को भी भ्रमित कर रहे हैं, जबकि पूरा शहर कूड़ाघर बना दिया गया है।

सभासद की शिकायत पर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने गंभीर रूप से संज्ञान लेकर कंपनी जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. के प्रोजेक्ट मैनेजर नीतेश चौधरी को तत्काल तलब करते हुए फटकार लगाई और निर्देश दिए।

### खतौली में परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

## ओवरलोड व नियम विरुद्ध वाहन सीज, 4.68 लाख रुपये जुर्माना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** परिवहन विभाग ने बुधवार को खतौली तहसील क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ओवरलोड और कागजी गड़बड़ियों वाले वाहनों को सीज कर दिया। इस दौरान कुल 4.68 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। चेकिंग अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुशील कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान कुल पांच ओवरलोड वाहन तथा दो विद्यालयी वाहन पकड़े गए, जिनके आवश्यक दस्तावेज समाप्त पाए गए। सभी सात वाहनों को मौके पर ही सीज करते हुए कुल 4,68,980 रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया। सुशील मिश्रा ने कहा कि ओवरलोडिंग व दस्तावेजों की अनियमितता सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। स्कूल वाहनों की लापरवाही बच्चों की सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ है, जिस पर विभाग विशेष निगरानी रख रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे सघन चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के वाहन चालकों और मालि. कों में हड़कंप मच गया। अधिकारी ने अपील की कि वाहन चालक और मालिक नियमों का पालन करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई झेलने को तैयार रहें।

## श्री अखंडानंद आश्रम में चोरी, चोर ट्रेडमिल मशीन ले उड़े

### पुलिस जांच में जुटी, जल्द खुलासे का आश्वासन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गंगनहर किनारे फुलत मार्ग स्थित श्री अखंडानंद आश्रम में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर आश्रम परिसर से ट्रेडमिल मशीन चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और रोष जताया।

बताया गया कि आश्रम में रखी गई यह ट्रेडमिल मशीन विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा योगाभ्यास हेतु उपलब्ध कराई गई थी। प्रतिदिन प्रात: कार्यकर्ता यहां योग और आसनों का अभ्यास करते हैं। आश्रम में निवासरत पंडित पुष्पेश ने बताया कि जब वे सुबह मुख्य द्वार खोलने पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था और ट्रेडमिल मशीन गायब मिली।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक नंदकिशोर शर्मा व विनय शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच प्रारंभ कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना की जानकारी पर केशव अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, अजय गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने आश्रम में हुई चोरी को आस्था पर चोट बताया और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

चोरी की इस घटना से आश्रम समिति के पदाधिकारी ही नहीं, बल्कि स्थानीय श्रद्धालुओं में भी रोष व्याप्त है। सभी ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और चोरी गए सामान की जल्द बरामदगी की मांग की है।

### दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज न होने पर भीम आर्मी का धरना

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव जड़ौदा में 12 वर्षीय नाबालिक के साथ हुए दुष्कर्म की घटना में मुकदमा दर्ज न होने पर रोष व्यक्त करते हुए जय भीम भीम आर्मी संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पीड़ित परिवार दर्जनों महिलाओं को लेकर देर रात भी धरने पर बैठ गए।

ताराचन्द वैदिक पुत्री (पी.जी.) कालेज, मुजफ्फरनगर
माँ शकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बन्ध एवं NCTE & AICTE से मान्यता प्राप्त
B.Ed
सत्र-2025-27
न्यूनतम फीस-उत्कृष्ट शिक्षा
नगर के मध्य स्थित एकमात्र महिला महाविद्यालय
प्रवेश हेतु नि: शुल्क काउंसलिंग।
एससी एसटी छात्राओं को छात्रवृत्ति के आधार पर प्रवेश।
मेधावी छात्राओं को शुल्क में विशेष छूट।
अनुभवी व योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण।
पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत प्लेसमेंट की सुविधा।
पता नई मण्डी, निकट बालाजी धाम, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करे:- 9760008988, 9917000198

### त्यागी ऑटो पाट्र्स के सामने मिला युवक का शव

**खतौली।** कस्बे के जीटी रोड स्थित त्यागी ऑटो पाट्र्स के सामने उस समय सनसनी फैल गई जब एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी खतौली पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा की गई पहचान में मृतक की शिनाख्त संजय पुत्र भोला, निवासी गांव उटवाला, जिला अलवर द्धराजस्थानत्र के रूप में हुई है।पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं, वहीं पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' मंत्री कपिल ने किया वृक्षारोपण

**मुज़फ्फरनगर।** बेगराजपुर इंडस्ट्रियल एरिया में आज एक अत्यंत प्रेरणादायी और जन-सहभागिता से परिपूर्ण वृक्षारा. ेपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना एक पेड़ मां के नाम 2.0 और उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारा. ेपण महाअभियान 2025 के तहत संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री ( कपिल देव अग्रवाल ने स्वयं पौधारोपण कर अभियान की अगुवाई की और उपस्थित जनसमूह को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

मंत्री कपिल देव ने अपने संबा. ेधन में कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाना केवल पर्यावरणीय उत्तरदायित्व नहीं, अपितु यह मां के प्रति हमारी श्रद्धा और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आज का पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की नींव है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह अभियान केवल एक दिन की गति. विधि बनकर न रह जाए, बल्कि एक जन-आंदोलन के रूप में हर गांव, मोहल्ला और शहर तक पहुँचे। उन्होंने कहा किष्चलें सब मिलकर इस हरियाली यज्ञ में भागीदार बनें। अपने माता-पिता, पूर्वजों और आने वाली पीढ़ियों के सम्मान में एक पौधा जरूर लगाएं।



यही हमारी संस्कृति है, यही हमारी ज़िम्मेदारी है।इस आयोजन ने पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ ही वृक्षारोपण को जनांदोलन का रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया।कार्यक्रम में मण्डलायुक्त अटल राय, भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक जी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, मा. विधायक राजपाल बलियान, सुरेंद्र अग्रवाल , पवन गोयल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, अधिका. रियों एवं सामाजिक संगठनों ने भी भाग लेकर इस अभियान को सार्थकता प्रदान की।

## न्यूमैक्स सिटी में रोपित छायाधार पौधों की परवरिश करेगा गोयल परिवार

**मुजफ्फरनगर।** प्रबुद्ध जन मंच एवं रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिटाउन द्वारा एक पेड़ मां के नाम, कार्यक्रम न्यू मैक्स सिटी मेरठ रोड पर आयोजित किया गया, जिसमें अनेक गणमान्य लोगों के साथ दोनों संस्थाओं के सदस्यों ने 100 से अधिक पौधे लगाए ,सभी सदस्यों ने अपनी मां को समर्पित करते हुए पौधा लगाया और यादगार के लिए इस पर अपनी मां के नाम की प्लेट लगाई, प्रबुद्ध जन मंच के अध्यक्ष निशांक जैन ने कहा कि हम पिछले कई साल से पौधे लगाते आ रहे हैं लेकिन यहां लगाने का लाभ यह है की रोटेरियन सुनील गोयल एम डी न्यूमैक्स सिटी ने आश्वस्त किया है कि वह इन सभी पौधों की देखभाल आजीवन करेंगे।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप ने भी प्रबुद्ध जनमंच के संरक्षक डॉक्टर पंकज जैन के साथ अपनी माता जी की स्मृति में पौधा लगाया , डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ चेयरमैन श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज ने अपनी दिवंगत पत्नी स्वर्गीय श्रीमती आभा कुलश्रेष्ठ की स्मृति में पौधा लगाया,अति विशिष्ट अतिथि जॉइंट कमिश्नर जीएसटी सिद्धेश चंद्र दीक्षित एवं एडिशनल कमिश्नर ग्रेट 2 अरुण कुमार सिंह रहे ,उन्होंने भी अपनी माता को समर्पित पौधा लगाया कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर पंकज जैन ,पंकज कुमार जैन गांधी टेंट, एडवोकेट तुषार गुप्ता ,अतुल अग्रवाल ,रीना जैन एवं रीना अग्रवाल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ा योगदान दिया ,प्रबुद्ध जन मंच के वरिष्ठ सदस्य पंकज कुमार जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम से सभी सदस्यों को यह पुनीत कार्य करने का अवसर मिला एवं इस से अनेक लोगों को प्रेरणा मिलेगी, अपने संबोधन में मंत्री कपिल देव ने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बहुत ही अच्छा अभियान शुरू किया, तेजी से बढ़ती हुई आबादी और कम होती हरियाली चिंता का विषय है सभी को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझ कर इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए, अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि मेरी माता जी और मेरे मेरी सास दोनों ही इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनके नाम की प्लेट लगाते हुए यह पौधा लगाना मेरे लिए बेहद भावुक क्षण है ,रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिड टाउन के अध्यक्ष सुशोभ बिंदल सचिव रोटेरियन गौरव गोयल कोषाध्यक्ष दीपक सिंघल प्रबुद्ध जन मंच के सचिव पवन कुमार गोयल एवं कोषाध्यक्ष विनय सिंघल के अथक परिश्रम से यह कार्यक्रम सफल हुआ।





# खतौली के चार युवक दिल्ली पुलिस की हिरासत में

## विदेश से खातों में आई लाखों की रकम, गांव भूड़ में मचा हड़कंप

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन ठगी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए खतौली क्षेत्र के गांव भूड़ से चार युवकों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि इन युवकों के बैंक खातों में विदेश से ठगी की बड़ी रकम डाली गई थी। दिल्ली पुलिस ने लगातार दो दिनों तक गांव में दबिश देकर इन चारों को गिरफ्तार किया और अपने साथ दिल्ली ले गई। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में खतौली में डेरा डाले हुए है।

सूत्रों के अनुसार, यह साइबर ठगी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले एक नेटवर्क का हिस्सा है, जिसे खतौली का ही एक युवक विदेश से संचालित कर रहा है। बताया जा रहा है कि इसी युवक ने दिल्ली की एक महिला को ठगी का शिकार बनाकर उसके खाते से लाखों रुपये उड़ाए, जिसे बाद में गांव भूड़ के युवकों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। पीड़ित महिला द्वारा दिल्ली पुलिस को शिकायत दिए जाने के बाद मामले की जांच शुरू हुई। जांच में जब ठगी की रकम के ट्रांजेक्शन ट्रेस किए गए, तो उसके तार खतौली के इन चार युवकों से जुड़े पाए गए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन चारों को गिरफ्तार कर लिया। गांव में दिल्ली पुलिस की दबिश और गिरफ्तारी के बाद अफरा-तफरी का माहौल है। पकड़े गए युवकों के परिवारों का कहना है कि उनके बेटे निर्दोष हैं और उन्हें फर्जी मामले में फंसाया गया है। वहीं, पुलिस का दावा है कि युवकों के बैंक खातों से लाखों रुपये की ठगी की रकम बरामद की गई है और इनसे पूछताछ के आधार पर नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। दिल्ली पुलिस की टीम ने बुधवार को गिरोह के सरगना, जो कि विदेश में बैठा बताया जा रहा है, के घर भी दबिश दी, लेकिन वह मौके से फरार मिला। दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। इस पूरे मामले पर जब खतौली कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस की दबिश की उन्हें जानकारी नहीं है, लेकिन वे मामले की जानकारी लेकर जांच कराएंगे। ऑनलाइन ठगी के इस मामले ने एक बार फिर साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे और गांवों तक इसकी पहुंच पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब इस गिरोह की जड़ तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है।

## वरिष्ठ पत्रकार सत्यपाल गुप्ता का निधन, मीडिया जगत में शोक की लहर

**खतौली।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं खतौली संदेश तथा दैनिक सत्य दर्पण के संपादक श्री सत्यपाल गुप्ता का लम्बी बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया। उनके निधन की खबर से मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई। वे जमनाविहार क्षेत्र के निवासी थे और लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा में नगर के सैकड़ों समाजसेवी, शुभचिंतक और मीडिया कर्मियों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्मशान घाट पर उनके पुत्र अरुण गुप्ता ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आशुतोष मिश्रा, विनीत शर्मा, डॉ. के.एस. भोग्यान, आरिफ सिद्दकी, नवनीत शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, विशाल कौशिक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री गुप्ता के निधन को पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। सभी ने उनके सरल, सादगीपूर्ण एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के योगदान को याद करते हुए गहरी संवेदना प्रकट की।

# वेदांता पब्लिक स्कूल में हर बच्चे ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण महा अभियान 2025 की अपील को आगे बढ़ते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सृजित करने हेतु बच्चों द्वारा अधिक से अधिक पौधे आरोपित किए गए । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा चलाए गए इस अभियान में ष्एक पेड़ मां के नाम 2.0 26 राजकीय विभागों एवं 25 करोड़ नागरिकों की सहभागिता से 9 जुलाई 2025 को एक ही दिन में 37 करोड़ पौधे रोपण का लक्ष्य रखा गया । इस अभियान में विद्यालय के बच्चों, प्रबंधक, प्रधानाचार्य व अध्यापक ख्अध्यापिकाओं द्वारा औषधीय गुणों से युक्त पौधे जैसे नीम,अर्जुन, बेल, आंवला ,अशोक , बबूल, कैथा,इमली ,पीपल , बरगद,करौंदा ,नींबू, गुड़हल ,अनार आदि प्रजातियों का रोपण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य जी ने बच्चों को बताया कि यह पेड़ पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाने में हमारी मदद करते हैं। अतः हम सभी को



समय-समय पर पेड़ पौधे लगाने चाहिए और उनका ध्यान रखना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने बच्चों को पेड़ पौधे का महत्व बताते हुए कहा कि आप भी संकल्प लें कि हम अपनी धरती को हरा भरा बनाएंगे और वृक्षारोपण को अपने जीवन का एक अभिन्न अंग बनाएंगे। उन्होंने कहा धरती हमारा घर है और पेड़ पौधे इस घर के फेफड़े। आज हम जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक असंतुलन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं तब वृक्षारोपण का महत्व और भी बढ़ जाता है ।

विद्यालय की को ऑर्डिनेटर सुनीता सैनी ,कीर्ति रानी व कामाक्षी शर्मा ने वृक्षारोपण के बारे में बताते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल पेड़ लगाने तक सीमित नहीं है यह प्रकृति के साथ हमारे संबंध को मजबूत करने ,अपनी धरती को हरा भरा बनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का एक पुनीत कार्य है ।

# हमले में भटूरे बेचने वाला घायल

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के जनकपुरी निवासी सुभाष चंद्र ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि उसका बेटा राहुल नगर कोतवाली क्षेत्र के जिला चिकित्सालय के बाहर छोले भटूरे की रेहड़ी लगाता है। उसके बगल में ही राजू पुत्र ब्रह्मचंद भी छोले भटूरे की रेहड़ी लगाता है। आठ जुलाई की दोपहर लगभग 12 बजे राहुल की रेहड़ी पर ग्राहक खड़े थे।

जिन्हें राजू अपनी दुकान पर बुलाने लगा। इस पर राहुल ने विरोध जताया तो आरोपित गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि जब उसे गाली देने से मना किया तो राजू ने पीड़ित के सिर पर राड से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में गहरी चोट आई है। आरोपित हमला करने के बाद मौके से फरार हो गया। नगर कोतवाल उमेश रोरिया का कहना है कि राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और तलाश की जा रही है।

# सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं : योगेंद्र

**मुजफ्फरनगर** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय संपर्क कार्यालय पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा द्वारा की गई आज शिवसेना छोड़कर अखिल भारत हिंदू महासभा में वरिष्ठ हिंदूवादी नेता अमरीश त्यागी शामिल हुए योगेंद्र वर्मा ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे पुराना धर्म है कहा कि हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है की पूरी दुनिया में कोई भी हिंदू राष्ट्र नहीं है जिस प्रकार अब सावन के पवित्र माह में विश्व की सबसे बड़ी कावड़ यात्रा शुरू होने जा रही हैं उसमें कुछ अधर्मी लोग नीचे हरकतें करने पर खुले हुए हैं ऐसे लोगों के लिए हमारे मान्य हिंदू हृदय सम्राट उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी महाराज द्वारा जो निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं उनका पालन करना पुलिस का ही नहीं हमारा भी धर्म है अखिल भारत हिंदू महासभा का 13 अं विशाल कावड़ सेवा शिविर का आयोजन 13 जुलाई से किया जा रहा है जिसका समापन शिवरात्रि के पावन दिन 23 जुलाई 2025 को होगा इस अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष ने कहा कि यह कावड़ सेवा शिवा उत्तर प्रदेश का दूसरा सबसे लंबा चलने वाला कावड़ सेवा शिविर है जिसमें निशुल्क भोजन प्राथमिक चिकित्सा विश्राम चाय नाश्ता की व्यवस्था की जाती है।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भोपा।** क्षेत्र के गांव से किशोरी को बहला फुसलाकर अपहरण के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी तेजलहेडा निवासी अबू सूफियान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से गायब हो गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। कार्यवाहक थाना प्रभारी शिवकुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने भोपा गंगनहर पटरी से किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय में बयान के लिए भेज दिया है।

# थाने के पास हाईस्कूल छात्र से मारपीट, सिर में लगी गंभीर चोट

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली ।** क्षेत्र के अंतवाड़ा गांव निवासी मोनू का पुत्र लविश, जो शिशु शिक्षा निकेतन हाईस्कूल में पढ़ाई करता है, स्कूल की छुटी के बाद घर लौटते समय हमले का शिकार हो गया। यह घटना खतौली थाने से कुछ ही कदम की दूरी पर हुई, जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। पीड़ित छात्र लविश ने बताया कि जैसे ही वह थाने के सामने पहुंचा, वहां पहले से घात लगाए तीन अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया और सिर पर किसी कठोर वस्तु से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल छात्र को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अज्ञात हमलावरों की तलाश जारी है। घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि थाने के इतने पास हुई वारदात से सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।?

# गरीब अब्दुल इलाज कराने को खा रहा दर दर की ठोकरें

**बुढ़ाना।** कस्बे के कर्बला रोड के निवासी अब्दुल लतीफ नाम के एक वृद्ध के इलाज में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग कितनी लेट लतीफी कर रहा है इसकी एक बानगी पीड़ित वृद्ध के चेहरे से दिखाई दी। आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना गरीब वृद्ध का इलाज नहीं कर रहा है। जिसके चलते सीएचसी पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी सरकार के निर्देशों का माखौल उडा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में सरकारी हस्पतालों में अब गरीबों को सरकारी इलाज का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब्दुल लतीफ नामक वृद्ध इसकी एक बानगी है। जिसमें अब्दुल लतीफ के पेट में काफी तकलीफ है और उसका पेट फूला हुआ है लेकिन बेचारा वह पैसों के अभाव में अपना ईलाज किसी अच्छे डाक्टर से नहीं करा पा रहा है। इस आस को लिए कि सरकारी हस्पताल में उसका इलाज फ्री में हो जाएगा मगर सीएचसी के अधिकारियों और कर्मचारियों की भ्रष्टता के कारण वह अपना इलाज कराने को दर दर की ठोकरें खा रहा है।

अगर देखा जाए तो इस समय स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक हैं जो कि कड़क बताए जाते हैं लेकिन यहां के सरकारी चिकित्सकों को भी इस बात का खौफ नहीं है। अब्दुल लतीफ के नाम पर सीएचसी का स्टाफ आंखें मूंदे हुए हैं। बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला करबला रोड निवासी लगभग 65 साल के अब्दुल लतीफ पुत्र बारु खान काफी लंबे समय से पेट की बीमारी जलोदर को लेकर बीमार चल रहे हैं। पहले तो वह अपने इलाज के लिये बुढ़ाना सीएचसी में गये। जहां पर सीएचसी पर तैनात डॉक्टरों ने उनको मुज़फ्फरनगर जिला अस्पताल के लिज रेफर कर दिया। जब पीड़ित बुजुर्ग मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल गये तो वहां से उनको कह दिया गया कि तुम्हारा इलाज नहीं होगा। फिर उसके बाद वह बुढ़ाना समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें लताड़कर भगा दिया। अब बेचारा पीड़ित लतीफ अपने इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। इस संबंध में जब सीएचसी प्रभारी डाक्टर अर्जुन सिंह से उनका वर्जन जानना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# विद्योतमा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत विद्योतमा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंगधाड़ी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव संजीव कुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. कविता वर्मा, समस्त शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ सहित छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण को संरक्षित रखने की शपथ भी ली। महाविद्यालय को शासन द्वारा जो वृक्षारोपण का



लक्ष्य प्रदान किया गया था, उसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. कविता वर्मा, प्रियांका वर्मा, स्नेहा, सुनीता, कमलेश, रोहित राठी, संजय कुमार, संजीव कुमार, शक्ति सिंह एवं रामकिशन का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कविता वर्मा ने कहा कि वृक्ष धरती का आभूषण हैं और इनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण मिल सकेगा। सचिव संजीव कुमार शर्मा ने सभी को इस पुनीत कार्य में भागीदारी के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# वन विभाग ने चंधेडी रोड पर लगाए पेड़

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के चंधेडी रोड पर स्थानीय वन विभाग से समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हारुण अली सिद्दीकी द्वारा स्वीकृत कराए गए विभिन्न प्रकार के एक सौ पेड़ एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत लगवाए गये और उनके पालन पोषण का भी जिम्मा लिया गया।

सभी ने यहां पर चंधेडी रोड को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। सपा नेता हारुण अली सिद्दीकी ने इस दौरान बताया कि आज पेड़ों की कमी ज्यादा होती जा रही है। जिसके कारण हम सभी को ऑक्सीजन की मात्रा कम ही मिल पा रही है और पशु व पक्षियों की संख्या घटती जा रहीं है इसलिए आप सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। पेड़ ज्यादा लगेंगे



तो पशु पक्षियों को बढ़ावा मिलेगा। जल स्तर बढ़ेगा। वातावरण शुद्ध होगा। समय अनुसार वर्षा होगी। आज हम जो हीट वेब का सामना कर रहे हैं उससे बचेंगे। आप सभी से विनती है कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। यहां पेड़ लगाओ और पेड़ बचाओ का नारा देते हुए अन्य ग्रामीणों से भी विभिन्न तरह के पेड़ लगवाए गए। इस मौके पर मुख्य रुप से रालोद नेता आरिफ सिद्दीकी और वनध दारोगा अंशीलाल सहित वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# खूंखार कुत्तों ने आज फिर दो लोगों को काटा

**मीरापुर।** कस्बे में आवारा और खूंखार कुत्तों का आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। आए दिन ये कुत्ते राह चलते लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। कुछ दिन पूर्व मोहल्ला लाडोवाला कुआं क्षेत्र में विद्युत संविदा कर्मी नाजिम को एक आवारा कुत्ते ने काट लिया था। मंगलवार को नाजिम की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसे पानी से डर लगने लगा। डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद पता चला कि नाजिम को रेबीज हो गया है। उसे तत्काल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ।

इस घटना के बाद कस्बेवासियों का गुस्सा और डर दोनों ही बढ़ गए। मोहल्ले में बच्चों, युवाओं और बाइक सवारों पर कुत्तों द्वारा हमले की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने कई बार नगर पंचायत से इसकी शिकायत की, जिसके बाद नगर पंचायत ने इस गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई का निर्णय लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष जमील अहमद ने जानकारी दी कि आवारा और हमलावर कुत्तों को पकड़ने के लिए सफाई कर्मचारियों की एक टीम को जाल और आवश्यक उपकरणों के साथ रवाना किया गया। सबसे पहले लाडोवाला कुआं क्षेत्र में यह अभियान शुरू किया गया, जहां बड़ी संख्या में खूंखार कुत्तों को पकड़ा गया। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने इस कार्य की जमकर सराहना की। व्यापारी डब्बू गोयल ने कहा कि यह कार्य अत्यंत आवश्यक और सराहनीय है। नगर पंचायत ने जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कुत्तों के आतंक से मुक्ति दिलाने का ठोस कदम उठाया है। अध्यक्ष जमील अहमद ने बताया कि यह अभियान एक सप्ताह तक चलेगा, जिसमें पूरे कस्बे से आवारा और खूंखार कुत्तों को पकड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि नगर पंचायत जल्द ही एक प्रस्ताव पारित करेगी, जिसके तहत ऐसे कुत्तों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए नियमित अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत मीरापुर के इस प्रयास की खुले दिल से प्रशंसा की है और आशा जताई है कि यह अभियान कस्बे को कुत्तों के आतंक से पूरी तरह निजात दिलाएगा।

# मियावाकी पद्धति से किए एक हजार पौधे रोपित



**मुजफ्फरनगर।** वृक्षारोपण महा अभियान के अन्तर्गत दिनांक 09.07.2025 दिन मंगलवार को जिला आबकारी विभाग व श्रम प्रवर्तन विभाग की उपस्थिति में मियावाकी पद्धति से अलग अलग प्रकार के एक हजार पेड़ो का वृक्षारोपण किया गया ।

इस अवसर पर अमित कुमार कुशवाह प्रभारी आबकारी निरीक्षक, इकाई व मिस शालू राणा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी,मु.नगर, भारत सिंह, आसवनी सहायक महाप्रबंधक, राकेश कुमार तिवारी, मानव संसाधन एवं विधिक प्रमुख, मोहित कुमार,वरिष्ठ अधिकारी अग्नि और सुरक्षा , दिनेश बंसल ,सहायक प्रबंधक सी बी जी यूनिट,विवेक कुमार शर्मा, मनोज कुमार, संजीव सेठ, हरमिन्दर सिंह, विश्वजीत त्यागी, प्रदीप शर्मा, अशोक त्यागी, निजी सचिव एवं समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# कांवड़ सेवा शिविर का अनिल मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**भोपा।** भोपा क्षेत्र में शिवभक्तों का आना आरम्भ हो चुका है। महाशिवरात्रि के अवसर पर काँवड़ यात्रा के दौरान क्षेत्र से गुजरने वाले शिवभक्तों की सेवा के लिये गंग. नहर पटरी पर भाकियू टिकैत द्वारा आयोजित काँवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने हवन पूजन के उपरांत फीता काटकर किया।

भोपा क्षेत्र के गांव निरगाजनी झाल पर भाकियू टिकैत द्वारा प्रत्येक वर्ष शिवभक्तों की सेवा के लिए योगेश शिवाच के नेतृत्व में नि:शुल्क कांवड सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है। बुधवार को काँवड़ सेवा शिविर के शुभारंभ के अवसर पर हवन पूजन हुआ, जिसमें मंत्रोच्चारण के बीच आहुति




प्रदान की गयी। जिसके उपरान्त उ0प्र0 सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने फीता काटकर शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में शिवभक्तों की सेवा के लिये नि:शुल्क भोजन, नाश्ता, चिकित्सा व विश्राम की व्यवस्था की गयी है। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में शिवभक्त हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर भोपा गंगनहर पटरी से गुजरते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाकियू के सहारनपुर मण्डल अध्यक्ष योगेश शर्मा, बिट्टू प्रधान, सर्वेन्द्र उर्फ मिन्टू राठी, ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी, पंकज मलिक, संजय, संदीप, रविराज, धर्मेन्द्र, दिनेश, राहुल शिवाच, वासु, वंशित शिवाच, शिवम शिवाच, कालू प्रधान, मनोज, विकास चौधरी, प्रवीण, रवि, मनोज आदि उपस्थित रहे।

# कल्कि पीठाधीश्वर ने रेशू को दी जिम्मेदारी

**मुजफ्फरनगर।** कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने निर्माणाधीन कल्कि धाम में सत्यप्रकाश रेशू को भव्य आर्शीवाद दिया। अचोड़ा संभल क्षेत्र में बन रहे कल्कि धाम के निर्माण में सत्यप्रकाश रेशू को कदम से कदम मिलाकर सहयोग करने को कहा। श्रीराम मंदिर आयोध्या के तर्ज पर बन रहा भव्य कल्कि धाम अपने भवय निर्माण की तैयारियो से परिपूर्ण हो चुका है। जिसका शिलान्यास दिनांक 19 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने करकमलो से किया था।

आचार्य प्रमोद कृष्णम व सत्यप्रकाश रेशू का पुराना लंबा निकट का संबंध है। रेशू ने कल्कि धाम के प्रचार-प्रसार में पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम को सदैव बढ़चढ़कर सहयोग किया। आज कल्कि धाम में



पहुंचने पर सत्यप्रकाश रेशू का आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भव्य स्वागत सत्कार किया। गले में पटका पहनाया, माथे पर तिलक लगाया, सिर पर आर्शीवाद का हाथ रखा। दोनो के बीच लगभग 1 घंटे तक चली वार्ता में कल्कि धाम से संबंधित अनेको विषयो पर वार्ता हुई। जिसमें मुख्य रूप से कल्कि धाम के भव्य स्वरूप को पूरा होने से पूर्व ही जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सत्यप्रकाश रेशू का हाथ पकड़कर कल्कि धाम की हर बात बहुत ही आत्मीयता से समझाते हुए जिम्मेदारी पूर्ण करने का अहसास कराया। लगभग 5470 ट्रको में आकर लगने वाला पत्थर बड़ी संख्या में आ चुका है। जिससे मंदिर का भव्य स्वरूप अहसास होने लगा है। 171 फीट ऊंचा निर्माणाधीन कल्कि धाम का शीला पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करके शुभारंभ किया था। उसी क्रम में आज सत्यप्रकाश रेशू ने भी शीला पूजन किया। इस शुभावसर पर विद्वान पंडितो ने मंत्रोच्चारण किया। कल्कि धाम के निर्माण में जन-जन की अहुति लेने के लिए सत्यप्रकाश रेशू की साथ जोगेन्द्र हुडडा, सुमित मिश्रा, नरेश जैन आदि साथ रहे। गुरू पूर्णिमा के शुभावसर पर पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सभी को अपना आर्शीवाद दिया।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

हमारे पुत्र **इंतजार** व **गुलबहार** हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को उनके परिवार सहित हम अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करते हैं। भविष्य में उक्त सभी के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ0 इफ्तखार** पुत्र अब्दुल रशीद व **समर जहां** पत्नी मौ0 इफ्तखार, निवासी- म0नं0 409, महमूदनगर, गली नं. 3, थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर।

# अफसरों के आश्वासन पर भाकियू तोमर का प्रदर्शन स्थगित

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर से पुलिस के उच्च अधिकारीयो ने मजबूत आश्वासन दिया है कि दोषी पुलिसकर्मियों पर कडी कार्रवाई कि जाऐगी और कावड मेले को मध्यनजर रखते हुए जो संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर द्वारा 10 जुलाई को होने वाला रामपुर पर हाईवे जाम जिले के उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया है चौधरी संजीव तोमर ने कहा है कि भाकियू (तोमर) ने हमेशा कावड मेला हो या फिर कोई समाजिक कार्य सभी भे प्रशासन और समाज का सहयोग किया है और हमेशा करता भी रहैगा कावड मेला हमारे देश का सबसे बडा कावड मेला माना गया है इसलिए आज संगठन द्वारा एक ज्ञापन जिसमे मुख्य मांग रही 19 जून लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मी



सस्पेंड किये जाऐ और किसानो पर जो फर्जी मुकदमे लिखे गये है वो खत्म हो और हमारी तहरीर पर दोषी पुलिसकर्मियों पर मुक़दमा दर्ज हो तीन मागौ का ज्ञापन अधिकारी यो को सौपा गया और अगर फिर हमारी मागगे पूरी नही होती है तो कावड मेले के बाद बडा आंदोलन संगठन करेगा जिसकी जिम्मेदारी खुद शासन प्रशासन कि होगी और रामपुर तिराहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर सी ओ सदर देवव्रत और एस डीएम सदर राष्ट्रीय कार्यालय पर पंहुच कर ज्ञापन मे सभी बिंदुओं पर मजबूती से आश्वासन दिया गया कि कावड मेले के बाद सभी समस्याओं का समाधान कराया जाऐगा।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी जिला अध्यक्ष निखिल प्रदेश अध्यक्ष रिहान युवा विग अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब बालियान अजय त्यागी मोहम्मद साजिद चंदन त्यागी हसीर शहजाद मलिक हनी चौधरी नौशाद सोनू सादीक दीपक तोमर शकील आदि मौजूद रहै।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम कागजों में दिनेश जैन था जिसे मैने सही कराकर दिनेश कुमार जैन करवा लिया है

**निवेदक**

**दिनेश कुमार जैन**

**D2-51 dwarika city muzaffarnagar**

**Name Change**

Mohd. Rihan s/o jameel ahmad 961, gali No-7, Malhupura Muzaffarnagar have changed my son Name from syed Abdullah s/o Mohammad Rihan to syed Abdullah s/o Mohd Rihan for all future purposes

# फर्जी कपंनी ने बेलड़ा में भी युवाओं को किया तबाह, करोड़ों की ठगी

## मोटा लालच देकर ऑनलाईन बटोरे करोड़ों रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** कस्बो मे सैकडो युवाओ से करोडो की ठगी करने के बाद गांव देहात मे खुला ठगी का राज दर्जनो युवा सदमे मे लाखो की ठगी के शिकार हुवे।

भोपा थानाक्षेत्र के गांव बेलडा मे भी आनलाईन ठगी का मामला प्रकाश मे आया वही दर्जनो युवाओ को ठगी होने के बाद तगड़ा झटका लगा लुक नाम की एक फाइनेंशियर कंपनी ने युवाओ को मोटा लालच देकर लाखो रूपए इकट्ठा किये ओर अचानक फरार हो गई जिससे गांव के युवाओ को तगड़ा झटका लगा जानकारी के अनुसार लुक कम्पनी 2,250 रूपए जमा करने पर 75 रूपए रोज 6,600 जमा करने पर 220 रूपए रोज 70,000 रूपए जमा करने पर 2,500 रूपए प्रतिदिन देने का वादा किया इसी लालच मे आकर गांव देहात के गरीबो ने भी फर्जी कम्पनी मे पैसा लगाना शुरू कर दिया शुरू शुरू मे कम्पनी ने पैसे भी दिये जिससे युवाओ का विश्वास बढता चला गया लेकिन अचानक एक सप्ताह पूर्व कम्पनी बिना किसी सुचना के अपनी वेबसाइट ओर एप बंद कर दिया कम्पनी ने दो हेल्पलाइन नंबर दिये थे 44756638541, 447562783380,जो बंद कर दिये जानकारी करने पर दोनो नम्बर युनाइटेड किंगडमद्धयूकेऋके निकले अब कम्पनी से कोई संपर्क नही हो रहां था बेलडा के दर्जनो युवाओ ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया हमने कर्जा लेकर लुक कम्पनी मे लगाये थे मगर कम्पनी के फरार होने पर हम सब सदमे मे है ओर बताया जिन खातो मे कम्पनी का लेन-देन हुआ था उन्हे सरकार द्वारा फीज कर दिया गया इस वजह से पीड़ित निवेशक अपने बचे हुई पैसे भी नही निकाल पा रहे सभी पीड़ित युवा कानून की मदद लेकर इस फर्जी कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहे है ओर फीज किये गये खातो को दुबारा चालू किये जाये इन्टरनेट पर ऐसी फर्जी कम्पनी भोलेबाले युवाओ को बडे बडे लालच देकर ठगी करती है ऐसी कम्पनी के खिलाफ बडी कार्रवाही होनी चाहिए

## पुलिस ने 2 अभियुक्तों को भेजा जेल

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्तों को जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निर्देश पर बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में परा. सोली पुलिस चौकी प्रभारी सुमित कुमार सिंह और सब इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह ने अपने हमराही कांस्टेबल धीरज कुमार, कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल राजवीर सिंह, हैड कांस्टेबल मनोज कुमार और हैड कांस्टेबल राजीव गिरी के सहयोग से एक पुराने मामले में वांछित चल रहे कृष्ण पुत्र सोमा निवासी ग्राम परासौली और आरिफ उर्फ बिल्ला पुत्र जमील निवासी जौली रोड सिखेडा जनपद मुजफ्फरनगर को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिखापढ़ी करने के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां दोनों को जेल भेज दिया गया।

# ई-रिक्शा पलटने से 5 सवारियां हुई घायल

**बुढाना।** ई-रिक्शा अब मौत का डिब्बा बनते जा रहे हैं। कुल चार दिनों के भीतर ई-रिक्शा से संबंधित तीन घटनाएं हो गयी हैं। जिनमें से 02 की मौत तो 20 सवारियां घायल हो गयी। इनमें से एक सवारी की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। आज बुधवार के दिनঃ भी तीसरी घटना में एक ई-रिक्शा के पलटने से ई रिक्शा में बैठी हुई 05 सवारियां घायल हो गयी।

बीते दिन भी कुरालसी मार्ग पर एक ई-रिक्शा पलट गयी थी जिसमें 04 सवारियां घायल हो गयी थी जबकि विगत दिनों भी एक ई-रिक्शा में डंपर की टक्कर लगने से मां बेटे की मौत हो गयी थी और उसमें बैठी अन्य 11 सवारियां भी घायल हो गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार 04 दिन पूर्व एक ओवरलोडिंग ई-रिक्शा में डंपर की टक्कर लग गयी थी। जिसमें मां और उसके मासूम बेटे की मौत हो गयी थी जबकि 11 सवारियां घायल हो गयी थी। दूसरी घटना गांव कुरालसी मार्ग पर बीते कल हुई। जिसमें चार सवारियां घायल हो गयी थी और आज बुधवार के दिन बुढाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव जौला में बड़े बिजली घर के सामने सड़क पर गहरे गड्ढे होने के कारण सवारी से भरी ई रिक्शा सड़क पर पलट गयी। गनीमत यह रही की कोई भी बड़ा हादसा नहीं हुआ।

फिर भी ई रिक्शा में सवार 5 व्यक्ति घायल हो गए। आखिरकार क्षेत्र में घूम रही इन अवैध ई रिक्शा के ऊपर पुलिस प्रशासन कब कार्रवाई करेगा या कोई बड़ा हादसा होने का इंतजार देखा जा रहा है। आज की दुर्घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिसमें रोड पर गड्ढे के कारण एक ई-रिक्शा पलट गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### मौसम की खराबी के चलते कार्यो से विरत रहे अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** कस्बे और देहात क्षेत्र में आज बुधवार की सुबह ही अचानक से खराब हुए मौसम के कारण वादी और कुछ अधिवक्ता बुढाना तहसील परिसर मे पहुंचने में असमर्थ रहे। तब बार एसोसिएशन बुढ़ाना की एक आपात मीटिंग में सभी पदाधिकारियों की सहमति से नो वर्क का निर्णय लिया गया। तब सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहे। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने संयुक्त रूप से बतलाया कि नो वर्क की सूचना सभी न्यायालयों को भेज दी गई है।

### चेयरपर्सन उमा त्यागी ने सभासदों संग लगाए पेड़

**बुढ़ाना।** बुधवार को बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल ने बुढ़ाना तहसील परिसर, पीर शाह विलायत, अजीज फातिमा हाईस्कूल, कब्रिस्तान, कर्बला और कान्हा गौशाला आदि जगहों पर पहुंचकर सभासद नितिन शर्मा, सभासद नसीम सिद्दीकी, सभासद अजीत, सभासद राशिद मंसूरी आदि सभासदों के साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पटिका लगाकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और लोगों से अपील की कि वे न केवल पौधे लगाएं बल्कि उनकी देखभाल कर संरक्षण का दायित्व भी निभाएं। सभासद नितिन शर्मा, सभासद नसीम सिद्दीकी व राशिद मंस. ूरी ने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों व पेड़ों की रक्षा सुरक्षा करने के साथ साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। पेड़ पौधे हमें शुद्ध वायु देते हैं। पौधें मनुष्यों के साथ साथ सभी जीवों के जीने का भी सहारा है। बिना पेड़ों के पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। पौधारोपण के साथ पौधें बचाए रखने के लिए उनकी उचित देखभाल व समय समय पर सिंचाई भी आवश्यक रूप से की जानी चाहिये।

### बिहारगढ़ में एसडीएम जानसठ संग विधायक मिथलेशपाल ने किया वृक्षारोपण

**मोरना।** मोरना वन क्षेत्र के गांव बिहारगढ में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जिसमें मीरापुर विधायक मिथलेशपाल सहित एसडीएम जानसठ जयेन्द्र सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान फलदार व छायादार पौधे लगाए गए।

वन विभाग द्वारा बिहारगढ स्थित वन विभाग की नर्सरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीरापुर विधायक मिथलेशपाल ने सागौन, शीमल, जामुन, गुटेल, आंवला, अनार, अमरूद, कदम, कांजी सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे लगाए।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि वृक्ष धरती का आभूषण हैं। वृक्षों के बिना स्वस्थ जीवन सम्भव नहीं है। भावी पीढ़ी को हम हरियाली सौगात प्रदान करे। पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए जन सहयोग की आवश्यकता है।

वनकर्मियों और उपस्थित अधिकारियों ने फलदार व छायादार वृक्षों के पौधे लगाये। इस अवसर पर सुप्रिया पाल, प्रवीण लेखपाल, नायब तहसीलदार ब्रजेश चौहान, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक, नंदकिशोर वनरक्षक, विकुल राठी, राहुल प्रधान, महकपाल बिहारगढ, संजय चौहान प्रधान आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बनते ही समर्थक हुए खुश

**बुढ़ाना।** कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा निवासी डाक्टर जावेद उस्मानी को बीते सप्ताह कांग्रेस जिला अध्यक्ष के द्वारा कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया था और बीते दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के हाथों नियुक्त पत्र देकर हौंसला बढ़ाया था तो इसी को लेकर आज बुधवार के दिन मौहल्ला काजीवाडा में फसीह अख्तर की बैठक में नये पदाधिकारी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डाक्टर जावेद उस्मानी का उनके समर्थकों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया और सभी के द्वारा कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। डाक्टर जावेद उस्मानी पुनः कांग्रेस में आकर फूले नहीं समाए और कहा कि वे इससे पहले आजाद समाज पार्टी में थे। वो पार्टी सिर्फ और सिर्फ दलितों की है। अल्पसंख्यकों की जगह उस पार्टी में नहीं है। इसी को लेकर वे आसपा को छोड़कर कांग्रेस में आए हैं और अच्छा फील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एक अकेली ऐसी पार्टी है जो कि सभी वर्गों का सम्मान कर उनको साथ लेकर चलने का काम करती है। इस दौरान यहां पर सूफियान उस्मानी, सचिन कुमार, अफजाल, सईद, सलीम सलमानी, आदेश कुमार, हफीज अहमद, सुधीर, सन्नी, अखलाक, जहीर, सुदेश, आदिल, असगर, आरिफ आदि मौजूद रहे।

### भाकियू पदाधिकारी संग एसडीएम से की चचेरे भाई की शिकायत

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान और भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार के संयुक्त नेतृत्व में आज बुधवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना और गांवঃ भनवाडा के दर्जनो ग्रामीण बुढ़ाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी मिले और उनको दो अलग शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव अलीपुर अटेरना के सतीश कश्यप पुत्र धोधा अपने परिवार सहित इस समय बरसात और कडक धूप के बीच अपने मकान के बजाए एक झोपड़ी में निवास कर अपना जीवन यापन बहुत ही कठिन परिस्थितियों में कर रहा है क्योंकि उसका जो मकान है उसको उसका चचेरा भाई विनोद कश्यप और उसके परिवार के अन्य सदस्य बिल्कुल भी बनने नहीं दे रहे हैं। जो कि गलत है। पहले भी इस संबंध में पूर्व में एसडीएम रहे राजकुमार भारती को भी शिकायत की जा चुकी है लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ। पीड़ित का चचेरा भाई हर समय लड़ने के लिए तैयार रहता है जबकि पीड़ित लड़ाई नहीं चाहता है। इसके अलावा दूसरी शिकायत ये कहा गया कि गांवঃ भनवाड़ा के जमील अहमद के प्लाट की पैमाइश कराई जाए। जिस पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने भाकियू नेता विकास त्यागी और संजीव पंवार को आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों कोঃ आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

### समाजसेवी रवि शर्मा ने स्कूली बच्चों को बांटे पौधे

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर में सामाजिक कार्यकर्ता रवि शर्मा के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा रोपण एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के सहयोग से फलदार व छायादार पौधों का वितरण किया गया और पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

रवि शर्मा ने बताया कि यदि हमारा पर्यावरण शुद्ध और स्वस्थ रहेगा, तो हम सभी स्वस्थ जीवन जी सकेंगे, हर नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि हमारी प्रकृति और पर्यावरण को बचाया जा सके। पौधे न केवल पर्यावरण की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि वायु को शुद्ध करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण को लेकर जागरूकता के संदेश दिए। कार्यक्रम में रवि शर्मा के साथ सचिन शर्मा, नीरज शर्मा, अभिषेक शर्मा, मनोज शर्मा, अर्जुन कुमार, दिनेश प्रजापति, महबूब मिस्त्री, सचिन कुमार, मोहित कुमार, आकृति, अभिवृत्ति, यशस्वी समेत अनेक बच्चों का विशेष सहयोग रहा। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

# लगाए गए पौधों की परवरिश जरूर करें : डा.अशोक जैन




**मुजफ्फरनगर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वहलना जैन मंदिर के प्रांगण मे एचडी डिग्री कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष डाक्टर अशोक कुमार जैन के संयोजन में वक्षारोपण किया गया ।इस अवसर पर चंद्र मोहन जैन , डाक्टर परविंदर सिंह, तरूण यादव ,डाक्टर रविन्द्र कुमार, डाक्टर नितिका ,आशा जैन, दिव्यांश जैन आदि शामिल रहे। वेल ना जैन मंदिर परिसर में इस अवसर पर 100 से अधिक फलदार तथा छायादार प्रजाति के पौधे आरोपित किए गए डॉक्टर अशोक जैन ने लोगों से अपील की कि वह जिन पौधों का रोपण इस मौसम में कर रहे हैं वह पूरे वर्ष उसकी परवरिश अपने बच्चों की तरह करें तभी वृक्ष आरोपित करने का लाभ देश समाज और इस धरती को मिल पाएगा।

# जमीयत उलेमा-ए-हिन्द ने किया मक्तबों का दौरा

**बुढ़ाना।** आज जमीयत उलेमा हिन्द शाखा बुढ़ाना के कुछ ज़िम्मेदारों ने आसपास के इलाक़ों का दौरा कर वहाँ चल रहे मक्तबोंदीनी तालीमी केंद्रों का निरीक्षण किया और उन्हें अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बनाने की कोशिश की। इस अवसर पर जमीयत के नगर सदर मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने मौजूद मौलिमों से कहा कि आप लोग वह तालीमी नज़्म शुरू करें जिसे हमारे अकाबिर बुज़ुर्गों ने तय किया था। जिसमें एक साथ छह विषयों की तालीम दी जाती है। ये छह विषय हैं क़ुरआन पाक की तालीम, अकीदों ईमानीयात से संबंधित बातें, जरूरी मसाइल अहादीस, सीरत ए पाक पैग़ंबर हज़रत मोहम्मद सललल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी व उर्दू भाषा की तालीम। मुफ्ती ने कहा कि



इस नज़्म से बच्चों को एक ही समय में कई अहम मज़ामीन विषयों की तालीम मिल जाएगी।

जमीयत के जनरल सेक्रेटरी हाफ़िज़ अय्यूब त्थ्यागी ने कहा कि यह नया निसाब बच्चों के लिए बेहद फायदेमंद और अहम है। उन्होंने कहा कि जितना समय बच्चे वर्तमान मक्तबों में केवल क़ायदा या उर्दू की किताबों को पढ़ने में लगाते हैं उतने या उससे भी कम समय में इस नए निसाब के ज़रिए वे ज्यादा इल्म हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी, हाफ़िज़ अय्यूब त्थ्यागी, हाफ़िज़ शहज़ाद, मोनिस क़ुरैशी व मुहम्मद तौसीफ़ सहित अन्य ज़िम्मेदार भी मौजूद रहे

# भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स में किया पौधारोपण

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्रूशन्स में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के 30 करोड़ वृक्षारा. ेपण के लक्ष्य को सफल बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत संस्थान परिसर में 1500 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने बताया कि इस अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के सहयोग से अमलतास, नीम, पीपल, तुलसी, आम, अमरूद, आंवला, गूलर, बरगद, जामुन, अशोक, बेल, अर्जुन और गुलमोहर जैसे फलदार व छायादार पौधे रोपित किए जाएंगे। साथ ही, पक्षियों के संरक्षण के लिए संस्थान परिसर में एक विशाल बर्ड टावर भी बनाया गया है, जो प्रकृति संतुलन की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने सभी छात्रों और शिक्षकों को संकल्प दिलाया कि वे अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें।

उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में पौधारोपण का सर्वोत्तम समय होता है, और सभी को अपने आस-पास की बंजर भूमि पर वृक्ष लगाकर हरियाली फैलानी चाहिए। इस अवसर पर असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा, सीए दुष्यंत कुमार, डीन अजय सिंह, फार्मेसी




प्रिंसिपल डॉ. सचिन कुमार, नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ. विजया, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, इंजी. नियर निकुल कुमार, डॉ. कावेंद्र कुमार, कपिल कुमार, दिव्य सिंह, अमित शुभम कुमार, सुरजन सिंह, तानुष देवल सहित समस्त शिक्षक व छात्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल प्रस्तुत की।

# पड़ोसी युवक पर लड़की को ले जाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइंस में एक शख्स ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी का पड़ोसी घर में आना-जाना रहता था।

तीन जुलाई को पड़ोस की लड़की उसकी बेटी उनके घर पर आई और उसकी बेटी के साथ कई घंटे तक बैठी रही। अगले दिन यानी चार जुलाई की रात को पडोसी लड़की का भाई उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

उन्होंने हर संभव जगह अपनी बेटी को तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पड़ोस में लेग सीसीटीवी कैमरे में चेक किया तो आरोपित उसकी बेटी को अपने साथ ले जाता दिखाई दे रहा है। आरोप है कि बेटी को ले जाने में आरोपित के स्वजन का भी हाथ है। जब वह आरोपित और उसकी बेटी के बारे में पूछने के लिए उनके घर गए तो युवक के स्वजन ने बताने से मना कर दिया और ज्यादा पूछने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद आरोपित के स्वजन भी घर से गायब है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रवेज, नाजिया, हसन, आमना, शादाब और साबेज निवासी मदीना कालोनी थाना सिविल लाइंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश जारी है।

# पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने किया टॉयलेट ब्लॉक का उद्घाटन

**मुजफ्फरनगर।** शहर के मौहल्ला केशवपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाए गए आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक का विधिवत उद्घाटन नगर पालि. का परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप द्वारा किया गया। पालिक. ाध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में वृक्षारा. ेपण भी किया और सभी से एक पेड़ अवश्य लगाने और उसकी देखरेख के लिए अपील की।

विद्यालय प्रांगण पहुंचने पर शिक्षिकाओं द्वारा मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप का तिलक लगाकर एवं पटका पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। इसके पश्चात मंत्रोच्चारण के बाद नारियल फोड़कर और फीता खोलकर इस टॉयलेट ब्लॉक को विद्यालय परिवार को समर्पित किया गया।

उद्घाटन करने के पश्चात पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और विद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भविष्य में और भी जनसुविधाओं के विस्तार का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस आठ सीट वाले टॉयलेट ब्लॉक में सभी प्रकार की जनसुविधाऐं विकसित की गई है, यहां पर यूरिनल, हैंड वॉश के लिए वॉश बेसिन, दिव्यांग के लिए विशेष टॉयलेट सीट, इंग्लिश एवं देशी टॉयलेट और स्नानघर भी बनाये गये हैं। ऐसे आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक नगरपालिका की ओर से शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की मुहिम में आगामी दिनों में शहर के अन्य स्थानों और विद्यालयों में भी बनाने की योजना बन रही है, ताकि सुलभ और व्यवस्थित जनसुविधा का लाभ नागरिकों को प्रदान किया जा सके। विद्यालय प्रबंध समिति ने नगरपा. लिका द्वारा किए गए इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सराहना करते हुए कहा कि चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप का सहयोग हमारे लिए उत्साहवर्धन योग्य है कि उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं को समझा और सहयोग दिया। पालिका के सहायक अभियंता निर्माण नैपाल सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत विद्यालय में करीब 11 लाख रुपये के बजट से इस आठ सीट टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कराया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पालिका सभासद सतीश कुकरेजा, रविकांत शर्मा उर्फ काका, प्रमोद कुमार, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. विजय टंडन, प्रबंधक संजय अग्रवाल, प्रधानाचार्य कौशल आर्य, भाजपा नेता श्रीमोहन तायल, सुनील तायल, पंकज माहेश्वरी,



नवनीत गुप्ता के अलावा मुकेश दत्त शर्मा, गोपाल सिंह, नूतन मित्तल, साक्षी शर्मा, सरिका रानी, इन्दू त्यागी व सरिता आदि सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

# खंभे लगाने आए विद्युतकर्मियों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर भगाया

**बुढ़ाना।** पहले वाले सर्वे को छोड़कर दूसरे स्थान पर विद्युत खंभे लगाने के लिए आए विद्युत जेई, एसडीओ और ठेकेदार के साथ विद्युत कर्मचारियों को आज बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने दौड़ा लिया और उनको जमकर खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर विद्युतकर्मी भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जिस जगह सर्वे किया गया था उस जगह पर ही खंभे लगाए जाएं। इससे अलग अगर कहीं पर भी लाइन खींचने का काम किया गया तो वे आत्मदाह कर लेंगे।

विद्युत विभाग बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव शाहडब्बर में विगत दिनों एक स्थान पर सर्वे कर गया था क्योंकि इस निश्चित स्थान पर 33 केवी की विद्युत लाइनঃ के खंभे लगाए जाने थे लेकिनঃ अब विद्युत विभाग वहां पर उक्त लाइन खींचने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों का खुला आरोप है कि पूर्व में जिस स्थानঃ का सर्वे हुआ था वहां के किसानों ने चुपचाप तरीके से अधिक. ारियों को एक तयशुदा रकम देकर लाइन लगवाने का रुख दूसरी जगह पर करा लिया। जिसकी भनक उन किसानों को लग गयी जिन किसानों के खेत पर अब दूसरे सर्वे के आधार पर लाइन खींचने की तैयारी विद्युत विभाग द्वारा की जा रही है लेकिन किसान विरोध कर रहे हैं और वे चार दिन पहले भी एसडीएम बुढ़ाना मोना. लिसा जौहरी और मुख्यमंत्री को इसकी शिकायत कर चुके हैं। आज जैसे ही टीम दूसरे स्थान पर खंभे लगाने के लिए आई तो टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया और उन पर गंभीर आरोप लगाकर लाइन नहीं खीं. चने की बात कही।

ग्रामीणों ने एसडीओ अजय कुमार, जेई पुनीत कुमार और ठेकेदार से सवाल किए कि जब सर्वे हो गया थि तो वहां पर लाइन क्यों नहीं खींची



जा रही और अब यहां खंभे लगा रहे हो तो किसकी अनुमति से लाइन खीं. चने का काम किया जा रहा है। जिस पर अधिकारी बगले झांकने लगे। गुस्साए ग्रामीणों ने अधिकारियों को अपने घेरे में लेते हुए उनको जमकर खरी खोटी सुनाई और कहा कि इससे पहले वे कोई ग़लत कदम उठाएं यहां से चले जाओ।ঃ तब अधिकारियों ने ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर बैरंग लौटने में ही अपनी भलाई समझी और वहां से ग्रामीणों के खदेड़ने पर भागकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने कहा कि वे किसी भी सूरत में दूसरे स्थान पर फर्जी सर्वे के आधार पर खंभे लगने नहीं देंगे। लाइन वहीं खिंचेंगी जहां पहले सर्वे हुआ था। यहां आशु राठी, पल्टू, बबलू, सुधीर, सोनू, मनोज, सुक्कड, राजू, राजीव, राजेंद्र, विक्रांत, सुनील, धीरज, रविंद्र, बिट्टू, संजीव, भूरा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# केन्द्र की नीतियों के विरोध में हड़ताल, बीमा कार्यालय पर प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय केंद्रीय ट्रेड यूनियन परिषद के आह्वान पर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में बुधवार को बैंकों एवं अन्य सरकारी विभागों में मिला जुला असर रहा। जनपद में अधिकांश बैंकों में लेनदेन हुआ, सिर्फ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में लेनदेन बंद रहा। उधर भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय पर हड़ताल होने की वजह से कामकाज ठप रहा। एलआईसी में करीब एक करोड़ का लेनदेन प्रभावित रहा। उधर विद्युत विभाग के कर्मचारी भी निजीकरण के विरोध में धरना देकर जमकर नारेबाजी की। बुधवार को अंसारी रोड स्थित एलआईसी के कर्मचारियों ने एक दिवसीय हड़ताल की। हड़ताल कर रहे एलआईसी कर्मियों ने 17 प्रमुख मांगें रखी।

जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग रखी। हड़ताल के चलते एलआईसी में करीब एक करोड़ का लेनदेन प्रभावित हुआ।उधर बिजली के निजीकरण के विरोध में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के नेतृत्व में जेई, एसडीओ और कर्मचारियों ने नुमाइश कैंप में मध्यान्ह 11 बजे से शाम पांच बजे तक धरना दिया और जमकर नारेबा. जी की। संयोजक मुकेश मुकीम ने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के करीब 42 जिलों में बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। जिसके विरोध में सभी स्थाई, अस्थाई और संविदा कर्मचारी एकजुट होकर धरना दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि बिजली का निजीकरण हुआ तो बिजली की दरें 15 रुपए प्रति यूनिट जाएगी। वहीं उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकरण की परेशानियां भी होगी। उन्होंने कहा कि बिजली सरकारी होते हुए वर्तमान में जो सुविधाएं उपभोक्ताओं को मिल रही है वह निजीकरण के बाद नहीं मिल पाएगी। धरना देने वालों में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के मुकेश मुकीम, रवि कुमार, राम. निवास त्यागी, वी वी गुप्ता, यूसी वर्मा, कमल कुमार, कपिल कुमार, विजय कुमार, राघवेंद्र, जावेद, राक. ेश, सतेंद्र, प्रवीण, आकाश, आशीष, प्रांशु, अक्षय कुमार आदि शामिल रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शुद्ध हवा के बिना जीवन असंभवः वाई.पी. सिंह

## यूपीसिडको अध्यक्ष व वरिष्ठ नेताओं ने किया वृक्षारोपण, साथ ही क्षेत्र की समस्त शिक्षण संस्थाओं में वृक्ष लगाकर किया जागरूक


पीएम जवाहर नवोदय वि. में वृक्षारोपण करते वाईपी सिंह व अन्य।



**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** पेड़ लगाओ- पेड़ बचाओ-एक पेड़ मां के नाम-2।0 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 37 करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान-2025 की दृष्टिगत वन प्रभाग, शामली के तत्वाधान में आज पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, भैंसवाल रोड़ शामली में वृक्षारोपण महाअभियान-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर वाई.पी. सिंह, अध्यक्ष, यूपीसिडको (यू.पी) स्टेट कॉन्स्ट्रक्शन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशनत्र, उ.प्र. सरकार, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उ.प्र. सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में हवन पूजन के साथ बरगद का पौधारोपण, एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने पीपल का, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने नीम का पौधा रोपित कर त्रिवेणी की स्थापना की गई।

इसके साथ ही उपस्थित जनसमूह के द्वारा विभिन्न प्रजाति का पौधारोपण किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप वाई. पी. सिंह, ने कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के तहत निर्धारित एक ही दिन में 37 करोड़ पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसमें जनपद शामली को 1490800 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसको मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार जन सहभागिता को जोड़ते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। अध्यक्ष यूपी सिडको ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है और आज के समय में अगर सबसे ज्यादा जरूरी तो वह पर्यावरण का संरक्षण है और उसके लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है क्योंकि शुद्ध हवा के बिना जीवन असंभव है।

आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अध्यक्ष यूपीसिडको ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वृक्षों की उपयोगिता को समझाते हुए कहा कि पौधे ऑक्सीजन का बहुत बड़ा स्रोत है इसलिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण हो साथ ही उनका संरक्षण भी हो इसकी भी जिम्मेदारी रखनी है। ताकि आने वाली पीढ़ी को उसका लाभ हो। कार्यक्रम के अवसर पर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने अपने संबोधन में वृक्षों के महत्व को समझाया और एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री के आह्वान को पूरा करने की बात कही। प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह ने आयोजित कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वृक्ष हमारे लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूप से लाभकारी है। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने कहा कि जैसे जल जीवन का आधार है वैसे ही ऑक्सीजन भी जीवन का आधार है इसलिए वृक्षारोपण और उसका संरक्षण जरूरी।

सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, शामली, अपर पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, क्षेत्रीय वन अधिकारी कैराना राजेश कुमार एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी ऊन कृष्ण कांत सहित वन विभाग का समस्त स्टाफ स्कूली बच्चे आदि मौजूद रहें।कार्यक्रम में माद्ध जनप्रतिनिधियों,पार्टी कार्यकर्ताओं एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा भी बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

इसके उपरांत वाई.पी. सिंह, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री द्वारा क्रिटिकल केयर यूनिट जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में वृक्षारोपण महाअभियान-2025 एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पहुंचकर माद्ध जनप्रतिनिधि एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिला अस्पताल से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।जिसमें सीएमएस द्वारा जिला अस्पताल से दी जाने वाली सुविधाओं सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट, आदि के बारे में अध्यक्ष, यूपीसिडको को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सीएमओ डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहुजा आदि मौजूद रहे।


शामली हिन्दू महिला महाविद्यालय

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन में बुधवार को ष्वृहद वृक्षारोपण महाअभियान 2025ष के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पौधारोपण किया गया। इस महाअभियान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा द्वारा किया गया। वृक्षारोपण के लिए नगर क्षेत्र में लगभग 1।5 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया था। इनमें मुख्य रूप से शमशान घाट, कब्रिस्तान, जस्सूवाला मंदिर, तालाब और कृष्णा नदी के किनारे की रिक्त भूमि शामिल रही। इन स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों के कुल 1300 पौधों का रोपण किया गया।

विशेष रूप से नमामि गंगे योजना के तहत नदी संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कृष्णा नदी के किनारे लगभग 600 विशाल वृक्षों के पौधे लगाए गए, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और पारिस्थितिक संतुलन को बल मिलेगा।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा, अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, सभासद ईरम नाज, देवेंद्र पंडित, दिनेश ऋषिराज, विनोद सैनी द्धसभासद पतित्र सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारीगण एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और ष्पेड़ लगाओ जीवन बचाओष का संदेश दोहराया। पर्यावरण की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। आइए इस हरियाली को बनाए रखें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करें।

**शामली।** बुधवार को वृक्षारोपण महाअभियान 2.0 के अर्न्तगत नगर पालिका चेयरमैन, अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांधी गंज मंडी स्थित गांधी पार्क में एक पेड मां के नाम लगाया। वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारम्भ चेयरमैन अरविन्द संगल एवं ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने अवगत कराया कि सरकार द्वारा संचालित वृक्षारोपण महाअभियान 2।0 के अर्न्तगत पालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर जगह का चयन करते हुए पेड-पौधे लगाए जाने है। वृक्षारोपण महाअभियान में पालिका द्वारा सागौन, कैंची, अमरूद, कनेर, अशोक, गुडहल, शमी, बेलपत्र आदि के वृक्ष लगाए जा रहे है। शहर के मध्य स्थित पार्को में भी हरे भरे व फूलदार पौधे लगाए जाएगे जिससे शहर हराभरा व सुन्दर दिखें। वृक्षारोपण महाअभियान के अवसर पर अवर अभियन्ता सिविल कांत सिंह राणा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार, लिपिक अनिल कुमार शर्मा, ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन प्रदीप सिंघल व बीना अग्रवाल, समाजसेवी मुकेश गोयल, रामतीर्थ गोयल, सुनील कुमार, सन्नी मंगल, अतुल काम्बोज, जोनी कुमार आदि उपस्थित रहें।

**शामली।** शहर के हिन्दू महिला महाविद्यालय में गुरूवार को पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व सम्मान को समर्पित एक पेड़ मां के नाम विषय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अर्न्तगत विभिन प्रकार के पौधों का रोपण महाविद्यालय परिसर मे किया गया।

प्राचार्या डा. मंजू गर्ग ने कहा भारत में लोगों को अधिक पेड लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। वनो की कटाई एक गंभीर चिंता का विषय है। वृक्षारोपण की सहायता से मिटटी कटान रोका जा सकता है तथा बाढ का खतरा कम हो जाता है। इसलिए वन महोत्सव का उदेश्य देश में वनों को उगाने और बचाने के लिए अधिक से अधिक लोगो को एक साथ लाना है। वृक्षारोपण का अर्थ केवल पेड लगाना नही है बल्कि उन्हे संरक्षित करना और उनका पालन पोषण करना भी है।


कैराना भास्कर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स।

**कैराना।** भास्कर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस कैराना के प्रांगण में वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया और पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में एसडीएम कैराना निधि भरद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

बुधवार को नेशनल हाइवे पर गांव मन्ना माजरा के निकट स्थित भास्कर ग्रुप आफ इंस्टीटङूशंस प्रांगण में वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम कैराना निधि भरद्वाज ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसके बिना मनुष्य ही नहीं बल्कि किसी भी प्राणी का जीवन संभव नहीं है और साथ ही प्राकृतिक संतुलन में पेड़ पौधों की भूमिका अहम होती है। अगर शुद्ध वातावरण व स्वच्छ हवा चाहिए तो हमें पेड़ पौधे रोपित करने होंगे अन्यथा की स्थिति में गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।भास्कर ग्रुप आफ इंस्टीटङूशंस कैराना के चेयरमैन एमएन कुरैशी एडवोकेट ने कह कि प्रदूषण से बचाव का एक मात्र विकल्प पेड़ पौधे है,जो हमारे जीवन रक्षक के रूप में कार्य करते हैं,हमे जरूर पौधे रोपित करने चाहिए, साथ ही उनकी रक्षा का संकल्प भी लेना होगा।भास्कर ग्रुप के निदेशक फैसल कुरैशी ने छात्र एंव छात्राओं को पौधे रोपित करने के लिए प्रेरित किया और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर अपर सचिव मुशब कुरैशी, प्राचार्य डॉद्ध अमितेश कुमार शर्मा, भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल नौशाद अली के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




झिंझाना

**झिंझाना।** बलवंती देवी कन्या इंटर कॉलेज में भाजपा नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। उपजिलाधिकारी ऊन संदीप कुमार त्रिपाठी, थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा, बलवंती देवी इंटर कॉलेज कॉलेज प्रबंधक इन्द्रपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बंटी चौधरी, भाजपा मंडल महामंत्री गौरव सैनी आदि उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता में कन्याओं ने बनाई सुंदर मेहंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज, थाना भवन में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की सभी कक्षाओं की छात्राओं ने अत्यंत उत्साह, उमंग एवं रचनात्मकता के साथ भाग लिया।




छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई कलात्मक और सुंदर मेहंदी डिजाइनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना शिक्षकों और निर्णायकों द्वारा खुले दिल से की गई।प्रतियोगिता उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ। पूजा मलिक के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में सानिया (कक्षा 9) को प्रथम, अर्शी नाज (कक्षा 8) को द्वितीय तथा तनु (कक्षा 12-बी) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त अलीशा (कक्षा 12-B) को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इसी अवसर पर एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में, विद्यालय की छात्राओं तनु राणा एवं नंदनी ने अखिल भारतीय योग प्रतियोगिता में केवल 15 मिनट में 108 बार सूर्य नमस्कार कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस अद्भुत प्रदर्शन के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन हुआ।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल एवं शिक्षिकाएं नीलम, पूनम गोयल, अंशु, सुमन, बबीता, प्रेमलता, ऋचा एवं दीपा की गरिमामई उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को और बढ़ा दिया।

सभी ने प्रतिभागी छात्राओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## देशी शराब के पव्वे बरामद

**ऊन।** कस्बे में सुबह सवेरे मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम ने एक मकान पर छापा मारा जहां से देसी शराब के 16 पव्वे बरामद किए आबकारी विभाग द्वारा पुलिस चौकी में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। आबकारी विभाग की टीम ने आबकारी निरीक्षक महिमा चौधरी के नेतृत्व में ऊन पुलिस को साथ लेकर मोहल्ला ठाकुरद्वारा में उदयवीर पुत्र भोपाल के घर पर छापा मारा टीम ने देसी शराब के 116प्व्वे जिनमें पांच महबूबा मार्का तथा 11 चेतन मार्का शामिल है बरामद किया पूछताछ में उसने पैसे के लालच में शराब बेचने का जुर्म कबूल किया। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक की ओर से पुलिस चौकी पर अभियोग पंजीकृत कराया गया है आबकारी निरीक्षक महिमा चौधरी ने बताया कि ऊन में देसी शराब के पव्वे के साथ एक अभियुक्त को पकड़ा गया है।

# गृह कर के विरोध में उबाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर थानाभवन में प्रस्तावित गृह कर प्रणाली के विरोध में जनता का आक्रोश अब संगठित रूप ले चुका है। सोमवार को दयाल आश्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से संघर्ष समिति का गठन किया गया। इस समिति ने कर प्रणाली को जनविरोधी करार देते हुए इसे हर हाल में वापस लेने की मांग की है।बैठक में वक्ताओं ने चेताया कि यह नई कर व्यवस्था नगरवासियों पर एक असहनीय आर्थिक बोझ लादने की तैयारी है, जो आम जनता की जेब पर सीधा प्रहार करेगी। संघर्ष समिति के सदस्यों ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे कर के दुष्परिणामों को समझें और एकजुट होकर विरोध दर्ज कराएं।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि शासन-प्रशासन ने जनभावनाओं की अनदेखी की, तो आंदोलनात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। संघर्ष समिति ने नगर के सभासदों से भी तत्काल बैठक बुलाकर कर प्रणाली के विरोध में स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की है, ताकि जनता की आवाज को बुलंद तरीके से शासन तक पहुंचाया जा सके।यह कर नीति जनता को दबाने की साजिश है इसे हरगिज स्वीकार नहीं किया जाएगा।बैठक में उपस्थित एक सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा।



# धरनास्थल पर युवक ने खुद के ऊपर डाला तेल, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील कार्यालय में भगत सिंह युवा समिति द्वारा चल रहे धरने में बुधवार को महापंचायत का ऐलान किया गया था महापंचायत में क्षेत्र के काफी लोग आए लेकिन आत्मदाह की चेतावनी के बाद भी कोई हल नहीं निकल पाया कार्यकर्ता अपनी मांग पर अडे रहे लेकिन प्रशासन की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। भगत सिंह युवा समिति की ओर से लगभग एक पखवाड़े से तहसील कार्यालय में विद्युत विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन चल रहा है जिसमें गत चार अप्रैल को पांच लोगों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा कस्बे के लोगों पर विद्युत विभाग द्वारा किए गए जुर्माने को हटाने की मांग की गई है इस प्रकरण में कई बार समझौता वार्ता हुई लेकिन समाधान नहीं हुआ बुधवार को आयोजित महापंचायत में काफी संख्या में लोग पहुंचे महापंचायत में कोई अधिकारी न पहुंचने के बाद तीन कार्यकर्ताओं जिनमे वासु मुखिया, अमित कुमार, छोटू ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी आत्मदाह की चेतावनी की घोषणा करते ही थाना अध्यक्ष झिंझाना फोर्स के साथ धरना स्थल पर पहुंच गए तभी अचानक अमित कुमार ने अपने ऊपर डीजल तेल डाल लिया इसके बाद धरना स्थल पर अफरातफरी मच गई पुलिस ने अमित कुमार को चारों ओर से घेर लिया इसके बाद कार्यकर्ताओ से पुलिस की तीखी झड़प हुई बाद में धरने पर बैठे लोगों ने बीच बचाव कर लोगो को शान्त किया। कार्यकर्ता विद्युत विभाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अडे रहे।जिस पर थाना अध्यक्ष झिंझाना जितेन्द्र शर्मा ने तहरीर सबूत के साथ देने को कहा तथा धरना समाप्त करने की अपील की। क्षेत्र के लोगों ने भी कार्यकर्ताओं से वार्ता कर समाधान निकालने की अपील की लेकिन कोई हल नहीं हो सका। बाद में दीपक सभासद की ओर से विद्युत विभाग के जे ई के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई तथा धरना जारी रखने की घोषणा की गई। धरने का संचालन नीरज पहलवान तथा अध्यक्षता सरदार मंगल सिंह ने की धरने में समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार, देवराज पहलवान, मंगल सिंह ,प्रभात मलिक, गुरदीप सिंह, अरविंद राठी ,सचिन, अनिरुद्ध, सत्यवीर, देवेंद्र सिंह सुबोध पवार मनोज प्रधान मा कुलदीप, विशु मलिक, मनीष कॉल खंडे आदि शामिल रहे।



# डॉ. हिमानी अग्रवाल ने जनसुनवाई कर दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों में निस्तारण कराने के निर्देश दिए ताकि उन्हें चक्कर न काटने पड़े। महिला



जनसुनवाई के दौरान आज माद्ध सदस्य, राज्य महिला आयोग द्वारा कुल 29 केसो की सुनवाई की गई। जिसमें 2 केस जिला बागपत में रेफर किए गए। शेष केस जनपद शामली के भिन्न-भिन्न अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

पूर्व में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त केसो की समीक्षा की गई।जिसमें 1- पीड़िता रीटा पत्नी विक्रम सिंह के प्लाट के आगे ट्रांसफार्मर रख दिए। जिसके लिए सदस्य द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। 2. पटेल नगर बनत से पीडिता महिला बबीता की खेत में खड़ी फसल को ट्रैक्टर के द्वार नष्ट कर दिया गया है।

जिसके लिए थाना आदर्श मण्डी में दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही हेतु उचित दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मृदुला दुबे, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) ऊन, प्रभा पटेल, क्षेत्राधिकारी (अतिरिक्त), अचला पाण्डेय, सहायक श्रमायुक्त शामली, डॉ. अथर जमील, ए.सी.एम.ओ., शामली, ममता खोखर, बाल विकास परियोजना अधिकारी, शामली, मो. निका चौहान, थानाध्यक्ष, महिला थाना, शामली, सोमपाल सिंह, उपनिरीक्षक, थाना आदर्शमण्डी, शामली, नरेन्द्र सिंह, बी.ई.ओ., शामली, प्रदीप कुमार, पूर्ति निरीक्षक, शामली, सतेन्द्र कुमार, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति शामली, गजाला त्यागी, केन्द्र प्रशासक, वन स्टॉप सेन्टर, शामली, अजय शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली द्वारा नामित अधिवक्ता, प्रियांक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा महिला विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जर्जर मकान की छत गिरी, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जर्जर मकान की छत भरभराकर गिरने से कमरे में सो रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए। पीडित परिवार ने जिला प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास विकास योजना के अन्तर्गत मकान बनवाए जाने की मांग की है। शहर के मौहल्ला पंसारियान निवासी इसरार अहमद पुत्र अलीजान का परिवार अपने कमरे में सो रहा था। इसी दौरान जर्जर मकान होने के चलते छत से कुछ मलबा भरभराकर गिर पडा। जिससे कमरे में सो रहे इसरार के पुत्र समीर व आरिश दब गए। इसमें समीर को गंभीर चोट आई है। छत गिरने से परिवार में हडकंप मच गया और परिवार के अन्य लोग भी वहां पहुंच गए। इस दौरान सभी को कमरे से बाहर निकाला गया। मलबा गिरने से उसके नीचे रखा अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पीडितों ने जिला प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास विकास योजना के अन्तर्गत पक्का मकान बनवाए जाने की मांग की है।



# बच्चों को पिलाई जा रही विटामिन ए की खुराक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशो के क्रम में जनपद शामली में दिनांक 9 जुलाई 2025 से आगामी 1 माह तक विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम संचालित कर नियमित टीकाकरण आयोजित होने वाले सत्रो पर 9 माह से 5 साल तक के 196225 बच्चो को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी।

विटामिन ए एक वसा मे घुलनशील विटामिन है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन श्एश् की निर्धारित 9 खुराक दिए जाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढोत्तरी होती है और वे स्वस्थ्य व पोषित रहते है।कार्यक्रम का शुभारम्भ आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामली पर डाद्ध अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली के द्वारा बच्चो को विटामिन श्एश् की खुराक पिलाकर किया गया। उद्घाटन के समय डा. करन चौधरी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. दीपक चौधरी चिकित्सा अधीक्षक सामु. स्वा.के. शामली, मनीत बेनिवाल सहायक शोघ अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



# कांवड़ रूट पर और बनेंगे आठ शौचालय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर आठ अस्थायी शौचालय और सुरक्षा की दृष्टि से बिजली के खंभों पर आवश्यकतानुसार अर्थिंग कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न कांवड़ शिविरों का भी जायजा लिया और निगम के सभी अनुभागों से अपनी-अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने उक्त निर्देश आज दोपहर कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए। कांवड़ यात्रा के निगम के नोडल अधिकारी/अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने नगरायुक्त को बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर बेरिकेटिंग का कार्य तेजी से पूरा कराया जा रहा है। सड़क किनारे सभी झाड़ियों एवं पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य कराया भी निरंतर कराया जा रहा है। बिजली के खंभों पर रिफलेक्टर लगाने के अलावा करंट प्रोटेक्शन फिल्म भी लगवायी गयी है। अधिशासी अभियंता वी बी सिंह ने बताया कि कांवड़ शिविरों के अनुरुप पम्प रिबोर कराये गए है, कुछ और पम्प भी रिबोर कराये जा रहे हैं।



शिपू गिरि ने कांवड़ रुट पर लगाये जा रहे कांवड़ शिविरों में पहुंचकर शिविर संचालकों से भी बात की और निगम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नगर स्वास्थय अधिकारी से कहा कि साफ-सफाई में कहीं कोई लापरवाही न हो, इस बात का ध्यान रखें।

निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सहित अनेक अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** श्री अमरनाथ यात्रा सेवा संघ के तत्वावधान में बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शनों के लिए यात्रियों का एक जत्था पूजा अर्चना के बाद बम बम भोले-हर हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना हुआ।

बुधवार को श्री अमरनाथ यात्रा सेवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हवन पूजा अर्चना की गई।चेयरपर्सन रेणु बालियान, चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी,पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पंवार, संजय गुप्ता, मदनलाल बाठला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।वक्ताओं ने कहा कि श्रध्दा से की गई भक्ति का फल अवश्य मिलता है। इस दौरान राजपाल बाठला, रविंद्र चौधरी, मनोज शर्मा बॉबी, कन्हैया गुप्ता, सुशील कुमार, रोहिताश, विपिन, अमन मनचंदा, अमित,धीरज, पवन,शिवम,शुभम चौधरी आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दो चोर पकड़े, कब्जे से चोरी की गई पांच मोटर साईकिल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिहारीगढ़।** थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान सतपुरा गांव के समीप दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराई गई पांच मोटरसाइकिल बरामद की है। थाने लाकर दोनों आरोपियों को लिखा पढ़ी के बाद चालान कर दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक जावेद खान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि दिनेश कुमार पुत्र केहर सिह निवासी सतपुरा की लिखित तहरीर के बाबत अज्ञात चोरों के खिलाफ टीवीएस मोटरसाईकिल नं0 न्च11ौ-4834 को चोरी का मुकदमा संख्या 64/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। मोटरसाइकिल की बरामदगी हेतु उच्च अधिकारियों के निर्देश दिये गये तो आज मंगलवार को मुखबिर की स्टीक सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान 2 शातिर वाहन चोर सागर पुत्र उदयवीर निवासी ग्राम झबीरन थाना सरसावा व मोहसीन पुत्र असगर निवासी ग्राम झबीरन थाना सरसावा जिला सहारनपुर को सतपुरा गांव के बाहर ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे/निशानदेही से चोरी की 5 मोटरसाइकिले बरामद हुई।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/317(5)/318(4)/336(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने बताया कि हम दोनों गाँव झबीरन सरसावा के रहने वाले है। दोनो नशा करने के आदि हैं। नशे की लत को पूरा करने के लिये हम दोनो मोटर साईकिल चोरी कर सस्ते दाम में बेच देते हैं, पुलिस ने हमसे जो मोटरसाइकिल बरामद की है वह भी हमने सहारनपुर घन्टाघर चौक के आस-पास से व थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र में सुन्दरपुर से चोरी की है। चोरी की गयी मोटरसाइकिलों को छिपाकर पटाखा फैक्ट्री वाली रोड पर बंद पड़े क्रेशर में रख देते थे। पुलिस से बचने के लिये हम चोरी की गयी मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगा देते थे। आज जब चोरी की गयी मोटरसाइकिल को बेचने जा रहे थे तो पुलिस ने हमें पकड लिया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक विनीत चौधरी, देवेश कुमार, अशोक कुमार, हैड कांस्टेबल अजीत कुमार कांस्टेबल इस्लाम कास्टेबल विक्रान्त कुमार, राहुल कुमार, रवि कुमार शामिल रहे।

# किसानों ने बीडीओ को सौंपा मांगों का ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल ।** विभिन्न जन समस्याओ को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक स्थानीय खंड विकास कार्यालय में आयोजित की गई तथा निराकरण के लिए एक चार सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को दिया गया।बैठक में बढ़ती आवारा पशुओं की संख्या तथा विद्युत आपूर्ति , बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल गांगनौली द्वारा बकाया गन्ना भुगतान व क्षेत्र मे बरसात मे बढती जल समस्या का मुद्दा रहा।

बैठक मे आये किसानों ने कहा कि बिना शेड्यूल के बिजली कटौती की जा रही है। जिससे क्षेत्र का हर किसान दु:खी है । क्षेत्र में लगातार आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। जो दिन पर दिन किसानों की फसलों को बर्बाद करने का काम कर रही है। उन्होंने प्रशासन से आवारा पशुओं को पड़कर गौशाला भिजवाने की मांग की है। बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल पर अभी भी किसानों का करीब 130 करोड रुपए बकाया है उन्होंने शुगर मिल प्रबंधन तंत्र से शीघ्र ही बकाया भुगतान करने की मांग की। इसके अलावा क्षेत्र के तालाबों पर बढ़ते अतिक्रमण से बरसात में जल भराव की समस्या आ रही है । तालाबों से अतिक्रमण हटाया जाना अति आवश्यक है। बैठक में राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र त्यागी, विनोद कुमार, नबीश ,कृष्ण पाल, गगन चौधरी, हरपाल सिंह, पहल सिंह, संजय वालिया, कुर्बान अली, श्यामवीर सैनी,मूसा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो लाख कीमत की भैंसे चोरी

**नागल।** बीती रात अज्ञात पशु चोर घेर का ताला तोड़कर करीब दो लाख रुपए की दो भैंस चोरी कर ली।

गांव सीडकी निवासी गौरव त्यागी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार देर शाम वह अपने घेर में बंधे दुधारू पशुओं को ताला में बंद करके घर आ गया था। बुधवार सुबह करीब 4 बजे जब वह पशुओं को चारा डालने के लिए गया तो घेर का ताला टूटा हुआ था। घेर में बंधीं दो दुधारू भैंस खूंटे से गायब मिली। उसने अपने पशुओं की काफी खोजबीन की लेकिन कोई आता पता नहीं चला सका। पीड़ित व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कर अपनी भैंसों की बरामदगी की मांग की है। क्षेत्र में बढती पशु चोरी की घटनाओ से ग्रामीण परेशान है। गत 4 जुलाई को भी थाना क्षेत्र के गांव भिक्कनपुर निवासी सोहनलाल कि घर में बंधी दो भैंस चोरों ने चोरी की थी।

# सैकड़ों ने ली आसपा की सदस्यता

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सदस्यता अभियान ने विकास खंड मुजफ्फराबाद के सरदाहेडी गांव में जोर पकड़ा, जहां सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अभियान में राव मेहरबान, राव आबाद, राव राशिद, प्रधान राव इरफान, राव रिजवान, राव भोट्टू, राव तौकीर, राव लुकमान, राव जाहिद, राव फरमान, विक्रम प्रधान भूपेंद्र सैनी, नरेश, अमित, सुलेमान, मंगता, सन्नवर, इनाम, कालू, और शौकीन ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल ओजसवी, एडवोकेट, कोर कमेटी के सचिन खुराना, जिला अध्यक्ष राव सलीम, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सतीश रावत, भीम आर्मी संरक्षक सलमान चौधरी, और नगर अध्यक्ष छुटमलपुर शमशेर मलिक उपस्थित रहे।




राव सलीम, जो आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष हैं, ने अपनी समाज सेवा के जरिए क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक समानता के लिए कई पहल की हैं, जिससे दलित और अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्त करने में मदद मिली है। राव सलीम ने कार्यकर्ताओं से सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक समानता के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इस अभियान ने स्थानीय लोगों में उत्साह जगाया और पार्टी की विचारधारा को मजबूती दी।

# सार्वजनिक स्थानों पर लिखवाए अफसरों के मोबाइल नंबर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिहारीगढ।** पुलिस ने एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर एक अनोखी पहल शुरू की है, जो पहले कभी नहीं देखी गई ।

आज हर आम नागरिक के पास मोबाइल फोन तो है लेकिन पुलिस अधिकारियों के संपर्क नंबर अधिकांश लोगों के पास नहीं होते ।इसे आपात स्थिति में अपराध की सूचना या सुरक्षा के लिए पुलिस तक समय पर जानकारी नहीं पहुंच पाती । इस समस्या को दूर करने के लिए थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने क्षेत्र के सभी मोहल्ले व चौराहे और मैन हाइवे फ्लाई ओवर पर कम से कम 200-300 स्थानों पर बीट प्रभारी,चौकी प्रभारी,थाना प्रभारी, सीओ और एसपी देहात के मोबाइल नंबर व नाम दीवारों पर लिखने का अभियान शुरू किया गया है ।इस पहल के तहत नागरिकों को एक स्थान पर सभी पुलिस अधिकारियों के संपर्क नंबर आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे।

बिहारीगढ़ थाना प्रभारी जावेद खान ने बताया कि यह अभियान एसएसपी के आदेश पर शुरू किया गया है । इसके तहत थाना प्रभारी द्वारा पुलिस के नंबर दीवारों पर अंकित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार कानून व्यवस्था के कारण चौकी या थाना प्रभारी फोन नहीं उठा पाते ऐसे में उच्च अधिकारियों के नंबर भी उपलब्ध होंगे जिनसे नागरिक सीधे संपर्क कर सकेंगे। इस पहल का क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया है।

# अतिक्रमण ने जकड़ा छुटमलपुर

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** कस्बे की सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण स्थानीय निवा. सियों के लिए मुसीबत बन गया है। नगर पंचायत की लापरवाही और उदासीनता के कारण दुकानदारों ने फुटपाथ, नालियों और सड़कों के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है।

सहारनपुर रोड, देहरादून रोड और रोडवेज बस स्टैंड के आसपास हालात बदतर हो चुके हैं। दुकानों के सामने फैलाया गया सामान और सड़कों पर अनधिकृत रूप से खड़े ऑटो व ई-रिक्शा ने यातायात व्यवस्था को चरमरा दिया है। इससे पैदल यात्री, खासकर बुजुर्ग और बच्चे, सड़क के बीच चलने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। नगर पंचायत की निष्क्रियता ने अतिक्रमण को और बढ़ावा दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ और सड़कों पर सामान फैलाने से बाजार में खरीदारी करने वाले ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है। अनधिकृत पार्किंग और सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों ने जाम की समस्या को और गंभीर कर दिया है। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि कस्बे की सुंदरता भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय एक व्यापारी ने बताया कि अतिक्रमण के कारण ग्राहकों को दुकानों तक पहुं. चने में दिक्कत हो रही है, जिससे व्यापार पर असर पड़ रहा है। बुजुर्ग ममता देवी ने कहा कि फुटपाथ पर कब्जे के चलते सड़क पर चलना जोखिम भरा है। 11 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को देखते हुए यह समस्या और गंभीर हो सकती है। लाखों कांवड़ियों के आने से सड़कों पर जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। निवासियों का सवाल है कि अगर कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? नगर पंचायत की लापरवाही से तंग आ चुके निवासियों ने प्रशासन से तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे। जनता का गुस्सा इस बात से है कि उनकी शिकायतों को लगातार अनसुना किया जा रहा है। लोग अब प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि कांवड़ यात्रा से पहले यातायात सुचारु हो और कस्बे में सामान्य जनजीवन बहाल हो सके।

# भटपुरा में आएगी विकास की लहरः सुल्तान

शाह टाइम्स संवाददाता



**छुटमलपुर।** विकास खंड मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत भटपुरा से प्रधान पद के भावी उम्मीदवार और भारतीय किसान यूनियन तोमर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद ने गांव के समग्र विकास का संकल्प लिया है।

उन्होंने घोषणा की कि इस बार भटपुरा में विकास की ऐसी लहर आएगी, जो हर ग्रामवासी के लिए गर्व का विषय होगी। उन्होंने कहा कि गांव की प्रत्येक समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। उनका लक्ष्य है कि ग्राम पंचायत को विकास के पथ पर अग्रसर करते हुए हर घर तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अलावा, ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और कृषि आधारित योजनाओं को लागू करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सुल्तान अहमद ने अपील की कि वे उनके इस विजन में सहयोग करें ताकि भटपुरा को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया जा सके।

# दूसरे स्थान पर रहा राष्ट्रीय विद्यापीठ

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेजकी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




इस प्रतियोगिता में जिले की छह टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें गोचर इंटर कॉलेज, रामपुर मनिहारान ने प्रथम स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय विद्यापीठ की टीम की कप्तान आयुषी के नेतृत्व में मानवी, सलोनी, हिमानी, दिव्यांशी, निष्ठा और खुशी ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों को खेल अधिकारी ने मेडल और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि ने स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे दर्शकों का उत्साह भी चरम पर रहा।

राष्ट्रीय विद्यापीठ की छात्राओं ने कठिन परिश्रम और टीमवर्क के दम पर यह मुकाम हासिल किया।

कप्तान आयुषी ने बताया कि उनकी टीम ने कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास से यह सफलता प्राप्त की।

# जनपदभर में लगाए गए मां के नाम पौधे, देखभाल करने का किया आह्वान










**साढौली कदीम।** वृहद् वृक्षारोपण अभियान के तहत अलग अलग स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया गया और पेड़ो की देखभाल करने का आह्वान किया गया।

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य रामू चौधरी ने गांव लतीफपुर भूड़ में एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन कीमती लकड़ी खाने के लिए फल व दवाइयां प्राप्त होती है। जीवन में हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण की रक्षा की जा सके। गांव सिकंदरपुर में प्रधान संदीप कुमार सहगल ने पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह मां हमें जीवन देती है ठीक उसी तरह एक पेड़ भी धरती पर जीवन को पोषित करता है। कहा कि पेड़ लगाने के बाद हमें उसकी देखरेख भी करनी चाहिए क्योंकि कुछ लोग पेड़ लगाने के बाद उनको भूल जाते हैं और लापरवाही के कारण वह पेड़ सूख जाते हैं। इसलिए पेड़ लगाकर उसकी देख रेख करना भी बहुत जरूरी है

उधर, विद्युत विभाग द्वारा बेहट बिजलीघर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता व जेई जितेंद्र भटनागर ने कहा कि हमे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर एसडीओ, पवन बाबू, विनय पांडे, लाइनमैन अकरम मलिक विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

**बिहारीगढ।** एक पेड़ माँ के नाम ष वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत बिहारीगढ़ में स्थित आर आर सी सेंटर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्राम सभा थापुल इस्माइलपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुबोध कुमार व एडीओं पंचायत प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से कस्बा बिहारीगढ़ मे स्थित आर आर सी सेंटर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया । एडीओं पंचायत प्रमोद कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जीवन की धरोहर है । हवा व पानी के बिना सब माटी सून है । वही भाकियू टिकैत के राजकुमार राणा ने बताया कि हम सबको पर्यावरण के महत्त्व को हर जन को जागरूक करने की आवश्यकत है यदि हमें आने वाली पीढ़ियो का भविष्य सुरक्षित रखना है तो अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा । कार्यक्रम में सेक्रेटरी वैभव निर्वाल, रामप्रमेश टपरानिया, सोमपाल, हर्ष कुमार, राजू, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

**बेहट।** बुधवार को कस्बे के निकट बेहट बिजलीघर पर वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया वृक्षारोपण करने के उपरांत विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार, ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वातावरण एवं जलवायु के लिए अपने घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ पौधे लगाने चाहिए एस डी ओ बृजमोहन व जेई जित. ेंद्र भटनागर ने कहा कि पर्यावरण के वातावरण को संतुलित बनाए रखना के लिए हमे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी हम सब की बनती है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को चाहिए कि हमें अपने घरों के आँगन व अपने खेतो में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए जिस से हमें शुद्ध वातावरण मिलता रहे। इस मौके पर पवन बाबू, विनय पांडे अनिलं कुमार शर्मा,लाइनमैन अकरम मलिक, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

**नागल।** उमाही स्थित इन्द्रप्रस्थ इन्स्टीटयूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नॉलजी मे भी पौधरोपण कार्यक्रम निदेशक डा अंजू वालिया की अगुवाई में किया गया। जिसमे संस्थान परिसर मे छात्रों और स्टाफ ने मिलकर सैकडो पौधे रोपित किए। निदेशक डा अंजू वालिया ने कहा कि एक पेड मां के नाम कार्यक्रम पर्यावरणीय जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। मुख्य रूप से उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता,डा कमल कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

एडीओ पंचायत प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया कि खंड विकास नागल में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत को 2200 पौधे व पंचायत राज विभाग द्वारा 224 पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया था। पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक व महिला मेट के सहयोग से एक ही दिन में लक्ष्य पूरा किया गया।

वही थाना प्रांगण में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने पौधारोपण कर महोत्सव में भाग लिया।

**रामपुर मनिहारान।** ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि व्रक्ष जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग हैं जो ऑक्सीजन, फल फूल और साया देते हैं।इसलिए हर किसी को व्रक्षारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

विकास खण्ड रामपुर मनिहारान के गाँव घसौती में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह,बीडीओ सोनिका चौधरी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजीव कुमार ने एक व्रक्ष माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पीपल,सागौन, बखान,नीम आदि का पौधारोपण किया।ब्लॉक प्रमुख विजयपाल सिंह ने कहा कि व्रक्ष हमारे जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग हैं।व्रक्ष हमें फल फूल,ओषधि और साया और सूख जाने पर लकड़ी ही प्रदान नहीं करते बल्कि जीवन का आधार ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं।इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि न केवल व्रक्ष लगाए जाएं बल्कि उनकी देखभाल भी की जाए।उन्होंने कहा कि व्रक्ष प्रकृति का अनमोल उपहार हैं।व्रक्ष वर्षाजल को सरंक्षित करते हैं और मिट्टी कटाव को रोकते हैं।जैव विविधता को बढ़ावा देते हैं और हानिकारक प्रदूषकों को हटाते हैं।

बीडीओ सोनिका चौधरी ने कहा कि पर्यावरण को साफ रखने के लिए व्रक्ष आवश्यक हैं।हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है कि व्रक्षारोपण करें।

इस दौरान अक्षय वीर सिंह,धर्मवीर सिंह,ओम सिंह,रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय व लाला किशन चंद राजकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित ष्एक पेड़ माँ के नामष वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी।

शोभित विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर परिसर के विभिन्न स्थानों पर नीम, जामुन जैसे छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि प्रकृति और मातृत्व दोनों ही जीवन के मूल स्तंभ हैं, और इस कार्यक्रम ने इन दोनों को सुंदर रूप से जोड़ा है। कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने कहा वृक्षों के बिना न तो जीवन संभव है और न ही पृथ्वी पर संतुलन। हमें वृक्षों के महत्व को समझकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण हेतु हमारा विश्वविद्यालय सदैव तत्पर रहेगा। केयर टेकर सूफी जहीर अख्तर, डीन अकादमिक प्रो. तरुण कुमार शर्मा व वित्त अधिकारी जसबीर सिंह, डॉ. विकास पँवार, डॉ. महेन्द्रु गौतम, बद्रीश तिवारी, अनिल जोशी, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

लाला किशन चंद राजकीय महाविद्यालय में भी एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित कर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम दुधला के प्रधान नीरज कुमार, ग्राम जेहरा प्रधान बालेन्द सिंह व प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल सिंह ने अन्य प्राध्यापकों, स्टाफ व छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में आंवला, अमरूद, कुंजी इत्यादि पेड़ लगाएं। इस मौके परघ डॉ अर्चना, डॉ रचना मिश्रा, डॉ अभिलाष कुमार, डॉ आरती उपाध्याय, डॉ आशीष कुमार, डॉ जेबा फात्मा, संदीप कुमार, जनेश, संयोगिताआदि मौजूद रहे।

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम बकारका में आयोजित कार्यक्रम एक पेड माँ के नाम में लखनऊ से आये प्रमुख सचिव आईएएस रामकेवल के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। प्रमुख सचिव द्वारा गांव में विकास कार्यों का जायजा भी लिया गया।

बुधवार को प्रमुख सचिव राम केवल सरसावा विकासखण्ड के ग्राम बकारका में पहुंचे। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक व राजस्व अधिकारियों एवं ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान व पंचायत कर्मियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान प्रमुख सचिव आईएएस रामकेवल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना व माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, तहसीलदार सदर जसविन्द्र सिंह व ब्लॉक प्रमुख चौधरी ताहिर हसन आदि मौजूद रहे। वहीं ग्राम पंचायत बाकरका के प्रधान जाकिर हसन व समस्त ग्रामवासियों ने इस सहयोग व मार्गदर्शन के लिए सभी अतिथियों का हृदय से आभार प्रकट किया है।

**कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।**

पत्रांक/समग्र शिक्षा/गुण.वि./ 4057-64, दिनांक-09 जुलाई 2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

कार्यालय प्रेस विज्ञापित पत्र दिनांक 27.06.2025 को द्वारा अमर उजाला एवं शाह टाईम के दैनिक संस्करण में दिनांक 19 जून, 2025 को प्रकाशित विज्ञापन, समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र में Academic Reource Person (ARP) 13 रिक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 27.06. 2025 थी। प्रकाशित विज्ञाप्ति के सापेक्ष कम आवेदन प्राप्त होने के कारण, ए. आर.पी. आवेदन पत्र आमंत्रित करने की अन्तिम तिथि दिनांक-17.07.2025 तक बढ़ाई जाती है। आवेदन पत्र पंजिकृत डाक से कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर के पते पर आमंत्रित किये जा रहे है, शेष निर्देश एवं नियम यथावत है।

( कु. कोमल )
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहारनपुर।

**सूचना**

मुकदमा अपराध संख्या 33/07 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्टर बनाम जहीर पुत्र जमील निवासी अम्बेहटा रिन्दान, थाना झिंझाना, जिला शामली, उ.प्र. में फरार चल रहे जहीर पुत्र जमील के आवास पर माननीय न्यायालय गैंगस्टर कोर्ट जनपद सहारनपुर के आदेश पर धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

**बिजेन्द्र पाल सिंह, एस.आई. थाना नानौता, जनपद सहारनपुर।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शोएब व शाहिल को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए किसी कार्य का मैं व परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री शमीम पुत्र फकरुदीन निवासी मौहल्ला सराय कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।**

# ट्रेन की चपेट में आने से मदरसा छात्र की मौत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दोस्त को छोड़ने के लिए गया मदरसा छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद स्वजन छात्र का शव अपने साथ ले गए जहां उसे नम आंखों के साथ सपुर्द ए खाक कर दिया गया।

ईदगाह रोड स्थित दारुल उलूम अशरफिया का 20 वर्षीय छात्र मोमिन पुत्र सिराजुद्दीन निवासी गांव मथेपुर जिला पलवल हरियाणा मंगलवार की देर रात करीब 12 बजे कुछ साथियों के साथ अपने एक दोस्त को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में बिठाने के लिए रेलवे स्टेशन गया था। बताया जाता है कि इसी दौरान वह ट्रैक से गुजर रही तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। छात्र की मौत की खबर मिलने पर मदरसे के मोहतमिम मौलाना सालिम अशरफ कासमी समेत अन्य जिम्मेदार मौके पर पहुंचे और छात्र के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद जीआरपी ने शव का पंचनामा भर मोर्चरी भिजवा दिया। बुधवार की सुबह मृतक छात्र के स्वजन सहारनपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव को लेकर वापस अपने गांव लौट गए जहां पर देर शाम मृतक को नम आंखों के साथ सपुर्द ए खाक कर दिया गया। इस दौरान मदरसे के जिम्मेदार भी मौजूद रहे।

# वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

भाजपाइयों ने देवीकुंड रोड स्थित मेला मैदान में पौधरोपण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ पर्यावरण शुद्ध वातावरण के इस अभियान में उत्साह से सेवा कार्य किया। नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, मोहनलाल कोरी, महामंत्री राजेश अनेजा, राममोहन सैनी, अजय गर्ग, उमंग शर्मा, विशाल गर्ग, सतीश गोयल मौजूद रहे। जामिया कालेज आफ फार्मेसी प्रागण में 443 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित किए गए। कॉलेज के सचिव डा. अनवर सईद व डा. अख्तर सईद ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए इनका संरक्षण करने के साथ ही अपने घरो व आसपास पौधे लगायें। भायला पीजी कालेज परिसर में 300 पौधों का रोपण हुआ। अध्यक्ष श्याम कुमार रावत, सचिव कंवरपाल सिंह, निदेशक बीएस यादव, प्राचार्य डा. प्रवीण अग्रवाल आदि मौजूद रहे। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की। प्राचार्य प्रो. अतुल शर्मा ने छात्रों को पौधरोपण का महत्व बताया। कॉलेज में वृक्षारोपण कर प्रयावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाने का आहवान किया। इस्लामिया डिग्री कॉलेज एवं इस्लामिया कॉलेज ऑफ लॉ प्रागण में प्रदेश शासन व मां शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी, सहारनपुर के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। लक्ष्य के सापेक्ष दोनों कालेज में लगभग 710 पौधों रोपित किये गए। जिसमें जामुन, आंवला, बोतल ब्रश, सागौन, सहजन, नीम,आम तथा अमरूद आदि के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना, विद्यार्थियों एवं जनता में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ० वकील अहमद ने समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई एवं संरक्षण का संकल्प दिलाया ताकि पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सके। देवबंद ब्लॉक क्षेत्र के गांव डांडी थामन के प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण सप्ताह के अन्तर्गत ब्लॉक खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने वृक्ष रोपित करने के उपरांत ग्रामीणो व छात्र /छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। वृक्ष शुद्ध वातावरण का मुख्य स्रोत होता हैं जो स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। इसलिए हमें वृक्षरोपण करना चाहिए।

# अदालत मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं का रखेगी ख्याल: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दिल्ली हाईकोर्ट में उदयपुर फाइल्स फिल्म के प्रदर्शन के खिलाफ दाखिल की गई याचिका पर हुई सुनवाई पर जमीयत उलमा–ए–हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि हमें पूरी यकीन है कि अदालत मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखेगी। वहीं, फिल्म के प्रदर्शन पर रोक के लिए जमीयत उलमा–ए–हिंद तमिलनाडु (मौलाना महमूद मदनी गुट) की ओर से मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। जमीयत उलमा–ए–हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि हमारे कोर्ट जाने के बाद फिल्म निर्माता और सेंसर बोर्ड के वकीलों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि फिल्म के ट्रेलर से विवादित सीन हटा लिए गए हैं। मौलाना मदनी ने न्यायिक कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि अदालत फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद इसके रिलीज के संबंध में मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखते हुए, संविधान की रोशनी में ऐसा फैसला देगी जिससे संविधान की सर्वोच्चता स्थापित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद बृहस्पतिवार (आज) फिर से सुनवाई होगी। वहीं, दूसरे गुट के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी और दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की सलाह पर जमीयत उलमा तमिलनाडु ने मद्रास हाईकोर्ट में फिल्म पर रोक के लिए जनहित याचिका दायर की है। यह याचिका जमीयत तमिलनाडु के महासचिव हाजी हसन अहमद की ओर से दायर की गई है।

## मूसलाधार बारिश के चलते पानी दुकानों व घरों में घुसने से लोगों को हुई असुविधा

**देवबन्द।** मूसलाधार बारिश से खेत खलिहान एवं सड़कें जलमग्न हो जाने के साथ ही बारिश की वजह से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया। बारिश का पानी दुकानों और घरों में घुसने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

दोपहर के समय हवा के साथ शुरु हुई मूसलाधार बारिश ने खेत खलिहान और सड़कों को जलमग्न कर दिया। इतना ही नहीं बारिश का पानी दुकानों और घरों में घुसने से लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। बड़जियाउलहक, पठानपुरा, बैरुन कोटला, खानकाह, दारुल उलूम मार्ग, दारुल उलूम वक्फ क्षेत्र, रेलवे रोड, दगड़ा और नेचलगढ़ में जलभराव होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। त्रिवेणी शुगर मिल प्रयोगशाला के प्रभारी सुभाष वर्मा ने बताया कि बुधवार को 40 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि जून माह से अब तक कुल 840 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। उन्होंने अभी ओर बारिश की संभावना जताई है।

## डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** प्रदेश में योगी सरकार द्वारा पांच हजार विद्यालयों को बंद करने के निर्णय को लेकर समाजवादी शिक्षक सभा ने राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपते हुए इस निर्णय को वापस लेने सहित चार सूत्रीय मांगें रखी। जिला अध्यक्ष लईक अहमद खान के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी जसजीत कौर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगभग पांच हजार विद्यालयों को बंद करने का जो निर्णय लिया है वह शिक्षा विरोधी है और संविधान के अनुच्छेद 21 ए द्वारा प्रदत मौलिक अधिकार नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के भी प्रतिकूल है ।



देवबन्द। इस्लामिया डिग्री कॉलेज प्रागण में पौधे रोपित करते प्रधानाचार्य व अन्य **छाया: शाह टाइम्स**

# धामपुर में सपा से जुड़े आदर्श चौहान गिरफ्तार

## चेक बाउंस मामले में जारी हुआ था गैर जमानती वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में उस वक्त हलचल मच गई जब खुद को समाजवादी पार्टी से जुड़ा बताने वाले नेता आदर्श चौहान को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। उन पर चेक बाउंस के मामले में गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।

जानकारी के मुताबिक आदर्श चौहान, निवासी आरएसएम तिराहा, लंबे समय से खुद को आरटीआई एक्टिविस्ट, सपा नेता और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से जुड़े पूर्व पदाधिकारी बताते रहे हैं। उन्होंने पार्टी के किसान सभा में प्रदेश अध्यक्ष और मीडिया प्रभारी जैसे पदों पर काम किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अमरो. हा न्यायालय से जारी nbw मंगलवार को धामपुर पुलिस को प्राप्त हुआ था। कोतवाली प्रभारी राजेश चौहान की अगुवाई में टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि चौहान ने कुछ माह पूर्व एक व्यक्ति को भुगतान हेतु चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। मामले में न्यायालय ने कई बार समन भेजे, लेकिन जब वे हाजिर नहीं हुए, तो अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया।

कोतवाल राजेश चौहान ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद चौहान को अमरोहा की अदालत में पेश किया गया है। राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले इस गिरफ्तारी को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। उधर बताया जाता है कि कोर्ट में पेश होने के बाद फिर से राहत मिल गई।

# खरबूजा बन गई बिजनौर पुलिस

## कोर्ट ने विवेचक के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी से कहा

**समीउल्लाह**

**बिजनौर।** भाजपा नेता व कारोबारी के बीच विवाद व मारपीट के मामले में शहर कोतवाली पुलिस खरबूजा बन गई है। एक तरफ भाजपा नेता उसके ऊपर पक्षपात करने और कारोबारी व उसके पुत्र की मदद करने का आरोप लगा रहे हैं। तो दूसरी तरफ कोर्ट ने भी उसके ऊपर शिकंजा कस लिया है। गंभीर धाराएं लगाने पर पुलिस खुद कटघरे में आ गई है। पुलिस की कार्रवाई को गलत मानते हुए कोर्ट ने कारोबारी को तुरंत जमानत दे दी और कारोबारी पर जानलेवा हमले की धारा में की गई कार्रवाई को कोर्ट ने अत्यधिक कठोर मानते हुए एसपी को पत्र भेजा है और विवेचक के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। शहर कोतवाली पुलिस के लिए एक तरफ कुआं और दूसरी तरफ खाई वाली स्थिति बन गई है। जबकि शहर कोतवाली पुलिस ने पूरी निष्पक्षता से काम किया है।

गौरतलब है कि छह जुलाई की रात को भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी व उनके साथी तुषार मलिक का आरा मशीन कारोबारी खालिद व उसके पुत्र अब्दुल्ला का वाहन हटाने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों तरफ से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया था। ऐसा नहीं है कि कोई एक पक्ष ही अकेला कसूरवार हो। मौके पर तमाम तमाशबीन जमा हो गए थे। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष व उसके दोस्त के साथ गाली–गलौच, धक्का–मुक्की व मारपीट हुई थी। शहर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक आरोपी अब्दुल्ला को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने विवाद को देखते हुए खालिद व उसके पुत्र अब्दुल्ला के खिलाफ जान से मारने की कोशिश समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया था। लेकिन इससे भी भाजपा नेताओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। वह लगातार पुलिस पर दबाव बनाए हुए हैं कि फिर से कार्रवाई की जाए। इस बीच कोर्ट ने माना है कि इस मामले में ओवर एक्शन किया गया है। कोर्ट ने विवेचक द्वारा की गई कार्रवाई पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने पाया कि न तो कोई घातक हथियार इस्तेमाल हुआ और न ही किसी को गंभीर चोट आई। इसके बावजूद आरोपी पर जानलेवा हमले की धाराएं लगाई गईं, जो प्रथम दृष्टया विवेचना की निष्पक्षता पर सवाल खड़ी करती है। कोर्ट ने पूरे मामले में पुलिस की भूमिका को अनुचित मानते हुए एसपी अभिषेक को पत्र भेजा है। इसमें मामले की दोबारा जांच कर निष्पक्षता से विवेचना करने और विवेचक पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब की यह मामला काफी गर्माया हुआ है। भाजपा नेता लगातार पुलिस पर दबाव बना रहे हैं। जबकि पुलिस ने भाजपा नेताओं के दबाव में जो कार्रवाई की है, उसमें ही गर्दन फस गई है। भाजपा नेता चाह रहे हैं कि खालिद और उसके भाई तालिब को बर्बाद कर दिया जाए। उनके कारोबार पर चोट पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इस मामले को इतना बड़ा बना दिया गया है कि हर कोई सवाल कर रहा है। सोशल मीडिया पर तो भाजपा नेताओं की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष का लाइसेंस निरस्त करने की मांग भी की जा रही है।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ वृक्षारोपण



**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स मुजफ्फरनगर में उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा दिए गए दिशानिर्देशो के क्रम में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य डाद्व सचिन गोयल, डीन डा. नवनीत वर्मा, विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल, डा. मोनिका रूहेला, एकता मित्तल ने उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थियों को वृक्षो के संरक्षण व रोपण से जुडे हुए लाभकारी परिणामों के बारे में अवगत कराया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महाविद्यालय को कुल 600 वृक्षारोपण करने का लक्ष्य दिया गया था जिसको महाविद्यालय द्वारा आवंटित लक्ष्य का 100 प्रतिशत वृक्षारोपण किया गया। इस लक्ष्य को हासिल करने हेतु सभी शिक्षकगण व विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। वृक्षरोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत कई प्रजातियों के वृक्ष नीम, अमरूद, आम, अनार, सिरस, जामुन बकेन, मोरपंखी, आंवला, बॉटलब्रश आदि पौधो का रोपण किया गया। सभी शिक्षकगणों व विद्यार्थीयों ने आज रोपित समस्त पौधों को गोद लेते हुए यह घोषणा भी की कि इन पौधों का समुचित ध्यान रखेंगे। इस अवसर पर डा. सुरेश चन्द शुक्ला, डा. महेन्द्र सिंह, डा. ज्ञानेन्द्र, डा. श्वेता सिंघल, डा. मानसी अरोरा, मोनिका पंवार, ओमकार सिंह, अमन वर्मा, रोहित पाल, प्राची चौधरी, शेखर सिंह, राखी धीमान, वंशिखा, वर्षा पांचाल, नीरज कुमार, वीरेन्द्र कुमार, डाद्व नीतू पंवार, साक्षी, गरिमा कंसल, प्रियंका जैन, कमर रजा, कृष्ण कुमार, संकेत जैन, नितिन गोयल, आशीष पाल आदि ने सहयोग किया।

## रोजगार मेला 14 जुलाई को

**बिजनौर।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई बिजनौर में 14 जुलाई को प्रात: 11 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी, जो जनपद के बेरोजगार युवाओं को साक्षात्कार के बाद चयन कर नियुक्ति पत्र प्रदान करेगी। प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि मेले में युवक एवं युवतियां अपने समस्त शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

## चोरियों को लेकर ग्रामीणों में रोष

**कालागढ़।** बीते दिनों की रात को ग्राम भिक्कावाला में चोरों ने एक ट्यूवेल को अपना निशाना बनाते हुए ट्यूवेल से इनवर्टर बैट्री एवं कृषि यंत्र चोरी करके ले गए। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि दो महीने पूर्व धीरेंद्र नेगी एवं धर्मेंद्र रावत के खेतों में लगे ट्यूवेल के बैटरी केबिल एवं कृषि यंत्रों की चोरी भी कर ली गई थी। जिसकी शिकायत उक्त लोगों ने थाना अफजलगढ़ में दर्ज कराई थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के पश्चात चोरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। ग्रामवासियों ने कई बार पुलिस प्रशासन से चोरों की खोज बीन करने के लिए गुहार लगाई, लेकिन पुलिस के हाथ चोरों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। जिससे ग्राम वासियों में रोष पनपा हुआ है। ग्राम वासियों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण चोरों के हौसले बुलंद है। ग्रामवासियों ने जल्द से जल्द पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई कर चोरों को पकड़ने की मांग की है।

# साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुल रहा बाजार

## आदेशों का कड़ाई से पालन कराने में अफसर नाकाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में साप्ताहिक बंदी के आदेश का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला प्रशासन के द्वारा जनपद के सभी नगरों के लिए साप्ताहिक बंदी के दिन निर्धारित किए गए थे। निर्धारित दिन में इन नगरों में बाजार बंद रहना चाहिए था। बिजनौर में बुधवार का दिन बंदी के लिए निर्धारित किया गया था। मगर इसका कतई भी पालन नहीं किया जा रहा है। मुख्य बाजार से लेकर सिविल लाइन सहित अन्य बाजार आज भी पूर्व की तरह खुले रहे। किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने बाजार में पहुंच कर न तो दुकानें व अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कराने का प्रयास किया और न ही आदेशों का उल्लंघन करने पर इनका चालान काटा। खास बात यह है कि जनपद मुख्यालय पर ही साप्ताहिक बंदी के आदेश का पालन नहीं कराया जा रहा है, तो अन्य नगरों व कस्बों में कैसे बाजार बंद हो सकता है। यहां के दुकानदारों का दो टूक कहना है कि बिजनौर में जिला. धिकारी से लेकर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय व निवास है। सबसे पहले बिजनौर मुख्यालय पर इस आदेश का पालन कराया जाना चाहिए, तब जा कर अन्य स्थानों के बाजार बंद कराए जा सकते है।





सूत्रों का कहना है कि अफसरों के भ्रष्टाचार की वजह से वह अपने आदेशों पर सख्ती के साथ अमल नहीं करा पाते है।

अफसर आदेश कर सिर्फ खानापूर्ति करते है। दूसरी तरफ विभिन्न संगठनों के द्वारा इस तरह के आदेशों का विरोध किया जाता है। वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए इन आदेशों पर अमल नहीं होने देते है।

# किसान मजदूर सभा ने सौंपा मांग पत्र

**बिजनौर।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की ऑल इंडिया हड़ताल के समर्थन में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता दोपहर 12 बजे जिला अधिकारी कार्यालय बिजनौर पहुंचे। राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र जिला अधिकारी को दिया। मांग पत्र में कर श्रम संहिताओं को वापस लिए जाने, सुरभि के अधिकार बहाल करने, 300 यूनिट घरेलू बिजली उत्तर प्रदेश सरकार मुफ्त देने, स्मार्ट मीटर लगाना बंद किए जाने, उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों के विलय के आदेश को वापस लिए जाने, प्रदेश सरकार के द्वारा 69 000 सहायक अध्यापकों को हटाने वाला आदेश वापस लेने, सभी भूमिहीनों को आवास/ खेती के पट्टे दिए जाने, कृषि विपणन नीति रद्द करने, नौजवानों को रोजगार, महिलाओं को समान अधिकार दिये जाने, दलितों, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद किए जाने, किसान की फसल खरीदने के लिए एसपी गारंटी कानून बनाए जाने, मनरेगा मजदूरों के पैसे का भुगतान किए जाने, 200 दिन काम और 500 रुपए प्रतिदिन मनरेगा मजदूरी देने संबंधी मांगें ज्ञापन में की गई। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड शमशाद हुसैन, जिला महासचिव सुभाष चंद्र, कुलविंदर सिंह, कपिल कुमार, रवि कुमार, डॉक्टर दानिश अली, नवनीत कुमार, मुस्तकीम, रमजान अली, जिला मीडिया प्रभारी कादिर अंसारी रहे।

# वृक्षारोपण अभियान: साइम राजा व मन्नान ने लगाए पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट व मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल मंडावर रोड किरतपुर में अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत पेड़ लगाए और जनता से भी पेड़ लगाने का आह्वान किया।

सरकार द्वारा चलाए जा रहे वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम नगर के विभिन्न जगहों पर पेड़ लगाए गए। इस क्रम में मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हाय एजुकेशन व मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल में भी उक्त अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन के लिए उतना ही जरूरी है, जितना जीने के लिए खाना जरूरी है। हमें पेड़ लगाकर उसकी देखभाल एक बच्चे की तरह करनी चाहिए। स्कूल मैनेजर मरियम साईम ने भी पेड़ों का इंसान की जिंदगी में महत्त्व बताया।


नगर पालिका द्वारा भी एक पेड़ माँ के नाम के क्रम में पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व पालिका अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता सहित वार्ड सभासदों द्वारा पौधरोपण किया गया। नगर पालिका टीम द्वारा जगह जगह चिन्हित किये गये स्थलों पर पर पौधे रोपित किये गये। इस कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा चलाये जा रहे वृहद वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत हर सदस्य को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के क्रम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। जिससे हमारा शहर हरा भरा हो व चारों तरफ हरियाली हो। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान, अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता व पालिका वार्ड सभासदगण सहित प्रधान लिपिक हसन मुस्तफा, लेखाकार सुरेंद्र सिंह, बाबूराम, ज्ञानेश्वरा नंद, मुस्तकीम, उमेन्द्र, सोनू, प्रशांत, नासिर, अदनान, अजहर, नौमान आदि रहे।

# 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे भारत-इंग्लैंड

- इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी पिच की मांग की
- तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रंप कार्ड बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड सीरीज में 1-1 की बराबरी हो जाने के बाद गुरुवार से ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे। जीतने वाली टीम को सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हो जायेगी। पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जबरदस्त वापसी करते हुए रनों के लिहाज से 336 रन से विदेशी जमीन पर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। द

ूसरा मैच हारने के बाद इंग्लैंड की टीम भी वापसी करने के लिए बेताब होगी और इसके लिए उसने लॉर्ड्स में तेज और उछाल वाली पिच रखने को अपना लक्ष्य बनाया है। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। इस मैच में तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और गस ऐटकिंसन की इंग्लिश टीम में वापसी हो सकती है। हैमस्ट्रिंग खिंचाव के बाद एटकिंसन की कमी इंग्लैंड को खली है और उनकी रिकवरी उम्मीद से ज्यादा लंबी रही है। लेकिन उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है, जिसमें आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। एटकिंसन का लॉर्ड्स में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने यहां दो टेस्ट में एक शतक के साथ-साथ 19 विकेट भी लिए हैं। भारत के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह ने दूसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल 17 विकेट लिए थे। सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और आकाशदीप ने दूसरी पारी में छह विकेट झटके थे। उनके प्रदर्शन ने भारत की जीत के लिए आधार तैयार किया था। तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रम्प कार्ड जसप्रीत बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। बुमराह ने पिछली बार 24 जून को हेडिंग्ले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में उन्होंने कुल 43-4 ओवर फेंके थे। उस दौरान उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए और दूसरी पारी में विकेट रहित रहे। कमर की परेशानी को देखते हुए उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में पांच में से तीन टेस्ट खेलने की सलाह दी गई थी। इसी वजह से उन्होंने बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट से बाहर रहने का फ़ैसला किया। इस फैसले की काफी आलोचना हुई, क्योंकि कई लोगों को डर था कि भारत 0-2 से पीछे हो सकता है। एक अनुभवहीन तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ इंग्लैंड को फायदा मिलने के काफी आसार थे। लेकिन वो आशंका ग़लत साबित हुई। भारत ने बर्मिंघम में दबदबे वाली जीत के साथ सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। इसके बाद शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम मंगलवार को लॉर्ड्स में अपने पहले अभ्यास सत्र के लिए एक सहज और आत्मविश्वासी माहौल में पहुंची। सबसे ज्यादा सहज बुमराह दिखे, जो इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से ही अभ्यास सत्रों में चुलबुले और मजाकिया मूड में रहे हैं। लेकिन गेंद हाथ में आते ही बुमराह की गंभीरता और तीव्रता में कोई कमी नहीं थी। उन्होंने बिना कोई ब्रेक लिए लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी की। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि कई प्रमुख भारतीय बल्लेबाज वैकल्पिक अभ्यास सत्र से आराम पर थे। गैरहाजिर खिलाड़ियों में शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप शामिल थे। लेकिन बुमराह ने करुण नायर, बी- साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन और ध्रुव जुरेल की तकनीक और धैर्य की कड़ी परीक्षा ली। बल्लेबाजी में फिलहाल भारत का मजबूत पक्ष है। यशस्वी जायसवाल, राहुल और कप्तान शुभमन गिल की तिकड़ी एक बार फिर रनों का अम्बार लगाने के लिए तैयार है। ऋषभ पंत इस त्रिकोण में चौथे कोण का काम करते हैं। गिल ने दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे। पंत ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए थे। रवींद्र जडेजा दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक बनाकर मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस बार मौसम का पूर्वानुमान ठीक-ठाक है, तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।



# अल्काराज-अनिसिमोवा विंबलडन के सेमीफाइनल में

- अल्काराज ने 1:39 मिनट चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नोरी को हराया

**लंदन, वार्ता।** गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को और महिला वर्ग में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइल में प्रवेश किया। सेंटर कोर्ट में खेले क्वार्टर फाइनल में अल्काराज ने एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में अमेरिकी टेलर फिट्ज से मुकाबला करेंगे एक नंबर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नाटकीय क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी पहले सेट में दबदबा बनाने और दूसरे सेट में 5-2 से आगे होने के बाद सीधी जीत की ओर अग्रसर दिख रही थीं। लेकिन मैच उस समय रोमांच पैदा हो गया जब बीमारी और थकान से जूझ रही पाव्लुचेनकोवा ने जोरदार वापसी की। रूसी खिलाड़ी ने कई मैच पॉइंट बचाए और सेट को रोमांचक टाई-ब्रेकर में पहुँचा दिया। अनिसिमोवा ने आखिरकार अपने चौथे मैच पॉइंट पर 10-9 के स्कोर पर शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अनिसिमोवा अब सेमीफाइनल में नंबर 1 वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।

# रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे गिल

- दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान उपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है शुभमन गिल



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार एजबस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने साथी जो रूट को पछाड़ कर जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है और अब रूट से 18 अंक आगे हो गए हैं।

जो रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दूसरे टेस्ट में 269 और 161 रनों की ऐतिहासिक पारियां खेलने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 15 स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ 807 रेलटग अंक हैं। इसके अलावा केन विलियमसन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीवन स्मिथ (पांचवें) हैं। अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 184 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को भी फायदा हुआ है, वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ऑलराउंडर वियान मुल्डर को बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों, दोनों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।

# लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर को टीम में बुलाया

- भारत से मिली हार के बाद इंग्लैंड ने टीम में बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह आर्चर को बुलाया

**लॉर्ड्स, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में वापस बुलाया है। कोहनी और पीठ की चोटों के कारण करीब साढ़े चार साल से सीमित ओवरों के मुकाबलों में खेल रहे जोफ्रा आर्चर को कल लॉर्ड्स में होने वाले मैच के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम शामिल किया गया है। इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते भारत से मिली 336 रनों से करारी हार के बाद टीम में एक बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। टंग इस सीरीज में 11 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। पिछले महीने उन्होंने ससेक्स के लिए 18 ओवर गेंदबाजी करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें भारत के खिलाफ उसी मैदान पर होने वाली इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है जहां उन्होंने छह साल पहले अपना टेस्ट पर्दापण किया था।

इंग्लैंड की टीम: जैक ,डकेट,ब्रूक ओली,रूट,स्टोक्स (कप्तान), जेमी (विकेटकीपर), ब्राइडन कार्स, क्रिस, जोफ्रा और शोएब बशीर।

## उत्तर प्रदेश ने चंड़ीगढ़ को हराया, महाराष्ट्र पंजाब मैच रहा ड्रा

**रांची, वार्ता।** पंद्रहवीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के सातवें दिन बुधवार को जहां उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की, वहीं महाराष्ट्र बनाम पंजाब का मैच ड्रॉ रहा। यहां खेले गए दिन के पहले मैच में महाराष्ट्र ने समूह 'ए' में पंजाब के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। महाराष्ट्र के लिए अन्वी रावत ने (35वें मिनट) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही पंजाब की सलोनी ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने में विफल रही और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अगले मैच में उत्तर प्रदेश ने समूह 'ए' में चंडीगढ़ को 4-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए रैना ने 34वें, 48वें, 59वें मिनट में गोल की हैट्रिक लगाकर शीर्ष गोल का खिताब अपने नाम किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चोटिल हसरंगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर

**कैंडी, वार्ता।** श्रीलंका के शीर्ष स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीच मैच में श्रीलंका को मैच में वापसी दिलाने हसरंगा आखिरी एकदिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मेजबान टीम श्रीलंका ने यह एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती ली थी। हसरंगा के स्थान पर अभी तक किसी अन्य खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। वह कोलंबो लौटकर हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया शुरू करेंगे। चरित असालंका टीम की कप्तानी करेंगे।

### चोटिल फिन एलन जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली आगामी त्रिकोणीय से बाहर हो गए है। एलन को अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलते समय पैर में चोट लगी। उन्हें आगे की जाँच के लिए न्यूजीलैंड भेजा जाएगा।

चोट के कारण 26 वर्षीय एलन 14 जुलाई से शुरू होने वाली मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड एलन की जगह किसी खिलाड़ी के नाम की घोषणा करेगा। जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड का पहला मैच 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है।

# सीरीज जीतने का प्रयास करेगी हरमनप्रीत एंड कंपनी



- मेनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है लेकिन टी-20 में बल्लेबाजी के लिए अच्छी है

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच मैनचेस्टर में 9 जुलाई को होने वाला मुकाबला इतिहास का हिस्सा बनने जा रहा है। 2012 के बाद पहली बार ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर कोई महिला टी-20 खेला जाएगा, और भारत पहली बार इस मैदान पर कदम रखेगा। सीरीज के पहले तीन मैचों में रोमांच बना रहा है, लेकिन चौथे मुकाबले में पिच, मौसम और दबाव - तीनों का मिजाज अलग होगा। अगर भारत यह मैच जीतता है तो सीरीज उनके नाम हो जायेगी, वहीं अगर इंग्लैंड जीतता है तो सीरीज बराबर पर आ जाएगी।

मैनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है, लेकिन टी-20 में यह बल्लेबाज़ी के लिए अच्छी भी रही है। ऐसे में टॉस अहम भूमिका निभाएगा। यदि बादल छाए रहे, तो पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जा सकता है। अक्सर इंग्लैंड की टीम घरेलू परिस्थितियों में मजबूत रही है, लेकिन भारत ने पिछले मुकाबलों में दिखाया है कि वो तेज गेंदबाजों के सामने टिक सकती है। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अगर रंग में आ जाए तो इंग्लैंड की गेंदबाजी की परीक्षा होनी तय है। दूसरी ओर, इंग्लैंड पिछले मैच में सलामी जोड़ी द्वारा 137 रनों की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी। ऐसे में नियमित कप्तान नैट सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में कार्यवाहक कप्तान टैमी बोमॉन्ट और एमी जोंस पर इंग्लैंड के मध्य क्रम की जिम्मेदारी होगी। भारत इस सीरीज में काफ़ी अच्छी लय में रहा है। इसी कारण से उनकी टीम में शायद ही कोई बदलाव हो। साथ ही इंग्लैंड ने भी अपना पिछला मुकाबला जीता था, वह भी अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगा।

# रैना आईएससीएल के ब्रांड एंबेसडर बने



**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट स्टार सुरेश रैना को इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग (आईएससीएल) का आधिकारिक एंबेसडर नियुक्त किया गया है। रैना ने कहा कि मैं जमीनी स्तर के क्रिकेट की अपार संभावनाओं में विश्वास करता हूँ। यहीं से सपनों की शुरुआत होती है और मैं इस लीग का हिस्सा बनकर उत्साहित हूँ जो देश भर की प्रतिभाओं को सामने लाती है। संस्थापक और अध्यक्ष डॉ-गंगाधर राजू के नेतृत्व में इस अभूतपूर्व पहल के माध्यम से रैना का लक्ष्य महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को सामने लाना है। आईएससीएल के पहले सीजन में 32 टीमें विभिन्न भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के लिए डिजाइन किए गए फेंचाइजी-आधारित मॉडल में होंगी। 29 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ, लीग का लक्ष्य एक मजबूत प्रतिस्पर्धा संरचना स्थापित करना है जो महत्वपूर्ण ध्यान और भागीदारी को आकर्षित करे। इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग 1 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2025 के बीच मुख्य रूप से बेंगलुरु के आचार्य स्टेडियम में होगा।

# भारत 'ए' ने हॉकी में आयरलैंड को हराया

- भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने अपने यूरोप दौरे की शानदार शुरुआत करते हुए आयरलैंड को 6-1 से हराया

**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 6-1 की शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। ओरांजे-रूड हॉकी क्लब में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने चारों क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन किया।

उत्तम सिंह ने गोलकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। अमनदीप लाकड़ा ने गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद आदित्य लालगे ने लगातार दो गोल दागकर शानदार प्रदर्शन किया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर स्कोर में योगदान दिया। भारत की मजबूत रक्षापंक्ति के आगे आयरलैंड एकमात्र सांत्वना गोल कर सका। भारतीय टीम अपने दूसरे मैच मे आयरलैंड से भिड़ेगी।

इसके बाद, वे अगले दो हफ्तों में भारत फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेंगा।



## आरटीए के करन सिंह बने भारत के नंबर-2 रैंक वाले खिलाड़ी

**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के करन सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए नवीनतम एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 426 का स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही वह भारत के दूसरे नंबर के एकल खिलाड़ी बन गए हैं, भारत के नंबर 1 सुमित नागल (वर्ल्ड नंबर 307) के ठीक पीछे।

# ज्योति सुरेखा वेन्नम-ऋषभ यादव ने कंपाउंड मिक्सड टीम में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**स्पेन, वार्ता।** एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 स्टेज 4 में कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए रिकार्ड को तोड़ दिया। वाल्हेर्मोसो स्टेडियम में हुए मुकाबले में ज्योति और ऋषभ ने व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यादव ने 85 तीरंदाजों के बीच शुरू हुई स्पर्धा में अंत तक नेतृत्व करते हुए 716 अंक बनाए, वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने 715 अंक हासिल किए। ज्योति और ऋषभ ने मिलकर कुल 1431 अंकों का स्कोर बनाया, जो कि डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए गए पिछले मिक्स्ड टीम वर्ल्ड रिकॉर्ड (1429 अंक) से बेहतर रहा। हालांकि, व्यक्तिगत कम्पाउंड विश्व रिकॉर्ड 718 अंकों पर बरकरार है। यादव ने विश्व आर्चरी के साथ हुए एक साक्षात्कार में कहा, ह्यह बेहद खास है क्योंकि कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा को हाल ही में ओलंपिक गेम्स में शामिल किया गया है और हम समय के साथ ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यादव और ज्योति ने सेंट्रल फ्लोरिडा में सीजन के पहले टूर्नामेंट में मिक्स्ड टीम स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में भी शीर्ष सीड़िग हासिल की। प्रियांश (710), अमन सैनी (709) और ऋषभ यादव के 716 अंकों ने भारत को पुरुष टीम स्टैंड़िग में 2135 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया। वे तुर्की (2127) और दक्षिण कोरिया (2124) से आगे रहे। ज्योति (715), परनीत कौर (702) और पर्दापण कर रहीं 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप (699) ने भारत को महिला टीम में 2116 अंकों के साथ शीर्ष सीड़िग दिलाई। वे मेक्सिको (2108) और दक्षिण कोरिया (2095) से आगे



# पेड़ लगा मां की तरह करें देखभाल: बृजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह द्वारा एक पेड माँ के नाम 2.0 वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के तहत त्रिवेणी (पीपल, बरगद, नीम) का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारम्भ किया गया।



कृषि विज्ञान केन्द्र, राधा विहार कालोनी नुमाईश कैम्प में राज्य मंत्री, महापौर, विधायक सदर, नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, महानगर अध्यक्ष भाजपा, नगर आयुक्त एवं डीएफओ द्वारा सहजन भण्डारा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी तथा छात्र-छात्राओं को सहजन के पौधों का वितरण किया गया। राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम का आवाहन एवं मुख्मयंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश को हरा-भरा करने के संकल्प को पूरा करने हेतु प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा रोपित कर उसकी सुरक्षा करे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में माँ का स्थान सर्वोच्च रखा गया है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति माँ को समर्पित करते हुए कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं एवं उसकी देखभाल अपनी माँ की तरह करे। महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि पौराणिक, आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। वृक्ष लगाने के साथ-साथ जरूरी है कि उसे संरक्षित भी किया जाए। उन्होंने छात्रों से कहा कि पौधों की सेवा ऐसे करें जैसे अपनी माँ की करते है। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश भर में वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 37 करोड़ पौधे रोपित किए जा रहे है। सचिव राजस्व विभाग एवं जनपद में वृक्षारोपण हेतु सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी रामकेवल ने रूद्राक्ष का पौधा रोपित किया और कहा कि धरती को जीव-जंतुओं के रहने योग्य बनाए रखने के लिए पेड-पौधों का होना अत्यन्त आवश्यक है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पौधारोपण महाअभियान के तहत रूद्राक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने मौलश्री का पौधा रोपित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद सहारनपुर में सभी विभागों द्वारा 4494400 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएफओ शुभम सिंह ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को स्मृति चिन्ह के रूप में गणेश जी की प्रतिमा एवं पौधे भेंट किए। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा भी पौधारोपण किया गया।

# कांवड़ियों के लिए क्यूआर कोड का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** कांवड यात्रा 2025 को सकुशल एवं सुविधाजनक सम्पन्न कराने हेतु मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने जिलाधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में कांवड यात्रियों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड का लोकार्पण किया।



मण्डलायुक्त श्री राय ने बताया कि जिलाधिकारी सहारनपुर एवं इनकी टीम द्वारा विकसित किया गया क्यूआर कोड कांवड़ यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत बहुत की सराहनीय कार्य है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से कांवड़ियों को अपने नजदीकी शौचालय, चिकित्सा शिविर, पानी एवं पैट्रोल स्टेशन, ढाबा एवं रेस्टोरेंट, थाना चौकी, कांवड मार्ग एवं कांवड शिविर सहित हेल्पलाईन नम्बरों की भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने इस कार्य के लिए जिलाधिकारी सहारनपुर एवं उनकी पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह क्यूआर कोड जनपद के मुख्य कांवड़ मार्ग, सभी शिविरों, सभी साईनजों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएंगे जिससे एक क्लिक या स्कैन करने पर कांवडियों को सभी सुविधाओं की जानकारी अपने मोबाईल पर प्राप्त हो जाएंगी। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि कांवड यात्रा के दौरान अन्य जनपदों एवं राज्यों के श्रद्धालु जनपद सहारनपुर से होकर गुजरते है। उन सभी को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराने हेतु यह पहल की गयी है। इसके माध्यम से कांवड़ियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी आसानी एवं जल्दी से किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, एसपी यातायात सिद्धार्थ वर्मा, उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

# उ.प्र. महापौर परिषद के महासचिव बने डा. अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश महापौर परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश गौतम ने सहारनपुर के महापौर डॉ. अजय कुमार को उत्तर प्रदेश महापौर परिषद का महासचिव मनोनीत किया है।



इस मनोनयन पर जहां अनेक पार्षदों और शहर के गणमान्य लोगों ने महापौर डॉ. अजय को हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है, वहीं महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा है कि इससे उनका दायित्व और अधिक बढ़ गया है। प्रदेश महापौर परिषद का महासचिव मनोनीत होने पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों के नेतृत्व में निगमों में विकास का कार्य तेजी से हो रहा है। महानगरों की दशा और दिशाएं बदल रही हैं। शहरों में हरियाली बढ़ने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति हुयी है। उन्होंने कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गयी है। महापौर डॉ. अजय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में उ.प्र. महापौर परिषद को और अधिक सक्रिय किया जायेगा। उपसभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद दल नेता दिग्विजय चौहान सहित अनेक पार्षदों व भाजपा नेताओं, व्यापारियों एवं बुद्धिजीवियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए महापौर डॉ. अजय को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# बीएसएनएल कर्मियों व पेंशनर्स का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बीएसएनएल सेवायूनियनों एनएफटीई और बीएसएनएलईयू के कर्मचारियों व सदस्यों द्वारा उप महाप्रबंधक कार्यालय, बीएसएनएल, मिशन कंपाउंड के समक्ष एक शांतिपूर्ण व जोशीला प्रदर्शन आयोजित किया गया।



यह प्रदर्शन देशभर में केंद्रीय श्रमिक संघों द्वारा आहूत भारत बंद का अंग था, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर उठाई गई मांगों क समर्थन में जनजागरण करना था। कर्मचारियों ने नारेबाजी और शांतिपूर्ण सभा के माध्यम से सरकार की श्रमिक-विरोधी नीतियों के विरुद्ध अपनी एकजुटता दर्जकी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कॉम. सोमपाल सैनी, कॉम. अंसार अली, कॉम. नीरज शर्मा, कॉम. प्रदीप शर्मा, कॉम. कल्याण सिंह, कॉम. अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में बीएसएनएल कर्मचारीउपस्थितरहे।

इस प्रदर्शन को अखिल भारतीय बीएसएनएल पेंशनर्स एसोसिएशन का पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ। पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों कॉम. भगवती प्रसाद, कॉम. विजयपाल सिंह, कॉम. कल्याण सिंह, कॉम. बलचंद्र, कॉम. के एल टक्कर, कॉम. शेरसिंह, कॉम. कांता प्रसाद सहित कई अन्य पेंशनधारकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और वर्तमान व पूर्व कर्मचारियों की एकता को बल दिया।

इस दौरान किसन यूनियन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य चौधरी जितेंद्र कुमारने भी आंदोलन को अपनासमर्थन दिया।

# कांवड़ मार्गों का निरीक्षण

**बेहट।** हरिद्वार गंगा जल लेने जाने वाले शिव भोलो की सुरक्षा एवं सुविधाओं के प्रति स्थानीय प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। एस डी आम मानवेन्द्र सिंह एवं सीओ मुनीश चंद्र ने कावड़ यात्रा को लेकर कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया गया और कावड़ मार्ग पर सड़कों पर हो रहे गड्ढों की मरम्मत को लेकर केअधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि आगामी 11 जुलाई को कावड़ यात्रा प्रारम्भ हो रही है।कावड़ यात्रा के बीच में पड़ने वाले कावड़ मार्गों पर सड़क किनारे अतिक्रमण और सड़क पर बने गड्ढों को भरवाने को लेकर आज एस डी एम मानवेन्द्र सिंह, सीओ मुनीश चंद्र ने कोतवाली इंस्पेक्टर सूबे सिंह को साथ लेकर इलाके मे पड़ने वाले कावड़ मार्गों कल सिया फतेहपुर मार्ग पर बरौली, संसारपुर मुजफ्फराबाद खुजनावर आदि गांव तिराहों और सड़क किनारे बस स्टेंड आदि का निरीक्षण किया गया और जिन मार्गों पर गड्ढे है बरसात के कारण हुए है उनको भरवाए जाने के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए इस के अलावा गांव में बस स्टैंड पर दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश पुलिस को दिए गए है इस के अलावा मुख्य कावड़ मार्गों के तिराहे पर प्रकाश व्यवस्था के लिए स्थानों को चिन्हित किया गया है।

कावड़ मार्गों के निरीक्षण के संबंध मे एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है।कावड़ मार्गों पर बने गड्ढों को भरवाकर सड़क की समतल कराया जा रहा है। कावड़ मार्गों पर पड़ने वाले तिराहों पर राजस्व एवं पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी।

# फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**चिलकाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पटना उर्फ नया बांस में एक अधेड़ व्यक्ति का शव फंदे से लटका हुआ मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जानकारी के मुताबिक अधेड़ व्यक्ति द्वारा मानसिक तनाव में आकर अपने घर पर ही रस्सी के फंदे पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त की गई है।

मंगलवार को देर शाम के समय ग्राम पटना निवासी करीब 60 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति बालेन्द्र पुत्र कलम सिंह ने मानसिक तनाव के चलते हुए घर पर रखी हुई रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना के समय उसका परिवार व बच्चे हरियाणा में थे। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलवाया गया।

# प्रकृति संरक्षण हमारा कर्तव्य: मांगेराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** उत्तर प्रदेश सरकार की अभिनव योजना एक पेड़ माँ के नामष के अंतर्गत क्षेत्र मे विभिन्न स्थानो पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर सागौन, सहजन, जामुन, पीपल, बरगद, शीशम, नीम आदि प्रजाति के पौध रोपित किए गए।



जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम द्वारा लाखनौर में नागल सहारनपुर मार्ग पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि हम सबका यह नैतिक कर्तव्य है कि हम प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। 'एक पेड़ माँ के नाम' केवल एक योजना नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अपर मुख्य अधिकारी चन्द्र वीर सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, अजब सिंह, ममता चौधरी, मुकेश कुमार, सतेंद्र वैदिक, सुनील चौधरी, रविंद्र काका, आशीष कुमार, जगमाल सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पेड़ हमारे जीवन का आधार: मुकेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान की चुनौती के बीच नकुड़ में एक अनुकरणीय तथा भावनात्मक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मुकेश चौधरी ने पौधा रोपकर किया। इस दौरान सैकड़ों स्कूली छात्र छात्राओं ने मां के नाम एक वृक्ष लगाकर समाज के सामने पर्यावरण संरक्षण की सशक्त मिसाल पेश की।



कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार, तहसीलदार प्रियांक सिंह, परियोजना अधिकारी प्रणय कृष्ण, एडीओ पंचायत विकास कुमार, लेखपाल अमित कुमार, विद्यालय के प्रबंधक सरस कुमार गोयल, प्रबंध समिति सदस्य बिजेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा, प्रभारी सलीम मोहम्मद सहित शिक्षा विभाग तथा प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक मुकेश चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन देने वाले नहीं, जीवन को संजीवनी देने वाले स्रोत हैं। प्रकृति और मानवता के मध्य यह रिश्ता तभी सुरक्षित रह सकता है जब हम पेड़ लगाएं तथा उन्हें जीवित रखें। प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में मां के नाम एक वृक्ष योजना के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा लगाने और उसकी देखरेख का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि उक्त पहल बच्चों को केवल हरियाली से ही नहीं, मां और प्रकृति दोनों के प्रति संवेदनशीलता से भी जोड़ती है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सुभाष गुप्ता ने किया।

अनुज कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप सिंह, संजय कौशिक, संजय राणा, संध्या सिंह, सहेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बिजली कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर बुधवार को बिजली कर्मचारियों ने धरना देकर सांकेतिक हडताल की।

घंटाघर स्थित बिजलीघर पर आंदोलनकारियों ने कहा कि देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की। उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने कार्यालय स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने आज यहां जारी बयान में कहा है कि भारत सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में खास कर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की।

# प्रकृति संरक्षण में निभाएं अपनी अहम जिम्मेदारी: अभिषेक



**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि पेड लगाने से पर्यावरण संरक्षित होता है और इसे हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

डीआईजी ने यह बात परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में पौधारोपण करने के दौरान कही। उन्होने कहा कि हम सबका यह नैतिक कर्तव्य है कि हम प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। 'एक पेड़ माँ के नाम' केवल एक योजना नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है।

# प्रदेश सचिव इसरार का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के प्रदेश सचिव व रामपुर मनिहारान विधानसभा के प्रभारी इसरार चौधरी का पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया



स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राहुल भारती ने कहा कि सपा सभी धर्म वर्गों की पार्टी है सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाता है इसपर चौधरी के प्रदेश सचिव व रामपुर मनिहारान विधानसभा प्रभारी बनने से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। सपा जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का शुक्रिया अदा किया। सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अयाज उस्मानी का भी भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को कर्म सिंह राष्ट्रीय महासचिव सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, श्रीमती मंजू रानी राष्ट्रीय सचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ,श्रीमती सुरैया खान प्रदेश सचिव महिला सभा, विशाल यादव हसीन कुरैशी जिला उपाध्यक्ष, राजकुमार बाल्मिकी, गुलशन खान महानगर अध्यक्ष महिला सभा, मुमताज देवबंदी, इस्लाम देवबंदी, कुलदीप हंस बाल्मिकी, नौशाद अंसारी, अदनान पहलवान, इम्तियाज खान, पुष्पेंद्र प्रमुख, जुमला सिंह, फुरकान त्यागी, वेदपाल पटनी आदि ने स्वागत किया।

# अधिवास कराया

**चिलकाना।** गांव धोलाहेडी के श्री बालाजी धाम परिसर में गुरु गोरखनाथ, भैरवनाथ तथा मां काली की मूर्ति की स्थापना के कार्यक्रम के दूसरे दिन पूजन एवं मूर्तियां का अधिवास कराया गया।

बुधवार को पंडित राजेंद्र कुमार शर्मा, पंडित रामशरण शर्मा, पंडित रविंद्र कुमार शर्मा तथा पंडित राजेश कुमार शर्मा की देखरेख में प्रात:कालीन पूजन संपन्न हुआ। पूजन के उपरांत आरती संपन्न हुई। पूजन तथा आरती के बाद गोरखनाथ, भैरवनाथ तथा मां काली की मूर्तियां का अन्नाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास, पुष्पाधिवास तथा मिष्ठानाधिवास कराया गया। परिसर में पंडितों द्वारा सामूहिक रूप से मंत्रों का जाप किया जा रहा है।

बालाजी धाम के संस्थापक भगत ओपिन महाराज ने बताया कि 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा को गुरु गोरखनाथ की मूर्ति की स्थापना की जाएगी।

# बढ़ा टैक्स निरस्त किए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर पंचायत द्वारा सर्वे के बाद बढ़ाए गए टैक्स को लेकर क्षेत्र के लोगों ने विरोध जताते हुए बढ़ाए गए टैक्स को निरस्त किए जाने की माँग की है।

पूर्व सभासद हाजी मंसूर के निवास पर बीती रात आयोजित बैठक में हाजी मंसूर कुरैशी ने कहा कि सरकार और नगर पंचायत द्वारा बढ़ाया गया ग्रहकर पूरी तरह से अनुचित है जो महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रहे आम आदमी पर भारी बोझ साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार और नगर पंचायत को बढ़े टैक्स को निरस्त कर पुरानी व्यवस्था बहाल करनी चाहिए।

रविंद्र चौधरी ने कहा कि बढ़ा टैक्स आम गरीब आदमी के लिए एक समस्या की तरह होगा।उन्होंने कहा कि जनहित में नगर पंचायत बोर्ड को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिएं क्योंकि जनता ने उन्हें वोट देकर कुर्सी पर बैठाया है।उन्होंने कहा कि हमारा किसी से कोई विरोध नहीं है लेकिन जनता के पक्ष में खड़े जनप्रतिनिधि जनता को दिखाई भी देने चाहिएं। अन्य वक्ताओं ने भी बढ़े टैक्स को तत्काल निरस्त कर पुरानी व्यवस्था बहाल किए जाने की माँग की।

इस दौरान सुशील कश्यप, मुखिया कश्यप,संदीप कश्यप, जाहिद कुरैशी, अजय कुमार, यासीन, हाजी इकराम, अमीर हसन, रविश, मुजम्मिल आदि मौजूद रहे।

# हत्यारों को फांसी व मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** 15 वर्षीय छात्र प्रिंस की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस पर आरोप लगाते हुए निषाद पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन कर हत्यारों को फांसी व मुआवजे की मांग की है।



गांव डालेवाला में 15 वर्षीय इंटरमीडिएट छात्र प्रिंस कश्यप की हत्या के मामले में स्थानीय पुलिस की कथित लापरवाही को लेकर बुधवार को जनाक्रोश फूट पड़ा। निषाद पार्टी के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर हत्या में संलिप्त अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कोतवाली पर धरना देकर पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं दिखा पा रही है। उन्होंने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने तथा आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में महिलाओं की भी भागीदारी रही जिन्होंने प्रशासन की निष्क्रियता को शर्मनाक बताया। प्रिंस की मां कांता देवी का कहना है कि सोमवार की शाम को किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर उसके बेटे को घर से बुलाया था। रात 9 बजे तक जब वह नहीं लौटा, तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन वह नहीं मिला। अगले दिन मंगलवार सुबह गांव से लगभग 500 मीटर दूर एक खेत में उसका रक्तरंजित शव पड़ा मिला। छात्र की बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या की गई थी। प्रिंस कक्षा 11 का छात्र था। हालांकि पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए गए युवक से कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं।

## सम्पादकीय

गुरुवार, 10 जुलाई 2025

# ब्रिक्स देशों को धमकी

अमेरिका फर्स्ट की नीति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरी तरह से एक तरह का भूत सवार है। वह किसी भी मंच से अमेरिका की जरा सी भी आलोचना को सहन करने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। अब तो उन्होंने ब्रिक्स देशों को ही सीधे निशाने पर ले लिया है और उनको एक अगस्त से दस प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दे डाली। गत रविवार को हुई ब्राजील में ब्रिक्स देशों की बैठक में ट्रम्प की व्यापार नीति को लेकर आलोचना की गई थी। चीन ने तो खुलकर यह कहकर विरोध किया था कि व्यापार समानता पर आधारित होना चाहिए और इसमें किसी भी देश की एकतरफा मनमानी नहीं होनी चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को लेकर भी अमेरिका की आलोचना की गई थी कि वह उसके दबाव में काम करता है। जाहिर है, डोनाल्ड ट्रम्प यह आलोचना नहीं सुनने वाले और उन्होंने अब सीधे तौर से ब्रिक्स पर ही हमला बोल दिया और कहा कि ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह डाला कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए ही बनाया गया था। ट्रम्प ने धमकी दे डाली कि जो ब्रिक्स के सदस्य देश हैं, उनको दस फीसदी टैरिफ देना होगा।

इससे अमेरिका डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वालों को बड़ी कीमत चुकानी होगी। वह यह कहने से भी नहीं चूके कि डॉलर राजा है। हम इसे ऐसे ही रखेंगे। उन्होंने सदस्य देशों को चेताते हुए कहा कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वह कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। वह दंभई अंदाज में यह भी बोल गए कि उन्हें नहीं लगता कि उनमें से कोई वह कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत भी इस ब्रिक्स का सदस्य होने के चलते ट्रम्प की इस धमकी के दायरे में आ गया। ट्रम्प ने साफ कहा कि भारत को भी दस फीसदी टैरिफ देना होगा। किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। हालांकि ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार की बात को भी स्वीकारा और आशा जताई कि इस महीने ही या उनकी भारत यात्रा के दौरान एक व्यापारी समझौता हो सकता है और 2030 तक दोनों देश आपसी ट्रेड को 500 डॉलर तक पहुंचा देना चाहते हैं। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा कि अब तक सौ अरब डॉलर से ज्यादा का टैरिफ जमा हो चुका है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी हमला बोला और कहा कि पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता तो अमेरिकी लोगों का स्टैंडर्ड गिर जाता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि 1 अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे और इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। हालांकि उन्होंने हमेशा की तरह यह जरूर कहा कि अगर कोई देश उनसे अलग से बात करना चाहता है, तो उसके साथ अलग से डील हो सकती है। जाहिर है ट्रम्प के इस कदम से दुनियाभर का व्यापार प्रभावित होगा। जैसाकि कहा जाता है कि ट्रम्प खुद एक बड़े व्यापारी हैं इसलिए व्यापार पर जोर दे रहे हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, लेकिन जिस तरह का ट्रम्प आचरण कर रहे हैं और दूसरे देशों पर एक तरह से अपने फैसले थोंप रहे हैं, यह विश्व बिरादरी के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं।

## ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका



जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं, भाजपा पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं, ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो, कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की, कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गया।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोधी की है,यह बात छिपी नहीं है लेकिन वे खुल्लम खुल्ला भारत को चुनौती देने की अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे, यह हैरान करने वाली बात है। वे कभी भारत के खिलाफ तीसरे देश के हाथ की कठपुतली बन जाते हैं तो कभी भारतीय भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोक कर भारत को आंख दिखाते हैं। हद तो यह हो गई कि ओली अब भगवान राम के जन्म स्थान तक को नेपाल में होने का दावा कर रहे हैं। ओली के वे सिर पैर के दावे पर नेपाल के ही एक टिप्पणी कार ने कहा इस पर गौर कर दिमाग खपाने से बेहतर है कि भारत बेफिक्र ही रहे।

ओली के इस तरह अनाप-शनाप बकवास के पीछे का एक सच यह है कि वे नेपाल की राजनीति में निष्प्रयोज्य होते जा रहे हैं। अभी वे गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री हैं और उस दल के (नेपाली कांग्रेस) गठबंधन में हैं जो अपेक्षाकृत हिंदूवादी है और उसके भारत के हिंदूवादी नेताओं से अच्छे संबंध है। ऐसे में ओली को यह डर सताता रहता है कि भारत अपने समर्थक दल नेपाली कांग्रेस को पेंच जरा सा भी कस दिया तो उनकी कुर्सी गई। इस डर के बीच ओली नेपाल की राजनीति में कम्युनिस्ट होते हुए ही हिंदुत्व कार्ड खेलने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिए हैं। जाहिर है भगवान राम भारत और नेपाल में समान रूप से सर्वमान्य और पूज्यनीय हैं। भगवान राम का ससुराल जनकपुर में है जो नेपाल में स्थित है। यह माता सीता का मायका है। इस रिश्ते की वजह से ही भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी जैसे संबंध को प्रगाढ़ता मिली है जो आज भी कायम है।

नेपाल में इन दिनों राज संस्था और हिंदू राष्ट्र की मांग जोर शोर से चल रही है। आने वाले चुनाव में नेपाल में दो ही मुद्दे हावी रहेंगे। एक गणतंत्र और धर्मनिरपेक्ष दूसरे राजशाही और हिन्दू राष्ट्र। ओली संभावित राजनीति की इस हवा को बखूबी समझ रहे हैं और इससे भयभीत भी हैं। यही वजह है कि वे कभी देश भक्ति का कार्ड खेलते हैं तो कभी हिंदुत्व का।

इस बार हिंदुत्व का कार्ड खेलते हुए ओली ने भगवान राम के नेपाल में जन्मने का राग अलापना शुरू किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के केंद्रीय पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ओली ने स्पष्ट लहजे में कहा कि प्रभु राम का जन्म नेपाल में ही हुआ है यह सच्चाई कहने में किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल के चितवन जिले के माड़ी में ही प्रभु राम का जन्म हुआ है। वह पवित्र स्थल राम की जन्मस्थली है। प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे यह बात कोई और कहे, यह कब तब चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है? ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है। उन्होंने कहा, राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां था-समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों? प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा, राम भगवान हैं या नहीं, यह हर किसी का व्यक्तिगत विश्वास है, लेकिन जो लोग भगवान राम को मानते हैं, उनके लिए राम की जन्मभूमि एक पवित्र स्थल है। ओली ने कहा अगर सच्चाई बोलने से कोई नाराज होता है तो वह होता रहे।

प्रधानमंत्री ओली ने यह भी दावा किया कि भगवान शिव, ऋषि विश्वामित्र और कौशिक ऋषि भी नेपाल के ही हैं। उन्होंने कहा, शिव यहीं के हैं, विश्वामित्र यहीं के हैं। यह रामायण में खुद लिखा है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि वाल्मीकि कृत रामायण में उल्लेख है कि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को कोशी नदी पार करके पश्चिम दिशा में यानी नेपाली भूभाग में ही शिक्षा दी थी। यह रामायण में यह लिखा गया है। वाल्मीकि रामायण में यह वर्णित है कि कोशी नदी पार करके विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को शिक्षा दी। इससे स्पष्ट है कि विश्वामित्र चतरा नेपाल के थे।

इतना ही नहीं उन्होंने नेपाल पर्यटन बोर्ड से कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली का डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं को नेपाल आने के लिए आकर्षित किया जाय। ओली ने कहा कि नेपाल के धार्मिक स्थलों का प्रचार बिल्कुल आधुनिक तरीके से और आक्रामक ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि धर्म में विश्वास करना या न करना हर व्यक्ति का स्वतंत्र अधिकार है, लेकिन भगवान राम नेपाल में जन्मे थे और सीता का निधन भी यहीं हुआ था, जैसी बातों का ग्रंथों में उल्लेख है, इसे पूरी दुनिया में प्रचारित करने से डरने की जरूरत नहीं है। इसके पहले ओली जब भारत के उत्तराखंड में स्थित काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नामक पहाड़ी क्षेत्र को अपने भू भाग का हिस्सा बताते हुए भारत पर कब्जा करने का आरोप मढ़ते हैं तो इससे वे खुद को पक्का देशभक्त साबित करने की कोशिश करते हैं।

यह भू क्षेत्र उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा है। दर असल यह भू क्षेत्र भारत, नेपाल और चीन सीमा पर स्थित है जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाक. ाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को काला पानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

1816 में अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की गई थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हिस्सा माना गया। काली नदी के उद्गम स्थल को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत नदी के पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है जबकि नेपाल पश्चिमी धारा को काली नदी का उद्गम स्थल मानता है। इसी आधार पर दोनों देश काला पानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं। ए तीनों इलाके 370 वर्ग किमी में फैले हुए हैं। यहां रहने वाले लोगों की नागरिकता भारतीय है। काला पानी भारत, तिब्बत और नेपाल के बीच ट्राई-जंक्शन पर है। यह क्षेत्र सामरिक तौर पर इतना महत्वपूर्ण है कि यहां से भारत का चीनी सेना पर नजर रखना आसान है। भारत ने पहली बार 1962 के युद्ध में यहां सेना तैनात की थी। अभी भी यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस तैनात है। लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड को तिब्बत से जोड़ता है। भारत से मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्री लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरते हैं। 1962 में चीन के हमले के बाद भारत ने लिपुलेख दर्रे को बंद कर दिया था। 2015 में चीन के साथ व्यापार और मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए इसे दोबारा खोला गया। मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किमी लंबी नई सड़क का उद्घाटन किया था, जिसे लेकर नेपाल ने नाराजगी जताई थी। अंग्रेजों के साथ संधि के करीब 100 साल बाद तक इस इलाके को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। यहां तक कि भारत ने 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने के लिए इस इलाके में अपनी सेना तक तैनात कर दी थी। अभी भी इस इलाके के कई हिस्सों में भारतीय सेना तैनात है। फिर ओली इस दुर्गम इलाके को अपना बताते हैं। सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी है



श्री श्री परमहंस योगानंद

**जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं।**

नेहा प्रकाश

गुरु वह अनन्त द्वार है जिसके माध्यम से ईश्वर हमारे जीवन में प्रवेश करते हैं। तथा यदि हम अपनी इच्छा और चेतना को गुरु के साथ समस्वर नहीं करते हैं तो सम्भवत: ईश्वर भी हमारी सहायता नहीं कर सकते। आजकल लोग ऐसा मानते हैं कि शिष्यत्व स्वेच्छापूर्वक गुरु को अपनी स्वतंत्र इच्छाशक्ति समर्पित करने के समान है परन्तु गुरु की सार्वभौमिक करुणा के प्रति निष्ठा निश्चित रूप से दुर्बलता का प्रतीक नहीं है।

स्वामी युक्तेश्वरजी ने कहा था, इच्छा की स्वतंत्रता पूर्वजन्म और जन्मोत्तर की आदतों या मानसिक भावनाओं के अनुसार कार्य करने में निहित नहीं है परन्तु, सामान्य मनुष्य अपना दैनिक जीवन वस्तुत: अपनी इच्छाशक्ति का रचनात्मक प्रयोग किए बिना ही व्यतीत करते हैं संकट में, दु:ख में और यहां तक कि आनन्द में भी।

स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ है अपने अहंकार से मुक्त जीवन जीना। यह तभी सम्भव है जब हम अनन्त ज्ञान, सर्वसमावेशी चेतना, सर्वव्यापी प्रेम पर ध्यान करते हैं, जिसे शिष्य एक सच्चे गुरु की शिक्षाओं के माध्यम से अनुभव कर सकते हैं। गुरु शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'गु' का अर्थ है अन्धकार और 'रु' का अर्थ है समाप्त करना या भंग करना।

गुरु जन्म-जन्मान्तर तक हमारे हाथों को थामे रखते हैं जब तक कि हम माया की अन्धकारपूर्ण गलियों को पार कर अपने वास्तविक निवास अर्थात आत्मज्ञान में स्थित होकर सुरक्षित नहीं हो जाते, तो कोई व्यक्ति सच्चे गुरु को कैसे प्राप्त कर सकता है? ऐसा कहा जाता है कि गुरु को हम नहीं खोजते हैं, अपितु स्वयं गुरु ही हमें खोज लेते हैं।

जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं। ऐसे गुरु ईश्वर के द्वारा निर्धारित होते हैं। वे ईश्वर के साथ एकाकार होते हैं और उन्हें धरती पर ईश्वर के एक प्रतिनिधि के रूप में उपदेश देने की ईश्वरीय स्वीकृति प्राप्त होती है। गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं। माया के सागर को पार करने के लिए शिष्य गुरु-प्रदत्त साधना का अनुसरण करके ज्ञान की अपनी जीवनरक्षक नाव का निर्माण करता है।

परमहंस योगानन्द एक ऐसे ही सच्चे गुरु थे जो दिव्य गुरुओं की परम्परा से थे और जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग के ज्ञान का प्रसार करने की दिशा में कार्य किया। क्रियायोग आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने के सर्वोच्च मार्गों में से एक है। अपने आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, योगी कथामृत में, जिसने लाखों व्यक्तियों के जीवन को उन्नत किया है, योगानन्दजी लिखते हैं कि क्रियायोग एक मनोदैहिक प्रणाली है जिसके द्वारा मानव रक्त को कार्बन से मुक्त और ऑक्सीजन से संचारित किया जाता है। इस अतिरिक्त ऑक्सीजन के परमाणु प्राणधारा में परिणत हो जाते हैं जिसके द्वारा योगी ऊतकों के क्षय को नियन्त्रित और यहां तक कि रोक भी सकता है। आध्यात्मिक प्रगति की ऐसी शक्तिशाली पद्धति को मानवजाति के साथ साझा करना आवश्यक था और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए योगानन्दजी ने अपने गुरु स्वामी युक्तेश्वरजी के आदेश से सन् 1917 में रांची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) और सन् 1920 में लॉस एंजेलिस में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की। सत्य के साधकों के लिए एसआरएफ और वाईएसएस से आत्म-साक्षात्कार गृह-अध्ययन पाठमाला के माध्यम से क्रियायोग की शिक्षाएं उपलब्ध हैं।

ऐसा माना जाता है कि यदि किसी श्रद्धावान व्यक्ति की लालसा गहन और ईश्वर को जानने की तड़प अथक है, तो एक सच्चे गुरु स्वयं ही अपने शिष्य का मार्गदर्शन करने के लिए आते हैं। यह एक सच्चे गुरु का दिव्य वचन है। गुरु चाहे भौतिक शरीर में हों या न हों, वे सदैव उस शिष्य के निकट रहते हैं जो उनके साथ समस्वर होता है, क्योंकि एक सच्चे गुरु की चेतना शाश्वत होती है। सन्त कबीर के शब्दों में, ह्वह शिष्य अत्यन्त सौभाग्यशाली होता है जिसने एक सच्चे गुरु को खोज लिया है।

# पत्रकारिता की नाक काटने पर तुला गोदी मीडिया



निर्मल रानी

यदि आप गोदी मीडिया से जुड़े भोंपू टीवी चैनल्स पर टी आर पी केंद्रित चोंच लड़ाने व उत्तेजना पैदा करने वाली डिबेट देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जिस दिन गोदी मीडिया के इन टीवी एंकर्स को किसी न किसी डिबेट के सहभागी या दर्शकगण के बीच बैठे किसे जागरूक व्यक्ति के हथाथों घोर अपमान न सहना पड़ता हो। जनता के बीच तो यह लोग अब जाने से ही डरते हैं क्योंकि वहां भी कई बार इन्हें अपमानित होकर वापस आना पड़ा है। स्वयं के सेलेब्रेटी होने का भ्रम पाले ऐसे कई पत्रकारों को कई बार जनता धक्के देकर भगा चुकी है। आखिर क्या कारण है कि पत्रकारिता जैसा पवित्र व जिम्मेदार पेशा अब इतना बदनाम हो गया है कि गोदी मीडिया से जुड़े वर्तमान भोंपू व पक्षपातपूर्ण एवं झूठी रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों का बर्ताव व उनका मनोभाव देखकर लोग अपने बच्चों को पत्रकारिता सिखाने से परहेज करने लगे हैं?

आम लोग बड़े ही भरोसे के साथ टी वी देखते व पत्र पत्रिकाएं पढ़ते हैं। पत्रकारों का एक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय नेटवर्क जगह जगह के ताजा हालात के बारे में अपने अपने मीडिया संस्थान को पूरी जिम्मेदारी के साथ अवगत कराता है। इसी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित कर देश दुनिया को किसी घटना की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मीडिया सरकार व समाज के दर्पण का भी काम करता है। सत्ता से उसकी नाक. ामियों पर सवाल पूछता है परन्तु गत दस वर्षों से तो यही मीडिया न केवल सरकार का वफादार भोंपू बन चुका है





बल्कि उल्टे सत्ता से सवाल करने वालों को ही कटघरे में खड़ा कर रहा है। यह सत्ता के बजाए विपक्ष से सवाल करने को ही पत्रकारिता समझता है। गोदी मीडिया सरे आम सांप्रदायिक एजेंडा परोसता है और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने में अपनी मुख्य भूमिका अदा कर रहा है।

पत्रकारिता को शर्मसार करने वाले ऐसे ही दलाल किस्म के पत्रकारों पर न जाने कितने मुकदमे चल चुके हैं और कई पर तो अभी भी चल रहे हैं। देश की अदालतें ऐसे टी वी चौनल्स व पत्रकारों को कई बार डांट फटकार लगा चुकी हैं। अभी पिछले ही दिनों रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि का मामला दायर कर दिया। अर्नब गोस्वामी ने ऑपरेशन सिंदूर की रिपोर्टिंग के समय कांग्रेस पार्टी को राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ी होने वाली पार्टी बताकर कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी। रिपब्लिक टीवी वही न्यूज चैनल है जिसकी स्थापना मई 2017 में अर्नब गोस्वामी व भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से की थी। राजीव चंद्रशेखर उद्यमी होने के साथ साथ वर्तमान में भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष होने के अलावा पूर्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, उद्यमिता व जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री भी हैं। उधर अर्नब गोस्वामी की तारीफ यह है कि इन्हें 4 नवम्बर 2020 को 53 साल के एक इंटीरियर डिजाइनर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके अलावा भी गोस्वामी के विरुद्ध कई आपराधिक और सिविल मामले दर्ज किए गए थे। इनमें मानहानि, उकसाने, गलत सूचना फैलाने और अन्य संबंधित आरोप शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुंह पर कालिख पोतने वाला ऐसा दागदार व्यक्ति अब यह प्रमाण पत्र बांट रहा है कि कौन सा व्यक्ति व दल राष्ट्र भक्त है और कौन राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ा है?

कुछ दिन पहले ऐसे ही किसी एजेंडा पत्रकार ने पूरी पत्रकार बिरादरी को उस समय जलील किया जब उसने भारत की अंतर्राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व निदेशक अमरजीत सिंह दुलत का साक्षात्कार किया और उस दौरान उसने दुलत से एक अप्रासंगिक प्रश्न पूछ लिया। उसने पूछा कि कुछ दिन पहले आप पाकिस्तान गए थे? इस सवाल पर पहले तो दुलत ने पूछा की यह किसने बताया आपसे? जवाब न मिलने के बाद वे खड़े हो गए और निकालो इसको साले को...। मालूम है मैं कौन हूं? इसी तरह पिछले दिनों जी न्यूज और CNN-News18 के विरुद्ध पुंछ की अदालत ने एफआईआर का आदेश दिया तथा प्रत्येक पर 5 करोड़ रूपए का जुर्माना सुनाया। मामला यह था कि 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पुंछ में पाकिस्तानी हमले में कारी मोहम्मद इकबाल नामक एक सज्जन व्यक्ति शहीद हो गए थे। उस समय 'मम्छु़ी' और CNN news 18 जैसे चैनल बड़ी ही बेशर्मी से इकबाल को आतंकवादी बता रहे थे तथा बिना किसी सबूत के यह दावा कर रहे थे कि कारी मोहम्मद इकबाल का सम्बन्ध लश्कर-ए-तैयबा से था, जबकि वे स्थानीय लोकप्रिय समाजसेवी थे तथा राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। मरणोपरांत उनकी छवि बिगाड़ने, फर्जी व अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए ही अदालत ने इन चैनल्स पर 5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। निश्चित रूप से यह पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता के मुंह पर जोरदार तमाचा है। यह कैसा गैर जिम्मेदार मीडिया है कि दुश्मन की गोली से शहीद होने वाले अपने ही देशवासियों को आतंकवादी बता रहा है?

याद कीजिए 14 जून 2020 का वह दिन जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली थी परन्तु आत्महत्या करने के बाद उसके परिवार वालों ने सुशांत की मित्र अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को इस तरह कटघरे में खड़ा कर दिया था गोया रिया चक्रवर्ती पर दोष मढ़ने के लिए मीडिया के पास सारे सुबूत मौजूद हों। उस दौरान इसी मीडिया ट्रायल की वजह से रिया को 27 दिनों तक जेल में भी रहना पड़ा था।

रिया चक्रवर्ती पर न केवल न केवल सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था बल्कि उस पर 15 करोड़ की हेराफेरी का भी आरोप लगाया गया था। यहां तक कि इस मामले में ड्रग्स के एंगल से भी जांच की गई थी परन्तु पिछले दिनों इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अदालत में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। सीबीआई की इस रिपोर्ट में अभिनेता की मौत के मामले में किसी साजिश से इनकार किया गया। गोया सीबीआई द्वारा रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट दे दी गई। इस रिपोर्ट के फौरन बाद जी न्यूज के स्वामी सामने आए थे और उन्होंने अपने चौनल पर इस सम्बन्ध में गलत खबर चलाने के लिए मुआफी मांगी। परन्तु बेशर्म पत्रकारों ने मुआफी मांगने की भी जरुरत महसूस नहीं की? देश में जिस तरह मीडिया द्वारा बेशर्मी की सारी हदें पार की जा रही हैं उसे देखकर यही कहा जाएगा कि पत्रकारिता की नाक काटने पर तुला है गोदी मीडिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रजत जयंती वर्ष 25 YEARS 2000–2025 ... ढाई दशक का सुनहरा सफर


## दैनिक शाह टाइम्स के सभी विज्ञापनदाताओं, पाठकों व शुभचिंतकों को रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं


मुनेश कुमार
शंकर ईंट उद्योग
पता: चन्दैना कोली तल्हेडी बुजुर्ग

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

सचिन पुनिया
थाना प्रभारी फतेहपुर
जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

मौ. अतहर
भावी चेयरमैन प्रत्याशी
नगर पंचायत छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

डा. फैसल खान
लाईफ केयर हॉस्पिटल
गंदेवडा छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

नीरज पुंडीर
वरिष्ठ समाजसेवी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुजफ्फराबाद

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

अंकित वर्मा
जिला कार्यकारिणी सदस्य
भारतीय जनता पार्टी

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

इमरान अली
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत गंदेवडा ब्लाक पुंवारका, सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

सुलतान अहमद
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन तोमर
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम भटपुरा

फरमान अली
पूर्व प्रधन भटपुरा
भावी जिला पंचायत प्रत्याशी
वार्ड नंबर 3

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

चांदनी राठौर
वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेत्री

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

सुधीर प्रकार सैनी
ग्राम प्रधान
बादशाहपुर बिहारीगढ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

हरेन्द्र कश्यप
वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम पंचायत इस्माईलपुर, बिहारीगढ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

सईद अहमद त्यागी
व्यापार मण्डल अध्यक्ष
तल्हेडी बुजुर्ग

BRAIN DISCOVERY GLOBAL SCHOOL
Pathway to wisdom
ADMISSION OPEN
Pre- Nursery to Class 9
Day Boarding School
Run by Ex-DPS PRINCIPALS AND PROFESSORS

PROF. MOHAMMAD KAMIL
Free Meals, Tuition, Foundation Classes
Home work completed at school only
Enroll Now 9911002019, 9911002046
NH-344 Dehradun National Highway, Near Health Centre, Haroda, Saharanpur - 247769 U.P.

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद कुमार
थाना प्रभारी
गागलहेडी

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

धनराज सिंह
यूनिट हैड
दया शुगर मिल
गागलहेड़ी

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम शिक्षण संस्थान राष्ट्र देव इंटरनेशनल एकेडमी में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक के प्रवेश प्रारम्भ
शिक्षण संस्थान में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कंप्यूटर क्लास व उचित क्रीडा स्थल आदि की विशेष सुविधाएं उपलब्ध

शिवानी अग्रवाल
पता: तल्हेडी बुजुर्ग से पनियाली मार्ग, तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल
सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ।

चेयरमैन प्रमोद त्यागी
पता: तल्हेडी बुजुर्ग तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

विपिन कुमार
चौकी प्रभारी
तल्हेडी बुजुर्ग

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

बाबूराम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेगमपुर तल्हेडी बुजुर्ग

सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

अंकुर सैनी
(सभासद)
वार्ड नंबर 7
नगर पंचायत छुटमलपुर